वर्ष-07 · अंक 279
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
गुरुवार,16 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com


# स्वतंत्र प्रभात


epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा


लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड, देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित




मेरी पंचायत हरित पंचायत अभियान को मिली रफ्तार............... 3
मुख्यमंत्री आवास योजना से आजमगढ़ में पक्के आशियानों के साकार ..... 4
सेवानिवृत्ति प्रो. मंजूलता को दी गई भावभीनी विदाई..................... 11


# वाराणसी को मिली बड़ी सौगात

## एनएच-19 और रिंग रोड के बीच बनेगा छह लेन ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश के बुनियादी ढांचे, औद्योगिक विकास और कनेक्टिविटी को नई गति देने वाले कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने कुल 2,19,353 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दी है। इनमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी के लिए दो बड़े एलिवेटेड कॉरिडोर, रेलवे परियोजनाएं, यूरिया उत्पादन नीति और सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े अहम फैसले शामिल हैं। कैबिनेट ने राष्ट्रीय राजमार्ग-19 (एनएच-19) और वाराणसी रिंग रोड के बीच 46.039 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 14,447.64 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना में छह लेन का एलिवेटेड मुख्य मार्ग, अत्याधुनिक केबल-स्टे पुल, एक्स्ट्राडोज्ड फुट ओवर ब्रिज, लूप, रैंप, लिंक रोड तथा सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। इसे हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) के तहत विकसित किया जाएगा। इस परियोजना से वाराणसी शहर में यातायात का दबाव कम होगा और एनएच-19 से रिंग रोड तक निर्बाध आवागमन संभव हो सकेगा। यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाने के लिए कैबिनेट ने वरुणा नदी के किनारे 43.218 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर को भी मंजूरी दी है। यह कॉरिडोर एनएच-31 को वाराणसी रिंग रोड से जोड़ेगा। करीब 10,998.32 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में 6/4 लेन का एलिवेटेड मार्ग, फ्लाईओवर, लूप, रैंप और सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। इसका क्रियान्वयन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया जाएगा। दोनों परियोजनाओं पर कुल मिलाकर 25,445 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा, जिससे वाराणसी में ट्रैफिक जाम की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी और शहर की कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा। कैबिनेट ने ओडिशा में पारादीप-हरिदासपुर रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए 2,542 करोड़ रुपये तथा डांगोआपोसी-राजखरसावां रेलखंड पर चौथी लाइन बिछाने के लिए 1,365 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं से माल ढुलाई क्षमता बढ़ेगी और औद्योगिक परिवहन को गति मिलेगी। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 को भी मंजूरी दी। सरकार का लक्ष्य घरेलू स्तर पर यूरिया उत्पादन बढ़ाकर किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराना और आयात पर निर्भरता कम करना है। कैबिनेट ने सेमीकंडक्टर और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी है। सरकार का उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं से देश में बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और भारत को वैश्विक विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। विशेष रूप से वाराणसी की दोनों एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजनाएं शहर की यातायात व्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।



**यह कॉरिडोर एनएच-31 को वाराणसी रिंग रोड से जोड़ेगा। करीब 10,998.32 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में 6/4 लेन का एलिवेटेड मार्ग, फ्लाईओवर, लूप, रैंप और सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। इसका क्रियान्वयन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया जाएगा। दोनों परियोजनाओं पर कुल मिलाकर 25,445 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा, जिससे वाराणसी में ट्रैफिक जाम की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी और शहर की कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा।**

# युवा कौशल दिवस पर योगी सरकार का हुनरमंद युवाओं को सम्मान

## 'कौशलम' पुस्तिका का विमोचन, 11 युवा आइकॉन सम्मानित; कौशल प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** विश्व युवा कौशल दिवस-2026 के अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह 'कौशल से स्वावलंबन, स्वावलंबन से सम्मान' का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कौशल विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया, विभाग की 'कौशलम' पुस्तिका का विमोचन किया और विभाग द्वारा प्रशिक्षित 11 युवा आइकॉन को सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री को आईटीआई अलीगंज, लखनऊ के प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था, बेहतर बुनियादी ढांचा और निवेश के अनुकूल माहौल ने युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्किल इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' के विजन को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार युवाओं और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करा रही है। कौशल विकास केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण का आधार है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश के 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 12.50 लाख युवाओं को रोजगार मिला। वर्ष 2026-27 में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 94 लाख एमएसएमई इकाइयों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। योगी सरकार ने विभाग का बजट बढ़ाकर 3310 करोड़ रुपये कर दिया है। वहीं टाटा समूह के साथ 7000 करोड़ रुपये के सीएसआर समझौते के तहत प्रदेश की 225 आईटीआई को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), इलेक्ट्रिक व्हीकल, 3डी प्रिंटिंग, एडवांस सीएनसी, ऑटोमेशन और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आने वाले वर्षों में सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, ड्रोन, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल इकोनॉमी जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग ने ब्लू डॉट सॉफ्टवेयर, कौशल दिशा पोर्टल, कौशल दर्पण, कौशल दृष्टि, कौशल कॉल सेंटर और 24 घंटे उपलब्ध 'कौशल दोस्त' चैटबॉट जैसी डिजिटल सेवाएं भी शुरू की हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## रायबरेली में दर्दनाक सड़क हादसा, पुलिया से टकराई तेज रफ्तार कार; तीन की मौत

**रायबरेली।** लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में सिपाही और सेवानिवृत्त दीवान समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बछरावां थाना क्षेत्र के खैरहनी गांव के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। आशंका जताई जा रही है कि चालक को झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और पुलिया से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को हटाकर करीब दो घंटे बाद यातायात सामान्य कराया जा सका।

## 'एक देश-एक चुनाव' से मजबूत होगा लोकतंत्र : पीपी चौधरी

**लखनऊ।** संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष एवं सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि 'एक देश-एक चुनाव' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच है, जिसका उद्देश्य लोकतंत्र को अधिक मजबूत, प्रभावी और देशहित के अनुरूप बनाना है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था भारतीय संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ नहीं है, बल्कि देश में पहले भी सफलतापूर्वक लागू रह चुकी है। लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में पीपी चौधरी ने कहा कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। वर्ष 1968 में कुछ राज्यों में राष्ट्रपति शासन और पुनर्गठन के कारण चुनावी कैलेंडर प्रभावित हुआ, जबकि बाद में आपातकाल के दौरान लोकसभा का कार्यकाल बढ़ने से यह व्यवस्था पूरी तरह बदल गई। उन्होंने बताया कि 1983 में चुनाव आयोग, 2002 की समिति, 2015 की संसदीय समिति, 2018 में नीति आयोग तथा 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश कर चुकी हैं। पीपी चौधरी ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' केवल चुनावों के समय को एकीकृत करने का प्रस्ताव है और इससे संविधान के संघीय ढांचे या लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# नोएडा के ममूरा गांव में भीषण आग, दो की मौत

**इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में धमाके से हादसे की आशंका, 50 परिवारों को सुरक्षित निकाला गया**



**नोएडा(एजेंसी)।** गौतमबुद्ध नगर के नोएडा स्थित फेज-3 थाना क्षेत्र के ममूरा गांव में बुधवार को एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में हुए विस्फोट को माना जा रहा है। हादसे के समय इमारत में करीब 50 परिवार मौजूद थे, जिन्हें अग्निशमन विभाग और पुलिस ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद देखते ही देखते पूरी इमारत धुएं और लपटों से घिर गई। आग की चपेट में पार्किंग में खड़े कई वाहन भी आ गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की कई दमकल गाड़ियां और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और इमारत में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, आग की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान और अन्य नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में विस्फोट के बाद आग फैलने की आशंका जताई गई है। पुलिस और अग्निशमन विभाग घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया और वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रशासन को पूरी सतर्कता के साथ राहत कार्यों की लगातार निगरानी करने के निर्देश भी दिए। प्रशासन ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है, जबकि आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच जारी है। हादसे के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना रहा।

## उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय तीन दिवसीय प्रयागराज दौरे पर

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय 15 से 17 जुलाई तक तीन दिवसीय प्रयागराज एवं आगरा दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह राज्यपाल के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के अलावा दो विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उच्च शिक्षा मंत्री बुधवार शाम लखनऊ से प्रयागराज के लिए रवाना होंगे और रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। 16 जुलाई को वह प्रयागराज जंक्शन पर राज्यपाल का स्वागत करेंगे। इसके बाद प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजित नौवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के साथ प्रतिभाग करेंगे। 17 जुलाई को उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के उपरांत वह प्रयागराज जंक्शन पर राज्यपाल को विदाई देंगे।

# चाइनीज मांझे पर लगेगी सख्त लगाम

## नया कानून लाने की तैयारी

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जानलेवा साबित हो रहे चाइनीज मांझे के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नया कानून बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। सरकार ने बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ को बताया कि इस संबंध में एक सख्त विधेयक तैयार करने पर विचार किया जा रहा है, जिसमें चाइनीज मांझे से घायल होने वाले लोगों को मुआवजा देने का भी प्रावधान होगा। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि प्रस्तावित कानून का नाम 'उत्तर प्रदेश घातक मांझा (निर्माण, बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध) अधिनियम' रखा जा सकता है। इस कानून के जरिए चाइनीज मांझे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने का प्रयास किया जाएगा। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि चाइनीज मांझा अब ऑनलाइन माध्यमों से भी बेचा जा रहा है और इस संबंध में समाचार पत्रों में भी रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं। इस पर हाईकोर्ट ने पक्षकारों के अधिवक्ताओं को इस पहलू पर भी गंभीरता से विचार करने का निर्देश दिया।

खंडपीठ ने सरकार से कहा कि प्रस्तावित कानून को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि अगली सुनवाई से पहले विधेयक का ठोस प्रारूप सामने आ सके। सरकार ने यह भी बताया कि पुलिस अधिनियम में संशोधन पर विचार किया जा रहा है तथा चाइनीज मांझे के अवैध कारोबार के खिलाफ हाल ही में विशेष प्रवर्तन अभियान भी चलाया गया है।

# लखनऊ में बनेंगे दो नए ट्रांसपोर्ट नगर

## गोसाईगंज और आगरा एक्सप्रेसवे के पास होगी स्थापना

**लखनऊ(एजेंसी)।** राजधानी में बढ़ते ट्रैफिक और भारी वाहनों के दबाव को कम करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) दो नए आधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करेगा। इसके लिए गोसाईगंज और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के समीप वरुण नगर योजना में भूमि चिन्हित कर ली गई है। यह परियोजना स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) योजना के तहत विकसित की जाएगी। करीब 650 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इन दोनों ट्रांसपोर्ट नगरों के निर्माण के बाद शहर के भीतर भारी वाहनों का आवागमन काफी हद तक बंद हो जाएगा। इससे ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। वर्तमान में कानपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर शहर के बीचों-बीच आ जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। एलडीए ने दोनों परियोजनाओं के लिए 80 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की है। प्रत्येक ट्रांसपोर्ट नगर लगभग 40-40 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित किया जाएगा। यहां आधुनिक ट्रक पार्किंग, माल की लोडिंग-अनलोडिंग, गोदाम और लॉजिस्टिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# राहुल गांधी को मानहानि मामले में राहत, निगरानी याचिका खारिज

**सुल्तानपुर(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित विवादित टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। स्पेशल जज राकेश यादव की अदालत ने भाजपा नेता विजय मिश्र की ओर से दायर निगरानी याचिका खारिज करते हुए मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। अदालत के इस फैसले के बाद स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट में लंबित मानहानि मामले की सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।



स्पेशल जज ने अपने आदेश में कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट में अंतिम बहस की कार्यवाही को रोकने का कोई औचित्य नहीं है। अदालत ने माना कि परिवादी की निगरानी याचिका स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। यह मामला वर्ष 2018 में भाजपा नेता विजय मिश्र द्वारा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अमित शाह को लेकर कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया। सुनवाई के दौरान परिवादी पक्ष ने राहुल गांधी की आवाज का नमूना लेकर जांच कराने की मांग की थी। इस संबंध में दायर अर्जी को स्पेशल मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने 2 मई को खारिज कर दिया था। अदालत ने राहुल गांधी का जमानतनामा स्वीकार करते हुए मामले में अंतिम बहस आगे बढ़ाने का आदेश दिया था। मजिस्ट्रेट के इसी आदेश को चुनौती देते हुए विजय मिश्र ने एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में निगरानी याचिका दाखिल की थी। बुधवार को स्पेशल जज ने याचिका को निरस्त करते हुए स्पष्ट किया कि निचली अदालत के आदेश में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता। राहुल गांधी की आवाज के नमूने की जांच संबंधी मांग पहले स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट और अब एमपी-एमएलए कोर्ट दोनों स्तरों पर खारिज होने के बाद परिवादी पक्ष को लगातार दूसरा कानूनी झटका लगा है। अदालत के ताजा आदेश के बाद अब मानहानि मामले में अंतिम बहस की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# दिल्ली में मतदाता सूची पुनरीक्षण तेज अंतिम सूची 19 अक्टूबर को होगी जारी

## 98.57% मतदाताओं तक पहुंचे गणना फॉर्म, डिजिटाइजेशन की रफ्तार अब भी धीमी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गति देते हुए चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि अंतिम मतदाता सूची 19 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। अभियान के 15 दिन पूरे होने तक आयोग ने लगभग सभी पात्र मतदाताओं तक गणना फॉर्म पहुंचा दिए हैं, हालांकि फॉर्मों के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया अभी अपेक्षाकृत धीमी बनी हुई है। चुनाव आयोग की 14 जुलाई रात 8 बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी के 1,45,10,298 पंजीकृत मतदाताओं में से 1,43,02,626 (98.57 प्रतिशत) मतदाताओं तक गणना फॉर्म पहुंचाए जा चुके हैं। इसके मुकाबले अब तक केवल 17,66,553 फॉर्म ही ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज किए गए हैं, जो कुल मतदाताओं का 12.17 प्रतिशत है। यानी लगभग 1.25 करोड़ फॉर्म अभी भी डिजिटाइज होने बाकी हैं। आयोग ने इस विशेष पुनरीक्षण अभियान के लिए 30 जून से 29 जुलाई तक का समय निर्धारित किया है। इस दौरान घर-घर जाकर मतदाता विवरण का सत्यापन किया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा सके। डिजिटाइजेशन के मामले में आउटर नॉर्थ जिला सबसे आगे है, जहां 25.25 प्रतिशत फॉर्म ऑनलाइन दर्ज किए जा चुके हैं। इसके बाद दक्षिण-पश्चिम (17.63 प्रतिशत), सेंट्रल नॉर्थ (15.41 प्रतिशत), नॉर्थ (14.70 प्रतिशत) और पश्चिम जिला (14.61 प्रतिशत) का स्थान है। वहीं, ओल्ड दिल्ली (7.22 प्रतिशत), पूर्वी दिल्ली (7.25 प्रतिशत) और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली (7.90 प्रतिशत) में डिजिटाइजेशन की गति सबसे धीमी बनी हुई है। गणना फॉर्म वितरण के मामले में अधिकांश जिले 98 से 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर चुके हैं। नई दिल्ली जिला में सभी पात्र मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने का दावा किया गया है। इसके अलावा उत्तर-पूर्व, मध्य, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम सहित अधिकांश जिले भी 99 प्रतिशत के करीब पहुंच चुके हैं। केवल उत्तर-पश्चिम जिला 94.36 प्रतिशत के साथ अपेक्षाकृत पीछे है। चुनाव आयोग का कहना है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर फॉर्मों का डिजिटाइजेशन पूरा कर अंतिम मतदाता सूची 19 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और त्रुटिरहित हो सके।




# अमेरिका ने ईरान पर दिनदहाड़े तेज किए हवाई हमले, फिर बढ़ा पश्चिम एशिया में तनाव

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेना ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दिन के उजाले में हवाई हमलों का नया दौर शुरू किया। इससे पहले अमेरिका बीते कई दिनों से केवल रात के समय हमले कर रहा था। अमेरिकी सेना की मध्य कमान (सेंटकॉम) ने हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य ईरानी सैन्य क्षमताओं को कमजोर करना है। सेंटकॉम के अनुसार, इन हमलों का लक्ष्य ईरान की उन सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाना है, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों के लिए किया जा रहा है। इस दौरान ग्रेटर टुनब द्वीप स्थित रक्षा और मिसाइल ठिकानों पर भी कार्रवाई की गई। अमेरिका ने ईरान पर एक बार फिर नौसैनिक नाकाबंदी लागू कर दी है। यह कदम होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर हुए कथित हमलों के जवाब में उठाया गया है। इससे पहले दोनों देशों के बीच हुए अंतरिम समझौते के बाद नाकाबंदी हटाई गई थी, लेकिन बढ़ते तनाव के बीच अब इसे दोबारा लागू कर दिया गया है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी हवाई हमलों में सेना की एक बैरक को निशाना बनाया गया, जिसमें सात सैनिकों की मौत हो गई, जबकि देशभर में 260 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



# संक्षिप्त खबरें

## 15 दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**बस्ती।** बस्ती जिले के कुदरहा मे एसबीआई फाउंडेशन द्वारा संचालित एवं सुविधा संस्था द्वारा क्रियान्वित ग्राम सेवा परियोजना के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कुदरहा, प्राथमिक विद्यालय पिपरपाती एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय परसाव की छात्राओं के लिए 15 दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षक करुणेश मणि पाठक द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, साहस एवं विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने की क्षमता विकसित हो सके। परियोजना प्रबंधक दीपक चंद्र द्विवेदी ने बताया कि ग्राम सेवा परियोजना के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आत्मरक्षा प्रशिक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो छात्राओं को सुरक्षित, आत्मविश्वासी एवं सक्षम बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

## पचपेड़वा पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराधियों एवं वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पचपेड़वा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट (एन बी डब्ल्यू) के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए रोहित यादव उर्फ हंगनू यादव निवासी हरखड़ी, अन्नू निवासी मदरहिया तथा पाल्हू निवासी माल्दा को गिरफ्तार किया। तीनों अभियुक्त विभिन्न आपराधिक मामलों में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर वांछित थे। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी वारंटियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामकांत त्रिपाठी, उपनिरीक्षक भीमसेन सिंह, उपनिरीक्षक अब्दुल हकीम, कांस्टेबल मंजीत कुमार, आरक्षी अमरजीत तथा आरक्षी वजीर हुसैन शामिल रहे।

## चोरी की बाइक से अवैध शराब बरामद, हिरासत में नाबालिग

**देवरिया।** जिले की बनकटा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल से 90 पाउच देशी शराब बरामद कर एक नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। बरामद शराब की कुल मात्रा 18 लीटर है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कुटियाभर मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि बिहार ले जाई जा रही मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। पुलिस ने वाहन से 90 पाउच 'बंटी बबली' ब्रांड की देशी शराब बरामद की और संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि बरामद मोटरसाइकिल बिहार के सिवान जिले के एमएच नगर थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी, जिसके संबंध में वर्ष 2023 में चोरी का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने इस चोरी के मामले का भी सफल अनावरण करने का दावा किया है।

# करोड़ों की पानी टंकी बनी 'सफेद हाथी'

## प्यासे ग्रामीण पूछ रहे- आखिर किसके लिए हुआ विकास?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** विकास खंड पचपेड़वा के ग्राम वीरपुर सेमरा में जल निगम द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पानी की विशाल टंकी आज अपनी बदहाली और निष्क्रियता की कहानी खुद बयां कर रही है। जिस परियोजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना था, वही आज ग्रामीणों की नजर में सरकारी उदासीनता और योजनाओं की जमीनी हकीकत का प्रतीक बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन आज तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। नलों से पानी नहीं निकलता, जबकि लोग आज भी हैंडपंपों और अन्य जल स्रोतों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। ऐसे में करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि परियोजना समय पर संचालित नहीं होनी थी, तो फिर जनता के पैसे से इतना बड़ा निर्माण आखिर किस उद्देश्य से कराया गया? गांव में खड़ी यह पानी की टंकी अब विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि अधूरी योजनाओं और जवाबदेही की कमी का स्मारक बनती जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जल निगम के अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, जलापूर्ति तत्काल शुरू कराई जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के




खिलाफ कार्रवाई की जाए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार हर घर जल पहुंचाने का दावा कर रही है, तो वीरपुर सेमरा के ग्रामीण आज भी बूंद-बूंद पानी के लिए क्यों भटक रहे हैं? करोड़ों की लागत से बनी यह टंकी आखिर जनता की प्यास कब बुझाएगी, या फिर हमेशा 'सफेद हाथी' बनकर ही खड़ी रहेगी?

# राशन घोटाले के आरोपों से बचने को कोटेदार ने लगाए झूठे आरोपः रण विजय चौधरी

## » प्रधान प्रतिनिधि का दावा- घटतौली की जांच हो चुकी, कार्रवाई से बचने के लिए की गई फर्जी शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** विकासखंड कप्तानगंज की ग्राम पंचायत नरहरपुर में कोटेदार संजय कुमार पर गरीबों के राशन में कथित कटौती और घटतौली के आरोपों को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रधान प्रतिनिधि रण विजय चौधरी ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि कोटेदार विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए उनके खिलाफ झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगा रहा है। रण विजय चौधरी ने कहा कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल (आईजीआरएस) सहित अन्य अधिकारियों से राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत की थी, जिसके बाद जांच टीम ने मामले की जांच की। उनका दावा है कि जांच के दौरान उन्होंने केवल ग्रामीणों का सहयोग किया, जिससे नाराज होकर कोटेदार ने उनके खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज कराई।

प्रधान प्रतिनिधि के अनुसार, शिकायत की जांच डेईडीहा चौकी प्रभारी को सौंपी गई थी। जांच के दौरान कोटेदार अपने आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि कोटेदार का उद्देश्य केवल अपने विरुद्ध चल रही विभागीय कार्रवाई से बचना है। रण विजय चौधरी ने आरोप लगाया कि कोटेदार हर माह गरीब लाभार्थियों के राशन में 2 से 5 किलोग्राम तक की कटौती करना चाहता है और इसी कारण विरोध करने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। इस संबंध में डेईडीहा चौकी प्रभारी से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर मिला।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा के डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व शारीरिक मानक परीक्षण प्रकियाका निरीक्षण



**अमेठी** पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में होमगार्ड भर्ती परीक्षा की डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व शारीरिक मानक परीक्षण की चल रही प्रकिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शैचालय, सीसीटीवी निगरानी आदि अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारी गण को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं शारीरिक मानक परीक्षण (DVPST) प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये । इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक लाइन्स श्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सोलर पैनल चोरी में दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार व सोलर पैनल बरामद

**प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज पर कसेरुआ मोड़ स्थित एक दुकान की छत से 13/14 जुलाई की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा सोलर पैनल चोरी कर लिए जाने के संबंध में थाना रानीगंज में सोलर पैनल चोरी का अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के दौरान चोरी की संपत्ति बरामद होने पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।सोलर पैनल चोरी के मामले में 02 अभियुक्तों दीपक पटेल पुत्र लाल प्रसाद निवासी ग्राम कसेरुआ थाना रानीगंज उम्र करीब 23 वर्ष व छोटेलाल पुत्र तेगा सिंह निवासी ग्राम कसेरुआ थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष को थाना क्षेत्रान्तर्गत नरसिंहगढ़ पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 02 अदद सोलर पैनल बरामद किए गए।

## कटेश्वरपार्क मे महिलाओं से छेड़छाड़, एसपी से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के गांधी नगर स्थित कटेश्वरपार्क मे महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने चीर फाड़कर फेंक देने की धमकी दिया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पूरे मामले मे हिन्दू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री विनय सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर तत्काल कार्यवाही की मांग किया है। छुट्टियां व मौसमी आयोजन

विनय सिंह ने शिकायती पत्र के माध्यम से एसपी को अवगत कराया है कि मंगलवार को एक सम्भ्रान्त परिवार पार्क मे अपना जन्मदिन मनाने पहुंचा था। इसी बीच मो. कैफ पुत्र अहमद और साहिल पुत्र अहमद पहुंच गये और महिलाओं संग छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर मारने पीटने और चीर फाड़ डालने की धमकी दी। विनय सिंह ने



कहा जब से मो. कैफ की नियुक्ति गेट पर टिकट काटने के लिये हुई है पार्क मे छेड़छाड़ की घटनायें बढ़ गई हैं।

वह और उसके दोनो बेटे महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं और छेड़छाड़ करते हैं। अनेक परिवारों के लोग अपनी इज्जत बंचाकर चले जाते हैं शिकायत नही करते। ऐसे मे मो. कैफ और उसके दोनो बेटों को पार्क से हटाने की जरूरत है। अन्यथा की स्थिति मे किसी दिन मामला गंभीर हो जायेगा और जवाबदेही पुलिस व नगरपालिका प्रशासन की होगी।

# जनेश्वर मिश्र जयंती पर लखनऊ कूच की तैयारी, सपा ने बनाई भागीदारी की रणनीति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** समाजवादी पार्टी ने आगामी 5 अगस्त को लखनऊ में आयोजित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव ने की। उन्होंने कहा कि बस्ती से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी लखनऊ पहुंचेंगे तथा कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की ताकत का प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी, आवागमन की व्यवस्था और जिम्मेदारियों के बंटवारे पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि बलिया से सपा सांसद एवं प्रदेश संयोजक सनातन पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र समाजवादी विचारधारा के मजबूत स्तंभ थे और उनकी जयंती केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि समाजवादी आंदोलन की शक्ति प्रदर्शित करने का भी मंच है। बैठक के बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद सनातन पाण्डेय ने अयोध्या में कथित राम मंदिर चंदा और चढ़ावा अनियमितता मामले को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि एसआईटी जांच में अनियमितता सामने आई है तो कार्रवाई केवल कर्मचारियों तक सीमित न रहकर जिम्मेदार पदाधिकारियों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी मांग की। सांसद ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था और ब्राह्मण समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि



राजनीतिक विरोधियों के परिवारों को भी निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करे, लेकिन निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। बैठक एवं प्रेस वार्ता में विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, लालजी यादव, दयाशंकर मिश्र, प्रवीण पाठक, कोदई यादव, पूर्व मंत्री मोनू दूबे, अनीता द्विवेदी, प्रिया पाठक सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मणिन्द्र मिश्र ने किया।

# स्मृति ईरानी बनीं देश की 18 वीं सबसे प्रभावशाली महिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** देश की प्रमुख राजनीतिक हस्तियों में शुमार कुशल वक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम कर ली है। प्रतिष्ठित पत्रिका फॉर्च्यून इंडिया द्वारा जारी '100 मोस्ट पावरफुल वुमेन 2026' की सूची में उन्हें 18वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। इस सूची में स्मृति ईरानी सबसे उच्च रैंकिंग वाली राजनीतिक हस्ती के रूप में शामिल हैं, जिसे उनके प्रभावशाली नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण का बड़ा सम्मान माना जा रहा है।स्मृति ईरानी का यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि देश में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, नेतृत्व क्षमता और सशक्तिकरण का भी प्रतीक माना जा रहा है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, वस्त्र तथा अल्पसंख्यक मामलों जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी निभाते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को गति प्रदान की। उनकी कार्यशैली, निर्णय क्षमता और संगठनात्मक दक्षता ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में एक मजबूत पहचान दिलाई है।अमेठी से उनका विशेष जुड़ाव हमेशा चर्चा का विषय रहा है। सांसद रहने के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अनेक कार्य किए। यही कारण है कि आज भी अमेठी के बड़ी संख्या में लोग उनसे आत्मीय संबंध महसूस करते हैं। उनकी इस उपलब्धि की खबर सामने आने के बाद अमेठी में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल है। कई सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए भी गौरव का विषय बताया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि फॉर्च्यून इंडिया जैसी प्रतिष्ठित संस्था की सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त करना किसी भी जनप्रतिनिधि के प्रभाव, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता को दर्शाता है। स्मृति ईरानी का 18 वें स्थान पर पहुँचना इस




बात का संकेत है कि उन्होंने राजनीति के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों पर भी अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। महिला नेतृत्व को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाली स्मृति ईरानी की यह उपलब्धि देशभर की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत मानी जा रही है। यह सम्मान उनके संघर्ष, परिश्रम, नेतृत्व कौशल और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित सोच का प्रमाण है। अमेठी के लोगों ने तथा भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने उनकी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे जनपद, उत्तर प्रदेश और देश के लिए गर्व का क्षण बताया है।

## दसिया की लड़ाई में जनता अकेली, पक्ष-विपक्ष दोनों पर उठे सवाल

### एथनॉल फैक्ट्री विवादः सत्ता रही दूर, विपक्ष भी नहीं जीत सका जनता का भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के दसिया में प्रस्तावित एथनॉल फैक्ट्री को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जनता की लड़ाई में जनता के साथ कौन खड़ा है?ग्रामीणों का आरोप है कि सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि और भाजपा के स्थानीय नेता आंदोलन स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की बात सुनने तक नहीं आए। ऐसे समय में जब लोग अपनी जमीन, पर्यावरण और भविष्य को लेकर चिंतित हैं, तब जनप्रतिनिधियों की चुप्पी लोगों में नाराजगी का कारण बनी हुई है।

वहीं, विपक्ष के नेताओं के रवैये पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आंदोलन में पहुंचे विपक्षी नेताओं से ग्रामीणों को उम्मीद थी कि वे उनकी बात को मजबूती से उठाएंगे, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि उनकी राय और सहमति लिए बिना ही धरना समाप्त करने का निर्णय ले लिया गया। इससे आंदोलनकारियों में और अधिक असंतोष देखने को मिला।

दसिया और आसपास के गांवों में लोगों का कहना है कि यह लड़ाई किसी दल की नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व और भविष्य की है। ऐसे में राजनीतिक दलों को राजनीति करने के बजाय जनता की वास्तविक समस्याओं को समझना चाहिए। फिलहाल, पूरे मामले में सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका सवालों के घेरे में है। एक ओर सत्ता पक्ष की दूरी चर्चा का विषय बना हुआ है, तो दूसरी ओर विपक्ष जनता का भरोसा पूरी तरह जीतने में सफल नहीं दिख रहा। अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या कोई जनप्रतिनिधि वास्तव में जनता की आवाज बनकर सामने आएगा, या फिर यह आंदोलन भी केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित रह जाएगा।

## घायल मिला सारस, इलाज के लिए ले गये वनकर्मी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लालगंज की ग्राम पंचायत रंगौली में सोमवार को एक खेत में घायल सारस के मिलने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम इलाज के लिए उसे साथ ले आयी। घायल सारस की हालत अब खतरे से बाहर बतायी जा रही है। रंगौली ग्राम प्रधान दिनेश सिंह ने सारस को घायल अवस्था में खेत में पड़े देखा तो इसकी सूचना वन विभाग में दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी रेस्क्यू कर घायल सारस को इलाज के लिए साथ ले गये। वन क्षेत्राधिकारी प्रेमचंद्र मिश्र ने बताया कि घायल सारस का इलाज चल रहा है। उसके पैर में चोट लगी है, सारस की हालत अब खतरे से बाहर है।

# किसान दिवस में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. लाल पंकज सिंह, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसान दिवस के दौरान किसानों ने कृषि एवं सिंचाई से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। किसान प्रतिनिधियों ने फार्मर रजिस्ट्री के बिना उर्वरकों की उपलब्धता में आने वाली कठिनाइयों तथा खतौनी मिसमैच के कारण कई किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाने की समस्या उठाई। इसके अलावा विद्युत विभाग द्वारा पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने की शिकायत भी की गई। किसान त्रिवेनी प्रसाद पाण्डेय ने टिकरिया माइनर में टेल तक पानी न पहुंचने की समस्या से अवगत कराया, जबकि किसान राकेश कुमार मिश्रा ने बेलखौर माइनर की




गहराई बढ़ाए जाने के कारण कुलाबों तक पानी न पहुंचने की शिकायत दर्ज कराई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान हो। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है तथा किसान दिवस का उद्देश्य किसानों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराना है।

## शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 126 पेटी अवैध शराब के साथ 8 गिरफ्तार

**देवरिया।** जिले की श्रीरामपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बिहार ले जाई जा रही 126 पेटी अवैध देशी शराब, आठ मोटरसाइकिल और चार फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान बिहार के सिवान जिले के रहने वाले आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार बरामद शराब की मात्रा 1134 लीटर है, जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मैदनिया तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। आरोपित आठ मोटरसाइकिलों पर प्लास्टिक की बोरियों में 103 पेटी 'बंटी बबली' और 23 पेटी 'रोमियो राजा' ब्रांड की देशी शराब बिहार ले जा रहे थे।

पूछताछ में उन्होंने मोटरसाइकिलों के नंबर प्लेट बदलकर तथा चोरी के वाहनों का इस्तेमाल कर शराब की तस्करी करने की बात स्वीकार की। जांच में एक मोटरसाइकिल चोरी की निकली, जिसके संबंध में बिहार के सिवान जिले में पहले से मुकदमा दर्ज है।

# आरक्षण की मांग पर निषाद समाज का बड़ा ऐलान

## » पूरे उार प्रदेश में गंगाजल हाथ में लेकर निषाद समाज लेगा संकल्प-'आरक्षण नहीं तो वोट नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** विकासशील इंसान पार्टी (VIP) के पार्टी सुप्रीमो एवं बिहार के पूर्व मंत्री श्री मुकेश सहनी ने आज होटल महारानी, बैरिहवा, ब्लॉक रोड, गांधी नगर, बस्ती में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि निषाद समाज को उसका संवैधानिक अधिकार दिलाने की लड़ाई अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि अब लड़ाई अपने अधिकारों और अपने वास्तविक राजनीतिक विरोधी को पहचानने की है। निषाद समाज को यह समझना होगा कि उसका संघर्ष उस सरकार से है, जिसने वर्षों से निषाद समाज को आरक्षण देने के प्रश्न पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। उन्होंने कहा कि हमारा संघर्ष केंद्र सरकार से है, जिसने आज तक निषाद समाज को आरक्षण नहीं दिया। मुकेश सहनी ने घोषणा की कि अगले महीने से पूरे उत्तर प्रदेश में 'निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा' निकाली जाएगी। इस यात्रा के दौरान गांव-गांव, कस्बों और शहरों में जाकर गंगाजल हाथ में लेकर निषाद समाज के लोगों को यह संकल्प दिलाया जाएगा कि 'आरक्षण नहीं तो वोट नहीं।' उन्होंने कहा कि यदि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले निषाद समाज को आरक्षण मिल जाता है, तो समाज उसका समर्थन करेगा; लेकिन यदि आरक्षण नहीं मिला, तो निषाद समाज लोकतांत्रिक तरीके से मतदान कर केंद्र सरकार के विरुद्ध अपना जनादेश देगा। मुकेश सहनी ने कहा कि आज पूरा निषाद समाज विकासशील इंसान पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है। समाज अब अपने अधिकारों के लिए जाग चुका है और अपने भविष्य का निर्णय स्वयं करेगा।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ. संजय निषाद को निषाद समाज के मुद्दों पर सार्वजनिक लाइव डिबेट के लिए खुला आमंत्रण देते हुए कहा कि वे किसी भी मंच पर आरक्षण, समाज के अधिकार और राजनीतिक भागीदारी के विषय पर खुली बहस के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यदि डॉ. संजय निषाद वास्तव में निषाद समाज के हितैषी हैं, तो भाजपा छोड़कर 'इंडिया' गठबंधन में आएं। मैं स्वयं राहुल गांधी, अखिलेश यादव एवं गठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेताओं से बातचीत कर उन्हें सम्मानजनक राजनीतिक भागीदारी दिलाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि निषाद समाज अब अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगा और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक समाज को उसका न्यायोचित अधिकार नहीं मिल जाता। प्रेस वार्ता में कार्यक्रम प्रभारी जसपाल निषाद, इंजीनियर राजबहादुर निषाद, डॉ. मिथलेश मझवार (प्रदेश अध्यक्ष, एससी/एसटी प्रकोष्ठ), पंकज निषाद सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक नेता एवं बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग उपस्थित रहे।

# इटैहिया में खत्म हुआ जलभराव, सफाई अभियान के साथ ग्रामीणों को बांटी गई दवा किट

**बलरामपुर।** विकासखंड हरैया सतघरवा के ग्राम इटैहिया में जलभराव की समस्या का समाधान हो गया है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देश पर सिंचाई, बाढ़, राजस्व और अन्य विभागों की संयुक्त कार्रवाई से हेंगहा नाले का प्राकृतिक जल प्रवाह बहाल किया गया, जिससे गांव में जलभराव पूरी तरह समाप्त हो गया। कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी ने गांव का स्थलीय निरीक्षण कर नाले के कैचमेंट क्षेत्र में जल प्रवाह बाधित होने की स्थिति का जायजा लिया था। इसके बाद संबंधित विभागों को तत्काल अवरोध हटाकर जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। विभागों की समन्वित कार्रवाई से गांव में सामान्य स्थिति बहाल हो गई है और आवागमन भी सुचारु हो गया है।

जलभराव समाप्त होने के बाद पंचायती राज विभाग ने विशेष सफाई अभियान चलाकर नालियों की सफाई, कचरा निस्तारण एवं स्वच्छता संबंधी कार्य कराए। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा किट वितरित की तथा जलजनित और संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने अधिकारियों को गांव की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने तथा जलनिकासी, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनहित को



सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है।

## लोन दिलाने के नाम पर 4.78 लाख की साइबर ठगी, दो शातिर गिरफ्तार



**बलरामपुर।** जनपद में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'Cy-Vajra' के तहत कोतवाली उतरौला पुलिस और जनपदीय साइबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, फर्जी आधार कार्ड की छायाप्रति और फर्जी बैंक आईडी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में संदिग्ध Cash-out Hotspot की जांच के दौरान यह कार्रवाई की गई। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर दर्ज शिकायत के अनुसार, ओडिशा निवासी एक व्यक्ति से लोन दिलाने के नाम पर 4.78 लाख रुपये की ठगी की गई थी। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर उतरौला स्थित एटीएम से निकाली गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और एटीएम निकासी के आधार पर पुलिस ने मोहित नाथ निवासी राजाजोत गोंसाईजोत और उसके साले संगम नाथ निवासी गोंसाईजोत को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे विभिन्न राज्यों में बाबा बनकर घूमते थे और आर्थिक रूप से परेशान लोगों की जानकारी जुटाते थे। बाद में खुद को बैंक अधिकारी या बैंक मैनेजर बताकर लोन दिलाने का झांसा देते और प्रोसेसिंग फीस सहित अन्य शुल्क के नाम पर ऑनलाइन धनराशि वसूल लेते थे। लोगों का विश्वास जीतने के लिए फर्जी बैंक आईडी और फर्जी पहचान पत्र का भी इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

# मेरी पंचायत हरित पंचायत अभियान को मिली रफ्तार

## प्रदेश में 3,673 ग्राम सभा बैठकों का आयोजन, महराजगंज अव्वल; पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों को पर्यावरण अनुकूल और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित 'मेरी पंचायत हरित पंचायत' विशेष अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। अभियान के तहत प्रदेशभर में पौधरोपण, जल संरक्षण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। पंचायती राज विभाग के अनुसार 14 जुलाई 2026 तक अभियान के अंतर्गत 5,667 ग्राम सभा बैठकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें से 3,673 बैठकों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इन बैठकों में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के साथ पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठकों के आयोजन और लक्ष्य पूर्ति के मामले में महराजगंज ने 99.89 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद मिर्जापुर (96.54 प्रतिशत) दूसरे स्थान पर रहा। वहीं खीरी (80.07 प्रतिशत), कानपुर देहात (78.48 प्रतिशत) और सोनभद्र (76.01 प्रतिशत) भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल हैं। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित 'मेरी पंचायत हरित पंचायत' अभियान ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दे रही है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को बधाई देते हुए अन्य जनपदों से भी अभियान को और गति देने की अपील की, ताकि निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल किया जा सके। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि विभाग की सतत मॉनिटरिंग और मैदानी स्तर पर अधिकारियों की सक्रियता के कारण अभियान को व्यापक सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल ग्राम सभा बैठकों का आयोजन करना नहीं, बल्कि उनके माध्यम से पौधरोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता जैसी हरित विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि शेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा और प्रदेश की ग्राम पंचायतों को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया जाएगा।

# भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत

## किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत मंगलवार को तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह पटेल की अध्यक्षता में तहसील परिसर बिसवां में आयोजित हुई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि तहसील कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बड़ी संख्या में किसानों के दाखिल-खारिज और वरासत के मामले लंबित पड़े हैं। इससे किसानों की खतौनियां ऑनलाइन नहीं हो पा रही हैं, फॉर्मर आईडी नहीं बन रही है तथा खाद प्राप्त करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बटाई पर खेती करने वाले भूमिहीन किसानों और मजदूरों को भी जमीन उनके नाम न होने के कारण खाद नहीं मिल पा रही है। ज्ञापन में श्रीमती मंजू देवी के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई, सीएचसी सकरन को दिए गए ज्ञापन के निस्तारण, अहमदाबाद-बिचपरी मार्ग पर रायपुर के पास अतिक्रमण हटाने तथा पूर्व में जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा लगाई गई कथित गलत रिपोर्ट की निष्पक्ष पुनः जांच कराने की भी मांग की गई।

किसान नेता शुभम रस्तोगी ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों के हित में आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर प्रमोद कुमार वर्मा (तहसील उपाध्यक्ष), सुशील राज (ब्लॉक अध्यक्ष, सकरन), वीरेन्द्र कुमार वर्मा (ब्लॉक अध्यक्ष, बिसवां), कमलेश बाजपेयी, श्याम किशोर तिवारी, मंजू देवी, अहमद खां, रेशु भार्गव, मोहित कश्यप, चेतराम, अकबर अली सहित अन्य पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

# रिहायशी इलाके में घुसा विशाल अजगर, बिल्ली को बनाया शिकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद (लखनऊ)।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र स्थित रहमानखेड़ा में मंगलवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब रहमानखेड़ा के जंगल से निकलकर एक विशालकाय अजगर रिहायशी इलाके में पहुंच गया। अजगर रहमानखेड़ा निवासी फैजू के घर में घुस गया और वहां मौजूद एक बिल्ली को अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। बताया जा रहा है कि घटना मंगलवार की रात करीब 12:30 बजे की है। घर में अजगर दिखाई देने के बाद परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। विशालकाय अजगर द्वारा बिल्ली को निगल लेने की घटना से लोग भयभीत हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट के साथ मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद टीम ने अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने कब्जे में लिया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हालांकि इस दौरान पूरे गांव में लोगों की भीड़ जमा रही और हर कोई इस विशालकाय अजगर को देखने के लिए मौके पर पहुंच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रहमानखेड़ा का जंगल काफी विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है, जहां अजगर सहित कई प्रकार के जंगली जीव-जंतु बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। जंगल से सटे रिहायशी इलाकों में कभी-कभी जंगली जानवरों के पहुंचने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिससे लोगों में हमेशा भय बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जंगल से लगे गांवों में नियमित निगरानी रखी जाए और ऐसे क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में किसी भी बड़ी घटना से बचा जा सके। वन विभाग ने भी लोगों से अपील की है कि यदि किसी को जंगली जीव दिखाई दे तो स्वयं उसे पकड़ने या छेड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत विभाग को सूचना दें।

# बीएसएनएल कर्मियों की लंबित मांगों पर प्रेस वार्ता आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 15 जुलाई भारतीय मजदूर संघ (BMS) से संबद्ध विभिन्न यूनियनों एवं एसोसिएशनों के संयुक्त मंच भारतीय दूरसंचार मंच (BDM) ने बीएसएनएल के अस्तित्व एवं पुनरुद्धार (Survival & Revival of BSNL) तथा कर्मचारियों, अधिकारियों और पेंशनरों की वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रव्यापी संगठनात्मक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ के कैसरबाग स्थित मनोरंजन क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि बीएसएनएल केवल एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम नहीं, बल्कि देश की सामरिक दूरसंचार आवश्यकताओं, ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में संचार सेवाओं की उपलब्धता तथा स्वदेशी 4त्न/5त्न तकनीक के विकास का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए बीएसएनएल को और अधिक सशक्त बनाना राष्ट्रीय हित का विषय है। मंच ने केंद्र सरकार और बीएसएनएल प्रबंधन से कर्मचारियों, अधिकारियों एवं पेंशनरों की लंबित मांगों पर त्वरित निर्णय लेने की मांग की। प्रमुख मांगों में तृतीय वेतन संशोधन (3rd PRC) को Affordability Clause से मुक्त कर लागू करना, पेंशन संशोधन को केंद्र सरकार के पेंशनरों के समान लागू करना, तथा द्वितीय वेतन संशोधन (2nd PRC) से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण शामिल है। प्रेस वार्ता में 'एक कंपनी-एक नीति' के सिद्धांत को लागू करते हुए नियमित कर्मचारियों एवं प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारियों के बीच वेतन, भत्तों, सुविधाओं और पदोन्नति में समानता सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा सभी संवर्गों में समयबद्ध पदोन्नति, लंबित वरिष्ठता विवादों का निस्तारण तथा पात्र कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नति देने की मांग की गई। मंच ने आंतरिक अधिकारियों के हितों के विपरीत बताई जा रही स्श्वञ्ज भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने, मानव संसाधन (HR) से संबंधित लंबित समिति रिपोर्टों को सार्वजनिक करने, चेन्नई दूरसंचार परिमंडल के एसोसिएशन पदाधिकारियों पर जारी आरोप पत्र वापस लेने तथा अनुकंपा नियुक्तियों पर लगी रोक हटाने की भी मांग की। बीएसएनएल के सुदृढ़ीकरण के लिए मंच ने नियमित CMD की शीघ्र नियुक्ति, सरकारी विभागों में बीएसएनएल की स्वदेशी 4G सेवाओं का अनिवार्य उपयोग, BCG की कार्यप्रणाली पर श्वेत पत्र जारी करने, लोक उपक्रम समिति (COPU) की सिफारिशों को लागू करने तथा फील्ड कर्मचारियों को आवश्यक मोबाइल हैंडसेट उपलब्ध कराने जैसे सुझाव भी दिए। भारती दूरसंचार मंच ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बीएसएनएल को एक 'सामरिक राष्ट्रीय संपदा' के रूप में देखते हुए कर्मचारियों, अधिकारियों एवं पेंशनरों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़े और बीएसएनएल देश की दूरसंचार आवश्यकताओं की अधिक प्रभावी ढंग से पूर्ति कर सके।

# 22 जुलाई से प्रदेशभर में शुरू होगा खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी) टीकाकरण अभियान, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापना सहित विभिन्न विकासात्मक एवं प्रशासनिक विषयों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी) टीकाकरण अभियान का आठवां चरण 22 जुलाई से 8 सितंबर 2026 तक चलाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान का शुभारंभ प्रत्येक जिले में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाए तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, जिंगल्स, मुनादी, लाउडस्पीकर और ग्राम सचिवालयों पर पोस्टर का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि खुरपका-मुंहपका रोग पशुधन के लिए गंभीर बीमारी है, जिससे दूध उत्पादन, कार्यक्षमता और प्रजनन क्षमता प्रभावित होती है। इसलिए अभियान को पूरी गंभीरता और प्रभावी रणनीति के साथ संचालित किया जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव के लिए माइक्रो प्लान और दैनिक रूट चार्ट तैयार किया जाए। ब्लॉक स्तर पर वैक्सीन, सिरिंज और ईयर टैग की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा डोर-टू-डोर टीकाकरण के बाद प्रत्येक पशुपालक के घर पर टीकाकरण की तिथि अंकित की जाए। उन्होंने कोल्ड चेन प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण, निर्बाध बिजली आपूर्ति और आवश्यक लॉजिस्टिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही भारत पशुधन ऐप पर प्रत्येक टीकाकरण की रियल-टाइम प्रविष्टि और उसकी औचक जांच कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अभियान के लिए प्रदेश में 3 करोड़ 37 लाख 80 हजार 404 वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वन के राजा राम विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी संपन्न, शिक्षाविद दिनेश चंद्र पाण्डेय सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर।** सबमें राम, शाश्वत श्री राम के भाव के साथ एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय वन के राजा राम रखा गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. अनीता त्रिपाठी ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में आशा श्रीवास्तव ने राम के वनवास और आदर्शों पर विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत अपर्णा भटनागर की राम वंदना से हुई। इसमें अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हिसाभा, पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश डॉ. रवीन्द्र शुक्ल की गरिमामय मौजूदगी रही। आशीर्वचन आचार्य देवेन्द्र देवजी ने दिया। विशेष उद्बोधन डॉ. रमा सिंह जादौन ने प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन दिनेश चन्द्र पाण्डेय ने दिया। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन एवं कल्याण मंत्र दिनेश बिरथरे ने किया। अंत में ऑनलाइन कार्यक्रम में उनके योगदान के लिए शिक्षाविद दिनेश चंद्र पाण्डेय को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में श्रोताओं ने ऑनलाइन जुड़कर लाभ लिया।

### जीएनएसएस रोवर तकनीक से भूमि सीमांकन को मिलेगी नई रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भूमि सीमांकन प्रक्रिया को आधुनिक, पारदर्शी और अधिक सटीक बनाने की दिशा में राजस्व परिषद ने बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-24 के अंतर्गत जीएनएसएस (GNSS) रोवर आधारित भूमि सीमांकन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रदेश के सभी 18 मंडलों में एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को जीएनएसएस रोवर तकनीक के उपयोग, उसकी तकनीकी विशेषताओं तथा धारा-24 के अंतर्गत मानकीकृत सीमांकन प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना है। इसके लिए प्रत्येक मंडल में अपर आयुक्त स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का बढ़ाया उत्साह, बोले डॉ. अनुपम मिश्र-शिक्षा के बिना जीवन बेकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खैराबाद सीतापुर।** शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों को शिक्षा के प्रति उत्साहित और जागरूक करने के लिए सिंचन एजुकेशनल एंड वेल फेयर सोसायटी गत कई वर्षों से कार्य करती चली आ रही है जिससे बच्चों के अंदर शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो किताबें और बैग तो सरकार की ओर से दी जाती हैं लेकिन स्टेशनरी के अभाव में बच्चा स्कूल आने से न वंचित रहे इस लिए यह संस्था बराबर प्रयासरत है इसी क्रम में आज कई परिषदीय विद्यालयों में अलग संस्था के सौजन्य से नवीन सत्र 2025- 2026में निपुण बच्चों को स्टेशनरी किट जिसमें 3 इन 1 कॉपी पेन रबर कटर पेंसिल पेन आदि सम्मिलित है, वितरित कर उनका स्वागत एवम सम्मान किया गया।इस क्रम में सिंचन संस्था ने प्राथमिक विद्यालय बिनौरा , पूर्व माध्यमिक विद्यालय जाजपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेरपुर प्राथमिक विद्यालय नीरपुर , प्राथमिक विद्यालय भगौतीपुर विकास खंड खैराबाद में स्टेशनरी किट का वितरण किया गया। संस्था के संयोजक डॉक्टर अनुपम मिश्र, संस्था के प्रबंधक कुशमेश मिश्र तथा उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से संस्था के उद्देश्यों तथा उसके लक्षण पर चर्चा करते हुए कहा की बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को निपुण बनाने में तथा उन्हें पठन-पाठन हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य विगत 10 वर्षों से कर रही है, तथा भविष्य में भी इसी तरह कार्य करती रहेगी इस अवसर पर रितिका,प्रियंका शुक्ला,शालिनी यादव, नीता वर्मा,विनीता शुक्ला,प्रतिमा मिश्र, भावना चौहान, जया मिश्र,राहुल तिवारी,रुचि मिश्रा,मंजू शर्मा उपस्थित रहीं।

संस्था के संयोजक डॉ अनुपम मिश्रा प्रबंधक कुशमेश मिश्रा तथा उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडेय का सभी ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नगर निगम का जोन-5 में अतिक्रमण हटाओ अभियान, 15 अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर बुधवार को नगर निगम के जोन-5 क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आलमबाग मेट्रो स्टेशन से टेढ़ी पुलिया, आनंद नगर होते हुए होमगार्ड मुख्यालय चौराहे तक सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी अवैध अतिक्रमण को हटाकर मार्ग को सुगम एवं व्यवस्थित बनाया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा लगाए गए 08 ठेले, 03 गुमटियां एवं 04 काउंटर हटाए गए। इसके अतिरिक्त एक लोहे का काउंटर जब्त किया गया। नगर निगम की टीम ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्तियों से 9,000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने एवं नगर निगम के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने एवं प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस संबंध में 9,000 रुपये का अतिरिक्त शमन शुल्क वसूला गया। नगर निगम द्वारा नागरिकों से स्वच्छ और पॉलीथीन मुक्त शहर के निर्माण में सहयोग करने की अपील की गई। यह अभियान जोनल अधिकारी, जोन-5 श्री विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में कर अधीक्षक सभाजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी सचिन सक्सेना, राजस्व निरीक्षक रूचि यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुभाष चौधरी, प्रवर्तन दल (296) तथा पुलिस बल की सक्रिय सहभागिता रही।

# 2027 विधानसभा चुनाव - अब आपकी बारी भारतीय जन समाज पार्टी का ऐलान।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों* पर चुनाव लड़ेगी। क्या आप विधायक बनकर अपने क्षेत्र की सेवा करना चाहते हैं? क्या आप भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं तो भारतीय जन समाज पार्टी आपको अवसर दे रही है! महिला और पुरुष दोनों आवेदन कर सकते हैं। हमारी प्राथमिकताः जनसेवा की भावना क्षेत्र में जनाधार पार्टी के प्रति निष्ठा और मेहनत शिक्षा, जाति, आर्थिक स्थिति बाधा नहीं है। टिकट मिलेगा योग्यता और जनसमर्थन से सीटें सीमित हैं। पहले आएं, पहले मौका पाएं। आवेदन कैसे करें: अपनी विधानसभा का नाम + पूरा परिचय भेजें।

# लखनऊ राज्य कर भवन में अत्याधुनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन, अधिवक्ताओं को मिला ज्ञान का नया केंद्र

## कानूनी ज्ञान के विस्तार के लिए आधुनिक लाइब्रेरी का शुभारंभ, वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने सराहा प्रयास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी के मीराबाई मार्ग स्थित राज्य कर भवन के चौथे तल पर सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा नवनिर्मित अत्याधुनिक लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ एवं सम्मानित अधिवक्ता बनवारी लाल दीक्षित ने फीता काटकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर अधिवक्ता, बार पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एक अधिवक्ता की सबसे बड़ी पूंजी उसका ज्ञान और अध्ययन होता है। कानून में होने वाले निरंतर बदलावों, नवीनतम न्यायिक निर्णयों तथा कर संबंधी प्रावधानों की जानकारी के लिए समृद्ध पुस्तकालय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी अधिवक्ताओं के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ शोध एवं प्रभावी पैरवी में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि अत्यल्प समय में इस आधुनिक लाइब्रेरी को तैयार कर संचालन योग्य बनाने का पूरा श्रेय लाइब्रेरी समिति के चेयरमैन एडवोकेट अरविंदर सिंह आनंद को जाता है। उन्होंने बताया कि उनके अथक परिश्रम और समर्पण के कारण अधिवक्ताओं को यह महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध हो सकी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पुस्तकें किसी भी अधिवक्ता की सच्ची मार्गदर्शक होती हैं। बदलते कानूनी प्रावधानों और कर व्यवस्था की अद्यतन जानकारी के लिए यह लाइब्रेरी युवा एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए समान रूप से लाभदायक सिद्ध होगी। उन्होंने इस अवसर पर सभी अतिथियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर मीडिया कमेटी के सदस्य एडवोकेट मोहम्मद सलीम ने बताया कि लाइब्रेरी में टैक्स, जीएसटी एवं विधि से संबंधित नवीनतम पुस्तकें, बेयर एक्ट्स तथा महत्वपूर्ण विधिक जर्नल्स का समृद्ध संग्रह उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को बेहतर पेशेवर सुविधाएं उपलब्ध कराना बार एसोसिएशन की प्राथमिकता है और यह लाइब्रेरी उसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है। इससे कर अधिवक्ताओं की शोध क्षमता, विधिक ज्ञान और कार्यकुशलता को नई मजबूती मिलेगी।

# भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह में 48 मेधावी सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह में बुधवार को प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन का उत्सव देखने को मिला। विश्वविद्यालय के कला मंडपम सभागार में आयोजित समारोह में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने 48 मेधावी छात्र-छात्राओं को 30 स्वर्ण, 9 रजत और 9 कांस्य पदक प्रदान किए। इस अवसर पर तीन शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि भी प्रदान की गई।

समारोह में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। कुल पदकों में लगभग 60 प्रतिशत पदक बेटियों ने अपने नाम किए। एमपीए की छात्रा कुंवारी श्वेता गुप्ता ने सर्वाधिक सात पदक हासिल कर समारोह का मुख्य आकर्षण रहीं। पदक विजेताओं में स्पर्श कुमार कश्यप और आलोक कुमार मिश्र को चार-चार पदक, प्रिया दूबे को चार, नेहा काजी को पांच, दीप्ति सिंह को तीन, रूनझुन सिंह, वल्लरी नारायण पाठक, तनिष्का सक्सेना और आकांक्षा राय को दो-दो पदक सहित विभिन्न विधाओं के अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थी भविष्य में भारत को विश्वगुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका है और आने वाले समय में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश की अहम भागीदारी होगी। जयवीर सिंह ने कहा कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय भारतीय संगीत, नृत्य और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

# संपादकीय

## राम मंदिर में सीईओ, क्या रुकेगा भ्रष्टाचार

अयोध्या का राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। मंदिर के निर्माण के बाद यहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और चढ़ावे, दान, व्यवस्थाओं तथा प्रशासन का दायरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में मंदिर के सुचारु संचालन के लिए एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ष्टश्वह्र) की नियुक्ति का निर्णय चर्चा का विषय बन गया है। समर्थक इसे आधुनिक और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं, जबकि कुछ लोग इसे पारंपरिक धार्मिक व्यवस्था में प्रशासनिक हस्तक्षेप के रूप में देख रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या केवल सीईओ की नियुक्ति से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकेगा ? मंदिर प्रशासन की बदलती जरूरत- राम मंदिर आज एक विशाल संस्थान का स्वरूप ले चुका है। यहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का आगमन, सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था, दान का प्रबंधन, निर्माण कार्य, कर्मचारियों का संचालन, स्वच्छता और भविष्य की योजनाएं जैसे अनेक कार्य हैं। इन सबका संचालन केवल पारंपरिक व्यवस्था से करना कठिन होता जा रहा है। ऐसे में एक पेशेवर प्रशासनिक अधिकारी की आवश्यकता महसूस की गई। सीईओ का दायित्व होगा कि मंदिर की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया जाए, वित्तीय अनुशासन बनाए रखा जाए और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो। **क्या केवल सीईओ भ्रष्टाचार रोक सकता है ?**-इस प्रश्न का सीधा उत्तर है—नहीं। किसी भी संस्था में भ्रष्टाचार केवल व्यक्ति बदलने से समाप्त नहीं होता। इसके लिए मजबूत संस्थागत व्यवस्था की आवश्यकता होती है। यदि वित्तीय लेन-देन पारदर्शी न हो, ऑडिट नियमित न हो, निर्णय प्रक्रिया स्पष्ट न हो और जवाबदेही तय न हो, तो किसी भी पद पर बैठा अधिकारी भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त नहीं कर सकता। सीईओ व्यवस्था को बेहतर बना सकता है, लेकिन भ्रष्टाचार रोकने के लिए कई अन्य कदम भी जरूरी होंगे। पारदर्शिता सबसे बड़ा हथियार-किसी भी धार्मिक संस्था में श्रद्धालुओं का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण पूंजी होता है। इसलिए यह आवश्यक है कि— दान और चढ़ावे का पूरा हिसाब सार्वजनिक हो। नियमित स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए। खरीद और ठेकों की प्रक्रिया पारदर्शी हो।

**डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया जाए।** शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था हो। यदि ये व्यवस्थाएं लागू होती हैं, तो भ्रष्टाचार की संभावनाएं स्वत: कम होंगी। देश के अन्य मंदिरों से सीख- भारत के कई बड़े मंदिरों में पेशेवर प्रशासनिक व्यवस्था पहले से लागू है। वहां आईएएस अधिकारियों या अनुभवी प्रशासकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाती हैं। इससे व्यवस्था में सुधार हुआ है, लेकिन जहां निगरानी कमजोर रही, वहां विवाद भी सामने आए। इससे स्पष्ट होता है कि केवल प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति पर्याप्त नहीं होती, बल्कि पूरी प्रणाली को पारदर्शी बनाना आवश्यक है। आधुनिक प्रबंधन और धार्मिक परंपरा का संतुलन राम मंदिर केवल एक प्रशासनिक संस्था नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था का केंद्र है। इसलिए यह भी जरूरी है कि आधुनिक प्रबंधन लागू करते समय धार्मिक परंपराओं और मंदिर की गरिमा का पूरा सम्मान बना रहे। सीईओ का कार्य धार्मिक निर्णय लेना नहीं, बल्कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना होना चाहिए। धार्मिक विषयों का निर्णय मंदिर ट्रस्ट और संत समाज के मार्गदर्शन में ही होना चाहिए। श्रद्धालुओं का विश्वास सर्वोपरि- मंदिर में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु यह विश्वास लेकर आता है कि उसका दान धर्म और समाज के हित में उपयोग होगा। यदि वित्तीय पारदर्शिता मजबूत होगी तो श्रद्धालुओं का विश्वास और बढ़ेगा। इसके विपरीत यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो उसका असर केवल मंदिर प्रशासन पर नहीं, बल्कि समाज की भावनाओं पर भी पड़ सकता है। जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी- सीईओ की नियुक्ति तभी प्रभावी होगी जब उसके कार्यों की नियमित समीक्षा हो। ट्रस्ट, स्वतंत्र ऑडिट एजेंसियां और निर्धारित नियम मिलकर जवाबदेही सुनिश्चित करें। किसी भी बड़े संस्थान में 'चेक एंड बैलेंस' की व्यवस्था ही भ्रष्टाचार रोकने का सबसे प्रभावी तरीका मानी जाती है। राम मंदिर में सीईओ की नियुक्ति को आधुनिक प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। इससे कार्यों में पेशेवर दक्षता, बेहतर समन्वय और पारदर्शिता आने की संभावना है। लेकिन यह मान लेना कि केवल सीईओ की नियुक्ति से भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो जाएगा, व्यावहारिक नहीं होगा। भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है जब पारदर्शी वित्तीय प्रणाली, नियमित ऑडिट, स्पष्ट जवाबदेही, डिजिटल प्रबंधन और स्वतंत्र निगरानी जैसी व्यवस्थाएं भी समान रूप से मजबूत हों। अंतत: किसी भी धार्मिक संस्था की सबसे बड़ी ताकत श्रद्धालुओं का विश्वास होता है, और उस विश्वास की रक्षा केवल एक पद नहीं, बल्कि मजबूत और ईमानदार संस्थागत व्यवस्था ही कर सकती है।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष** -मेष राशि वालों के लिए आज का दिन उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और रुके हुए कार्यों में गति मिलेगी। आर्थिक मामलों में राहत मिलने के संकेत हैं। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा और विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ किए गए प्रयासों का लाभ मिलेगा।

**वृषभ** -वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन बेहद शुभ रहने के संकेत हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन भविष्य के लिए लाभदायक साबित होगा। पारिवारिक जीवन में सुखद वातावरण रहेगा और लंबे समय से लंबित कार्य पूरे हो सकते हैं।

**मिथुन**-मिथुन राशि वालों को आज कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा। नए संपर्क बनने की संभावना है, जो भविष्य में लाभ पहुंचा सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और कई रुके हुए कार्य पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** -कर्क राशि वालों के लिए नई योजनाओं पर काम शुरू करने का अनुकूल समय है। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। किसी करीबी व्यक्ति की सलाह मानसिक उलझन दूर करने में मदद करेगी। कार्यों में संतुलन बनाए रखने से लाभ मिलेगा।

**सिंह**-सिंह राशि वालों को आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यस्तता के बावजूद आपकी कार्यशैली की सराहना होगी। धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर महसूस होगा।

**कन्या** -कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या का समाधान मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में नए अवसर मिल सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ने के भी संकेत हैं।

**तुला** -तुला राशि वालों के लिए आज का दिन प्रगति लेकर आएगा। संपत्ति या वाहन से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और नए कार्यों की शुरुआत के लिए समय अनुकूल रहेगा। व्यापार में नए अवसर मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** -वृश्चिक राशि वालों का दिन उत्साह से भरा रहेगा। पुराने विवाद सुलझ सकते हैं और आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** -धनु राशि वालों के लिए आज का दिन मेहनत और व्यस्तता वाला रहेगा। किए गए प्रयासों का उचित परिणाम मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन और प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। व्यवसाय से जुड़े लोगों को नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**मकर**-मकर राशि वालों को आज महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी। व्यापार और निवेश से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें। कार्यस्थल पर धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए लाभदायक रहेगा। परिवार का सहयोग बना रहेगा।

**कुंभ** -कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। व्यवसाय में लाभ मिलने के संकेत हैं। मित्रों और परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को प्रतियोगी कार्यों में सफलता मिल सकती है। सकारात्मक सोच आपके लिए लाभदायक रहेगी।

**मीन**-मीन राशि वालों को आज परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं पर काम शुरू करने का अवसर मिलेगा। व्यापार में प्रगति के योग बन रहे हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य में लाभ का मार्ग खोल सकती है। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी।

# मुख्यमंत्री आवास योजना से आजमगढ़ में पक्के आशियानों के साकार होते सपने

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन और अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए 'मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस कल्याणकारी पहल के अंतर्गत ग्रामीण उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को प्राकृतिक आपदाओं, विशिष्ट सामाजिक श्रेणियों और गंभीर स्वास्थ्य विभीषिकाओं के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए पक्के मकानों की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जनपद आजमगढ़ ने योजना के क्रियान्वयन में एक मिसाल पेश की है, जहां 96.23 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ हजारों परिवारों को कच्ची दीवारों से निकालकर पक्के घरों तक पहुंचाया गया है। यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर सामाजिक गरिमा, सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण की एक नई इबारत है।

जनपद आजमगढ़ को योजना के अंतर्गत कुल 9,908 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष जिला प्रशासन ने तीव्र और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए 9,534 आवास पूर्ण कर लाभार्थियों को हस्तांतरित कर दिए हैं। प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों में आजमगढ़ की यह मजबूत प्रशासनिक कार्यशैली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन द्वारा मासिक समीक्षा बैठकों, निर्माण कार्यों की सतत निगरानी, पारदर्शी लाभार्थी चयन तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी अभिसरण (कन्वर्जेंस) पर विशेष बल दिया गया। इसी रणनीतिक दृष्टिकोण के कारण आजमगढ़ आज पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन पात्र परिवारों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है, जो किन्हीं कारणों से केंद्र सरकार की आवास योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे। शासन द्वारा जारी नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुरूप, योजना के तहत उन वर्गों को प्राथमिकता दी गई जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं। इनमें प्राकृतिक आपदा (बाढ़, अग्निकांड या भूकंप) से प्रभावित परिवार, कुष्ठ रोग, जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई), एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम तथा कालाजार जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित परिवार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुसहर समुदाय, वन्टांगिया, कोल, सहरिया जैसी वंचित अनुसूचित जनजातियों, विधवा महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्गों को इसमें विशेष वरीयता दी गई है। सामाजिक न्याय और महिला सशक्तीकरण के सिद्धांतों को सुदृढ़ करते हुए इन आवासों का पंजीकरण मुख्य रूप से परिवार की महिला मुखिया के नाम पर अथवा पति-पत्नी के संयुक्त नाम पर सुनिश्चित किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि हुई है। योजना के तकनीकी एवं वित्तीय प्रावधानों के अनुरूप, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मैदानी क्षेत्रों में प्रति आवास ?1.20 लाख तथा कठिन या पथरीले क्षेत्रों में ?1.30 लाख की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा रही है। निर्मित होने वाले प्रत्येक आवास का न्यूनतम क्षेत्रफल 25 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है, जिसमें दो कमरों के साथ स्वच्छ रसोईघर, आधुनिक स्नानघर और एक सुसज्जित शौचालय की सुविधा शामिल है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संपूर्ण चयन प्रक्रिया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों (ईसीसी) तथा ग्राम सभाओं द्वारा सत्यापित 'आवास प्लस' सूची के आधार पर संचालित की जा रही है, जिससे केवल वास्तविक रूप से जरूरतमंद और भूमिहीन परिवारों तक ही इस शासकीय सहायता की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहुआयामी 'अभिसरण मॉडल' है, जो इसे केवल आवास निर्माण तक सीमित न रखकर समग्र ग्रामीण विकास का माध्यम बनाता है। इसके तहत प्रत्येक पात्र परिवार को ?1,20,000 की प्रत्यक्ष आवासीय सहायता के साथ-साथ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से 90 दिवस की अकुशल मजदूरी प्रदान की जाती है, जिससे निर्माण अवधि के दौरान परिवार को आय का अतिरिक्त सहारा मिलता है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ?12,000 की लागत से शौचालय का निर्माण कराया जाता है। लाभार्थी परिवारों को पात्रतानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन तथा हर घर जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। एक ही छत के नीचे इतनी सुविधाओं का समागम ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार ला रहा है। आजमगढ़ के जहानागंज विकास खण्ड के सेमा गांव की रहने वाली गुड्डी की कहानी इस योजना की सफलता का एक जीवंत प्रमाण है। अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाली गुड्डी और उनके पति दुर्गेश वर्षों से दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। अत्यंत सीमित आय के कारण उनका पक्का घर बनाने का सपना अधूरा था और पूरा परिवार एक जर्जर कच्चे मकान में रहने को मजबूर था। मिट्टी की दीवारें बारिश में गल जाती थीं, छत हर वर्ष टपकती थी और तेज हवाओं व विपरीत मौसम में पूरा परिवार भय के साये में रात गुजारता था। बरसात के दिनों में बच्चों की पढ़ाई ठप हो जाती थी क्योंकि किताबों और जरूरी सामानों को भीगने से बचाना ही सबसे बड़ी चुनौती थी। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चयन होने के बाद गुड्डी के परिवार का जीवन पूरी तरह बदल गया है। उन्हें मिले पक्के मकान, शौचालय और अन्य सरकारी लाभों ने न केवल उन्हें मौसम की मार से सुरक्षा दी है, बल्कि समाज में उनका गौरव भी बढ़ाया है।

**जनपद आजमगढ़ को योजना के अंतर्गत कुल 9,908 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष जिला प्रशासन ने तीव्र और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए 9,534 आवास पूर्ण कर लाभार्थियों को हस्तांतरित कर दिए हैं। प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों में आजमगढ़ की यह मजबूत प्रशासनिक कार्यशैली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन द्वारा मासिक समीक्षा बैठकों, निर्माण कार्यों की सतत निगरानी, पारदर्शी लाभार्थी चयन तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी अभिसरण (कन्वर्जेंस) पर विशेष बल दिया गया। इसी रणनीतिक दृष्टिकोण के कारण आजमगढ़ आज पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन पात्र परिवारों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है, जो किन्हीं कारणों से केंद्र सरकार की आवास योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे। शासन द्वारा जारी नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुरूप, योजना के तहत उन वर्गों को प्राथमिकता दी गई जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं।**

गुड्डी की तरह ही आजमगढ़ के हजारों लाभार्थियों के लिए यह योजना केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा, स्वच्छता और आत्मविश्वास से भरे नए जीवन की शुरुआत है। अब इन परिवारों को हर मौसम में घर टूटने या भीगने का डर नहीं रहता और उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन और कमजोर वर्गों को दी गई यह पक्की छत आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव को और मजबूत कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस संवेदनशील और विकासोन्मुखी पहल ने आजमगढ़ में एक ऐसी मौन क्रांति को जन्म दिया है, जिसने न केवल गरीब परिवारों को एक सुरक्षित आशियाना दिया है, बल्कि उनके सपनों को भी एक नया और खुला आसमान प्रदान किया है।

**जनपद-आजमगढ़**

# पुलों और ओवरब्रिजों से बदली ललितपुर की तस्वीर

किसी भी प्रदेश की प्रगति उसकी मजबूत आधारभूत संरचना से पहचानी जाती है। बेहतर सड़कें, आधुनिक पुल और सुगम यातायात व्यवस्था केवल आवागमन को आसान ही नहीं बनाती, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करती हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेशभर में आधुनिक एवं सुरक्षित सड़क अवसंरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में जनपद ललितपुर में पुलों एवं रेलवे ओवरब्रिजों के निर्माण ने वर्षों पुरानी यातायात समस्याओं का समाधान करते हुए विकास की एक नई इबारत लिखी है। आज जिन मार्गों पर कभी घंटों जाम, जलभराव और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था, वहीं अब लोगों को सुरक्षित, तेज और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल रही है। लंबे समय तक ललितपुर शहर के अनेक प्रमुख मार्ग संकरे पुलों, रेलवे फाटकों और बरसात के दौरान जलभराव जैसी समस्याओं से प्रभावित रहे। आम नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों, मरीजों और दैनिक यात्रियों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार लोगों का महत्वपूर्ण समय जाम में ही बीत जाता था, जिससे आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित होती थीं। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों और एम्बुलेंस को भी समय पर अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती थी। इन चुनौतियों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक पुलों और रेलवे ओवरब्रिजों के निर्माण को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कराया है। ललितपुर शहर के प्रमुख मार्ग पर स्थित ब्यानमाला का पुराना पुल लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। पुल इतना संकरा था कि दो बड़े वाहनों का एक साथ निकलना संभव नहीं हो पाता था, जिसके कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी। वर्ष 2022 में इस पुल के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। अब आधुनिक तकनीक से निर्मित नया पुल अधिक चौड़ा, मजबूत और सुरक्षित बन चुका है। दोनों दिशाओं में वाहनों का आवागमन बिना किसी बाधा के हो रहा है तथा वर्षा ऋतु में भी यातायात सामान्य बना रहता है। इससे हजारों लोगों का समय बच रहा है और शहर की यातायात व्यवस्था पहले की अपेक्षा कहीं अधिक सुचारु हो गई है। कैलगुवां चौराहे के निकट रेलवे फाटक लंबे समय तक जाम और दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बना रहा। फाटक बंद होने पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं, जिससे यात्रियों को काफी समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के बाद अब वाहनों का आवागमन पूरी तरह निर्बाध हो गया है। लोगों का बहुमूल्य समय बच रहा है, सड़क सुरक्षा में सुधार हुआ है तथा दुर्घटनाओं की संभावनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। यह परियोजना आधुनिक आधारभूत संरचना के माध्यम से जनसुविधा बढ़ाने का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आई है। शहर में शहजाद नदी पर स्थित ब्रिटिश कालीन पुल वर्षों से अपनी सीमित क्षमता के कारण लोगों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा था। संकरा होने के साथ-साथ बरसात के दिनों में जलभराव के कारण कई बार आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था। प्रदेश सरकार द्वारा यहां आधुनिक और अधिक क्षमता वाले नए पुल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। इसके पूर्ण होने के बाद नागरिकों को वर्षभर सुरक्षित और निर्बाध यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। बानपुर, टीकमगढ़ और महरौनी क्षेत्र से आने-जाने वाले हजारों लोगों के लिए खिरकापुरा का पुराना पुल वर्षों तक बड़ी चुनौती बना रहा। पुल संकरा और नीचा होने के कारण विशेषकर बरसात में यातायात बाधित हो जाता था और लोगों को कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। नए पुल के निर्माण के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क अधिक सुदृढ़ हुआ है। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिली है, विद्यार्थियों की आवाजाही आसान हुई है और स्थानीय लोगों का समय तथा परिवहन व्यय कम हुए हैं। देवगढ़ मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर

**प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेशभर में आधुनिक एवं सुरक्षित सड़क अवसंरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में जनपद ललितपुर में पुलों एवं रेलवे ओवरब्रिजों के निर्माण ने वर्षों पुरानी यातायात समस्याओं का समाधान करते हुए विकास की एक नई इबारत लिखी है। आज जिन मार्गों पर कभी घंटों जाम, जलभराव और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था, वहीं अब लोगों को सुरक्षित, तेज और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल रही है।**

प्रतिदिन हजारों लोगों को रेलवे फाटक खुलने की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। लगभग 30 हजार की आबादी तथा 50 से अधिक गांवों के लोग इस समस्या से प्रभावित थे। दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर ट्रेनों की अधिक आवाजाही के कारण जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती थी। रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के बाद अब लोगों को बिना रुके सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण-शहरी संपर्क को भी नई गति मिली है। ललितपुर में निर्मित पुलों और रेलवे ओवरब्रिजों ने केवल आवागमन को ही आसान नहीं बनाया, बल्कि विकास की नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं। जाम से राहत मिलने के कारण ईंधन की बचत हो रही है, यात्रा का समय कम हुआ है और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। व्यापारिक गतिविधियों को गति मिली है, किसानों को अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा हुई है तथा विद्यार्थियों और मरीजों के लिए भी यात्रा पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और आसान बनी है। मजबूत आधारभूत संरचना का यह विकास स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल सड़क और पुलों का निर्माण ही करना नहीं है, बल्कि ऐसी आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है जो नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाए। इसी सोच के साथ प्रदेशभर में सड़क संपर्क, रेलवे ओवरब्रिज, सेतु निर्माण और अन्य आधारभूत परियोजनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है, जिससे विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। आज ललितपुर के ये पुल और ओवरब्रिज केवल कंक्रीट और स्टील की संरचनाएं नहीं हैं, बल्कि जनसुविधा, सुशासन और समग्र विकास के सशक्त प्रतीक बन चुके हैं। यह परिवर्तन दर्शाता है कि दूरदर्शी योजना, गुणवत्तापूर्ण निर्माण और समयबद्ध क्रियान्वयन के माध्यम से वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव है। सुरक्षित और सुगम यातायात की यह नई व्यवस्था विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत आधारभूत संरचना और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है।

**-अभिषेक सिंह, उपसंपादक**

# दुनिया के लिए सबक यूरोप की असामान्य गर्मी



ग्लोबल वार्मिंग ने दुनियाभर में कहर ढाना शुरू कर दिया है। इसके कारण जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो गई है। अब तापमान वैश्विक औसत की तुलना में दोगुनी गति से बढ़ रहा है। इसके चलते लंबे समय तक चलने वाली हीटवेव की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। यूरोप की भीषण गर्मी इस बात की चेतावनी है। यूरोप की इस गर्मी को 'हीट डोम' कहें, 'हीटवेव' कहें या फिर उसे 'ओमेगा हीटवेव' की संज्ञा दी जाए, हकीकत यह है कि यूरोप भीषण गर्मी के साये में झुलस रहा है। यूरोप के कई देश 1970 के दशक की तुलना में दो महीने अधिक 'हीट स्ट्रेस' का भीषण असर झेल रहे हैं। इसके लिए ग्लोबल वार्मिंग और जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार हैं।मौसम विभाग के अनुसार यूरोप महाद्वीप के कई हिस्सों में हीट डोम बना हुआ है, जिससे भीषण गर्मी पड़ रही है। सूरज की गर्मी हर दिन इसमें वृद्धि करती है। नतीजतन, बारिश और ठंडी हवाएं भी राहत नहीं दे पातीं। हीट डोम बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ते हैं। इससे लोग लंबे समय तक गर्मी झेलने को मजबूर होते हैं। इस समय फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और इटली की सरकारों ने रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। पूरे स्पेन में गर्मी का अलर्ट है। बेल्जियम और नीदरलैंड में भीषण गर्मी के चलते अभी तक 3700 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। स्थानीय अधिकारियों की मानें तो आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। फ्रांस के अधिकांश हिस्सों में हाई अलर्ट है। वहां के 54 विभागों में रेड अलर्ट है। यहां 1947 के बाद इस बार भीषण गर्मी देखी गई है। हालात इतने खराब हैं कि गर्मी से राहत पाने की कोशिश में वहां जलाशयों व नदियों में गए तकरीबन 40 से ज्यादा लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। एफिल टावर के पास ट्रोकाडेरो फाउंटेन में गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कूदते देखे गए हैं। यही नहीं, वहां घरों में रहने वाले 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मौतों की तादाद सबसे ज्यादा, यानी 91 फीसदी है। बेल्जियम और नीदरलैंड में भी सबसे ज्यादा 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मौतें हुई हैं। यह हालात की भयावहता का जीता-जागता सबूत है। इन हालातों ने स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को बढ़ा दिया है। परिवहन सुविधाओं पर भी काफी दबाव पड़ा है। लोग मानने लगे हैं कि अब ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को गंभीरता से लेने का समय आ गया है। विशेषज्ञों के अनुसार यूरोप में गर्मी के रिकॉर्ड टूट सकते हैं। वैज्ञानिक इसे 'ओमेगा ब्लॉक' नामक दुर्लभ मौसमी पैटर्न की संज्ञा दे रहे हैं। उनके अनुसार ओमेगा ब्लॉक के चलते यूरोप के कई देशों में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है। इससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। स्कूल बंद करने पड़े हैं। बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है और पोल्ट्री फार्मों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार इस असामान्य गर्मी के पीछे 'ओमेगा ब्लॉक' नामक मौसमी पैटर्न है, जिसमें उच्च दबाव का क्षेत्र ग्रीक अक्षर 'ओमेगा' के आकार का बन जाता है। यह गर्म हवा को लंबे समय तक एक ही इलाके में रोककर रखता है, जिससे अमूमन तापमान सामान्य से 18 डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो सकता है। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिमी शहर पिसोस में तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। उत्तर-पश्चिमी शहर ब्रिटनी में बिजली आपूर्ति ठप रही है। वहीं, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को भी उत्पादन में सात फीसदी की कटौती करने को बाध्य होना पड़ा है। इसका कारण शीतलन के लिए वहां पर्याप्त पानी का अभाव था। इससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है और स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव पड़ा है। वहीं, इटली में सोलह शहरों में उच्च स्तर का हाई अलर्ट जारी करना पड़ा है। ब्रिटेन में बढ़ते तापमान के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा। फ्रांस में कारों में अत्यधिक तापमान के कारण कई छोटे बच्चे मौत के मुंह में चले गए। यहां के ब्रिटनी और पेज दे ला लोआर इलाके के अनेक पोल्ट्री फार्मों में अत्यधिक गर्मी से लाखों पक्षियों की मौत हो गई ।दरअसल, अध्ययनों ने एक साल पहले ही चेता दिया था कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण तीन गुना अधिक भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। नेचर रिव्यू अर्थ एंड एनवायरमेंट में प्रकाशित किंग्स कॉलेज के अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार, स्वस्थ और युवा वयस्कों को बढ़ती गर्मी के चलते होने वाली कठिनाई की सीमा तीन गुना होने की संभावना व्यक्त की गई थी। अध्ययनकर्ताओं ने चेतावनी दी थी कि जिन क्षेत्रों में अत्यधिक गर्मी जैसे हालात होंगे, वहां वृद्ध लोगों को गर्मी से 35 फीसदी अधिक खतरा होगा। अध्ययनकर्ता प्रोफेसर टॉम मैथ्यूज के अनुसार, यदि वैश्विक तापमान में वृद्धि निर्धारित मानक के अनुपात में दो डिग्री तक पहुंच जाती है तो इसके घातक परिणाम होंगे। इससे वृद्ध लोगों को झुलसाने वाली गर्मी की सीमाएं बढ़ेंगी। वहीं, इससे युवा आने वाले समय में अधिक जूझते नजर आएंगे। शोधकर्ताओं का दावा है कि असहनीय गर्मी में शरीर का मुख्य तापमान छह घंटे के भीतर 47 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है। यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। सरकारों को अब ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को गंभीरता से लेना होगा।

**इसके लिए ग्लोबल वार्मिंग और जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार हैं।मौसम विभाग के अनुसार यूरोप महाद्वीप के कई हिस्सों में हीट डोम बना हुआ है, जिससे भीषण गर्मी पड़ रही है। सूरज की गर्मी हर दिन इसमें वृद्धि करती है। नतीजतन, बारिश और ठंडी हवाएं भी राहत नहीं दे पातीं। हीट डोम बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ते हैं। इससे लोग लंबे समय तक गर्मी झेलने को मजबूर होते हैं। इस समय फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और इटली की सरकारों ने रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। पूरे स्पेन में गर्मी का अलर्ट है। बेल्जियम और नीदरलैंड में भीषण गर्मी के चलते अभी तक 3700 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। स्थानीय अधिकारियों की मानें तो आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है।**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अंशकालिक योग प्रशिक्षकों ने सांसद को सौंपा मांगपत्र, पूर्णकालिक नियुक्ति की उठाई मांग



**देवरिया।** जनपद के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एच डब्ल्यूसी) में कार्यरत अंशकालिक योग प्रशिक्षकों ने देवरिया सदर के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रशिक्षकों ने अंशकालिक सेवा को पूर्णकालिक करने तथा नियमानुसार सम्मानजनक वेतन देने की मांग उठाई। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि वे लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी भी अंशकालिक आधार पर कार्य करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से उनकी सेवाओं को नियमित एवं पूर्णकालिक करने की मांग की। सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने प्रशिक्षकों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन देते हुए कहा कि उनका मांगपत्र आयुष मंत्रालय तक पहुंचाने और आवश्यक स्तर पर प्रभावी पैरवी करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान योग प्रशिक्षक जितेंद्र दीक्षित, अमन मिश्रा, ममता तिवारी, धर्मेश पांडेय, गिरिजा शंकर विश्वकर्मा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### मुठभेड़ में पुलिस ने किया गोवंश तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, एक बदमाश घायल, चार गिरफ्तार



**देवरिया।** जिले की लार और भाटपाररानी थाने की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गोवंश तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपित के पैर में गोली लगी, जबकि तीन अन्य को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से आठ गोवंशीय पशु, एक अवैध तमंचा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार वाहन चेकिंग के दौरान लार थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर चनुकी पुल की ओर भाग निकला। सूचना मिलने पर भाटपाररानी पुलिस ने भी घेराबंदी की। पीछा करने के दौरान पिकअप बैरियर तोड़ते हुए एक पेड़ से टकरा गई, जिसके बाद उसमें सवार चार लोग भागने लगे। इसी दौरान एक आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी भेजा गया। घायल की पहचान सिवान (बिहार) निवासी मोहम्मद मुन्ना के रूप में हुई है। वहीं गिरफ्तार अन्य आरोपितों में मईल थाना क्षेत्र निवासी चंदन चौरसिया तथा लार थाना क्षेत्र के मोहम्मद फैजल और अनवर अंसारी शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जिलाधिकारी ने स्टांप मूल्यांकन व आईजीआरएस शिकायतों की मौके पर किया जांच

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को भाटपाररानी तहसील क्षेत्र में स्टांप मूल्यांकन और आईजीआरएस से संबंधित चार प्रकरणों की स्थलीय जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व एवं सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। स्टांप मूल्यांकन के दो मामलों में डीएम ने बेलपार पंडित निवासी चंद्रेश कुमार पांडेय और बहियारी बघेल में ऑर्बिट ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े भूमि क्रय-विक्रय प्रकरणों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी, राजस्व एवं निबंधन विभाग के अधिकारियों को विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा स्टांप शुल्क में कमी पाए जाने पर विधिक कार्रवाई करने को कहा। वहीं आईजीआरएस शिकायतों की जांच के दौरान भाटपाररानी नगर में सरकारी पोखर व तालाब की भूमि पर कथित अवैध कब्जे से जुड़े धारा-67 के लंबित मामले के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। बहियारी बघेल निवासी शांति देवी की शिकायत में धारा-116 के आदेश के अनुपालन में बाधा डालने की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी ने आदेश का तत्काल पालन कराने और अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## खजनी को मिले नए एसडीएम आनंद कुमार कटारिया

**» न्यायिक मजिस्ट्रेट से संभालेंगे प्रशासनिक कमान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी/गोरखपुर।** जनपद के विभिन्न रिक्त उप जिलाधिकारी (एसडीएम) पदों पर नई तैनातियां कर प्रशासन ने जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण कर दिया है। इसी क्रम में खजनी तहसील को भी नया उप जिलाधिकारी मिला है। अब तक खजनी तहसील में न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर रहे आनंद कुमार कटारिया को पदोन्नत जिम्मेदारी देते हुए उप जिलाधिकारी (एसडीएम) खजनी नियुक्त किया गया है। उनके कार्यभार संभालने के साथ ही तहसील प्रशासन में नई कार्यशैली और तेज प्रशासनिक व्यवस्था की उम्मीदें बढ़ गई हैं। खजनी तहसील जनपद की महत्वपूर्ण तहसीलों में गिनी जाती है। यहां राजस्व विवाद, भूमि संबंधी प्रकरण, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, कानून-व्यवस्था बनाए रखना, तहसील दिवस में आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जैसी अनेक जिम्मेदारियां एसडीएम के कंधों पर होती हैं। ऐसे में आनंद कटारिया के सामने चुनौतियां भी कम नहीं होंगी।

न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करते हुए आनंद कटारिया ने न्यायिक प्रक्रियाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की अच्छी समझ विकसित की है। अब उसी अनुभव का लाभ उन्हें एसडीएम के रूप में मिलेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि न्यायिक पृष्ठभूमि होने के कारण वे विवादों के त्वरित और निष्पक्ष समाधान पर विशेष ध्यान देंगे।

खजनी क्षेत्र में बरसात के दौरान जलभराव, अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा, चुनाव संबंधी तैयारियां तथा राजस्व वसूली जैसे विषय भी प्राथमिकता में रहेंगे। इसके अलावा जनता की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण और शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी प्रशासन देना भी उनकी अहम जिम्मेदारी होगी। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि नए एसडीएम विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ आम नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनेंगे और उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेंगे। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आनंद कुमार कटारिया अपने कार्यकाल में खजनी तहसील की प्रशासनिक व्यवस्था को कितना अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बना पाते हैं।

### अद्विक सेवा फाउंडेशन ने कराया विशाल भंडारा, समाजसेवा का दिया संदेश



**देवरिया।** अद्विक सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में मिश्रा फर्नीचर, सोंदा के प्रोपराइटर आनंद प्रकाश मिश्रा के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और समाजसेवा के इस प्रयास की सराहना की। भंडारे के आयोजन में उप निबंधन सहायक सैयद शहजाद अहमद, जेपी लाइट के विवेक जायसवाल, गोविंद मधेसिया, वरिष्ठ लिपिक दिनेश रावत, डॉ. विनोद सिंह, सचिन, मृत्युंजय प्रसाद, मिथिलेश चतुर्वेदी, पंकज जायसवाल, घनश्याम मणि, चंद्र भूषण सिंह और विवेक प्रताप सिंह सहित अनेक लोगों ने सहयोग किया। इस अवसर पर पत्रकार रवि रावत ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। आयोजक आनंद प्रकाश मिश्रा ने समाज सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए लोगों से ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की। वहीं उप निबंधन सहायक सैयद शहजाद अहमद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं तथा सभी को अपने स्तर पर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

## पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार करें गांवों के विकास का खाका- बीडीओ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के रतनपुर सभागार कक्ष में बुधवार को त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों और पंचायत सहायकों ने प्रतिभाग किया। पंचायत विभाग के विशेष निर्देश पर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रभावी ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करना रहा, ताकि गांवों का चौमुखी विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य प्रशिक्षक ओमप्रकाश ने डिजिटल और जमीनी स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास से संबंधित तमाम तकनीकी व व्यावहारिक बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों का खाका खींचा जाना चाहिए। प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मियों को बजट के सही आवंटन, प्राथमिकताओं के निर्धारण और विकास कार्यों की समयबद्ध तैयारियों के विशेष गुण सिखाए गए। बीडीओ अमित कुमार मिश्र ने सभी सचिवों और सहायकों को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपनी-अपनी पंचायतों की विकास योजना समय से पोर्टल पर अपलोड करने के कड़े निर्देश दिए। इस उच्चस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अमला और पंचायत प्रतिनिधि मुख्य रूप से सक्रिय नजर आए। मौके पर एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद, कंसल्टिंग इंजीनियर हरिश्चन्द्र के साथ ग्राम पंचायत सचिव संजय पाण्डेय, दिनेश पासवान, पुष्पेन्द्र राय और परमेश्वर दूबे मौजूद रहे। इसके अलावा डिजिटल कार्यों को गति देने वाले पंचायत सहायक विकास यादव, राकेश कुमार, गिरिजेश पासवान, राहुल, संजय, श्रवण, आशीर्वाद, अशोक, नीलम, नगीना, रीमा राय, अनीता, संध्या साहनी, प्रदीप, नीरज, अनिरुद्ध, ऋषिराज और वासदेव चौधरी सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चाची को दी अंतिम विदाई, लौटते समय युवक की दर्दनाक मौत

**» चाची की चिता की राख भी नहीं हुई ठंडी, घर लौटते समय मौत ने छीन ली धर्मेंद्र की सांसें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** कहते हैं कि नियति के आगे किसी का बस नहीं चलता। खजनी थाना क्षेत्र के सतुआभार गांव में मंगलवार की रात घटी दर्दनाक घटना ने इस कहावत को सच साबित कर दिया। परिवार अभी चाची के निधन के गम से उबर भी नहीं पाया था कि घर लौटते समय एक और हादसे ने पूरे परिवार को जिंदगी भर का दर्द दे दिया। चाची के दाह संस्कार से लौट रहे युवक की चलती बस से गिरकर मौत हो गई। एक ही दिन में दो-दो मौतों से पूरे गांव में मातम पसरा है। सतुआभार निवासी धर्मेंद्र कुमार (पुत्र जित्तू प्रसाद) अपने परिजनों और ग्रामीणों के साथ चाची के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बड़हलगंज मुक्तिधाम गए थे। देर रात सभी लोग बस से वापस गांव लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र बस के गेट के पास खड़े थे। गौरा बाजार के निकट अचानक चालक द्वारा तेज ब्रेक लगाने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वह चलती बस से सड़क पर जा गिरे। बस में सवार लोगों ने चीख-पुकार के बीच तत्काल बस रुकवाई और गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही खजनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही धर्मेंद्र की मौत की खबर सतुआभार गांव पहुंची, पूरे गांव में कोहराम मच गया। जिस घर में कुछ घंटे पहले चाची की मृत्यु पर शोक मनाया जा रहा था, उसी घर में जवान बेटे की मौत की खबर पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और हर किसी की आंखें नम हैं। धर्मेंद्र अपने पीछे पत्नी और तीन मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार का सहारा अचानक छिन जाने से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, जबकि पत्नी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में हर कोई यही कह रहा है कि भगवान ने इस परिवार की बहुत कठिन परीक्षा ली है। यह हादसा एक बार फिर चलती बस में गेट पर खड़े होकर यात्रा करने के गंभीर खतरे की याद दिलाता है। एक पल की असावधानी या मजबूरी ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। चाची की चिता की राख भी ठंडी नहीं हुई थी कि नियति ने धर्मेंद्र को भी अपनों से हमेशा के लिए जुदा कर दिया। अब सतुआभार गांव में हर ओर सिर्फ सन्नाटा, आंसू और एक ही सवाल है–आखिर इस परिवार का कसूर क्या था?

### पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर किया दर्जनों वाहनों का चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सेवतरी चौकी पुलिस ने बुधवार की शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कागजों में त्रुटि पाए जाने वाले दर्जनों वाहनों का चालान किया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह के निर्देश पर चौकी प्रभारी पवन कुमार राय ने सेवतरी स्थित बार्डर डेवलपमेंट मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर हर आने-जाने वाले दोपहिया व चार पहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। इस औचक कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने वाहनों के रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट और प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे अनिवार्य दस्तावेजों की सघन तलाशी ली, जिसमें बड़ी संख्या में वाहनों के कागजातों में त्रुटि और कमियां पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत तत्काल ई-चालान काटने की कार्रवाई की गई। सीमावर्ती क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, संदिग्धों की धरपकड़ करने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने बिना हेलमेट फर्राटा भर रहे चालकों और तीन सवारी बैठाने वाले हुड़दंगियों पर भी सख्त शिकंजा कसा, जिससे नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई और कई चालक पुलिस को देखकर रास्ते से ही गाड़ी मोड़कर भागते नजर आए। चेकिंग के दौरान सेवतरी चौकी प्रभारी पवन कुमार राय ने वाहन स्वामियों को सख्त हिदायत देते हुए अपील की है कि सभी वाहन चालक सफर के दौरान हमेशा वैध कागजात साथ रखें और यातायात नियमों का पालन करें, क्योंकि सुरक्षा के लिहाज से सीमावर्ती इलाकों में यह चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। वाहन चेकिंग के दौरान कांस्टेबल मुकेश कुमार सिंह, जितेश कुमार, रविशंकर कुमार, शुशांक शेखर आदि मौजूद रहे।

### समानता और मानवता के प्रतीक रहे पूर्व विधायक रूद्र प्रताप सिंह

**देवरिया।** जिला पंचायत सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत समाजसेवी एवं समाजवादी नेता रुद्र प्रताप सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के नेताओं ने उन्हें समानता, मानवता और समाजवाद का सशक्त प्रतीक बताते हुए उनके योगदान को याद किया। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि रुद्र प्रताप सिंह मानवतावाद और समानता के प्रबल समर्थक थे तथा उन्होंने जीवनभर अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। बरहज विधायक दीपक मिश्रा 'शाका' ने उन्हें व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार बताते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। पूर्व विधायक गजाला लारी ने कहा कि समाजवादियों ने अपना सच्चा अभिभावक खो दिया है, जबकि पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवाद के संस्कार उन्हें रुद्र प्रताप सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं से मिले। सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, पूर्व मंत्री नीरज शाही सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सच्चिदानंद शाही तथा संचालन रवि प्रकाश मिश्र ने किया।

### कल्याणकारी शिविर में विधायक ने लाभार्थियों को सौंपा स्वीकृति प्रमाण-पत्र

**देवरिया।** सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान अभियान के तहत बुधवार को तहसील भाटपाररानी सभागार में संयुक्त कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए कहा कि सरकार गरीब, पिछड़े, दिव्यांग, अल्पसंख्यक और जरूरतमंद लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से 10 दिव्यांगजनों को कान की मशीन एवं प्रमाण-पत्र दिए गए। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने शादी अनुदान योजना के चार लाभार्थियों तथा छात्रवृत्ति योजना के 30 छात्र-छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किए। वहीं जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने 10 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किए।

## स्कूल चलो अभियान के तहत किया गया एक विशाल पैदल मार्च




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** 15 जुलाई, बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पाली से महराजगंज कस्बे तक 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में सैकड़ों शिक्षकों और उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराजगंज के छात्रों ने बैंड-बाजे के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पैदल मार्च परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था। मार्च के दौरान, शिक्षकों और छात्रों ने लोगों को सरकार द्वारा परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों और शिक्षा के उन्नयन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने इस अवसर पर शिक्षकों को प्रेरित करते हुए प्रति विद्यालय पांच नए छात्रों का नामांकन बढ़ाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे शिक्षा के महत्व को समझें और लोगों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करें। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष मधुकर सिंह, दयाशंकर अवस्थी दिलीप अवस्थी दिव्या प्रताप प्रदीप चौरसिया राकेश गौतम सुरेश द्विवेदी प्रियंका पांडे मीणा राधा रानी सीमा गुप्ता रेखा मौर्य सावित्री आरती जयसवाल पूजा सिंह नीलमा श्रीवास्तव पूनम समेत सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र मौजूद रहे।

## 11वीं रैंक के साथ उपनिरीक्षक बने प्रवीण कुमार शुक्ल

**» क्षेत्र में खुशी की लहर गांव के बेटे ने बढ़ाया जनपद का गौरव**

**» सिपाही से उपनिरीक्षक बने प्रवीण कुमार शुक्ल का होगा भव्य सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा/बहराइच।** मेहनत, लगन और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम एवं पोस्ट रनियापुर गोबरही निवासी प्रवीण कुमार शुक्ल, पुत्र नान बच्चा शुक्ल, ने उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़ी सफलता हासिल की है। वर्ष 2016 से सिपाही के पद पर सेवाएं दे रहे प्रवीण कुमार शुक्ल का चयन उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) पद पर हुआ है। उन्होंने चयन सूची में 11वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, क्षेत्र और जनपद का गौरव बढ़ाया है।वर्तमान में प्रवीण कुमार शुक्ल की तैनाती श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर, अयोध्या में है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और उन्हें लगातार शुभकामनाएं मिल रही हैं।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में रघुबाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दुबे उर्फ गोली दुबे के नेतृत्व में शनिवार को रघुबाबा मंदिर परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रवीण कुमार शुक्ल को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। संस्थान ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सम्मान समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

## 500 मीटर पीछा, झपटमार बेनकाब

**● महिला से सोने की बाली झपटने की वारदात का तेजी से खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी/गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र में महिला से सोने की कान की बाली झपटने की वारदात का त्वरित खुलासा करने पर अपराध निरीक्षक दीनानाथ सरोज को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ (आईपीएस) ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, सूझबूझ और तकनीकी जांच के दम पर घटना का सफल अनावरण होने पर यह सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से खजनी पुलिस का मनोबल बढ़ा है। महुआडाबर चौकी क्षेत्र के कंदराई के पास मीना देवी पासवान, पत्नी दिलीप कुमार, निवासी हरिजनपुर थाना उरुवा बाजार, अपने पति के साथ प्लेटिना बाइक से जा रही थीं। इसी दौरान सुबह करीब 10:30 बजे काली पल्सर बाइक पर सवार दो बदमाशों ने महिला के कान से करीब एक ग्राम सोने की बाली झपट ली और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दीनानाथ सरोज पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी।

पुलिस ने घटनास्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर संदिग्ध वाहन बरामद कर लिया। इसके बाद थाना खजनी में मुकदमा संख्या 219/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन तथा पीड़िता एवं उसके पति की पहचान के आधार पर स्थानीय निवासी अमित चौरसिया, राजू प्रजापति और किशन चौरसिया को हिरासत में लिया। भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के समुचित संकलन के बाद पुलिस ने घटना का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया।

**कर्तव्यनिष्ठा और कार्यकुशलता की हुई सराहना** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने प्रशस्ति पत्र में अपराध निरीक्षक दीनानाथ सरोज की कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता, व्यावसायिक दक्षता, सूझबूझ और प्रभावी नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस तत्परता और जिम्मेदारी के साथ घटना का खुलासा किया गया, वह पूरे पुलिस बल के लिए प्रेरणादायक है।

### विद्यालय विवाद में बड़ा एक्शनः प्रधानाध्यापिका निलंबित, सहायक अध्यापक को नोटिस

**सहजनवा/गोरखपुर।** पाली विकासखंड के ग्राम सभा पट्टी धर्मदास स्थित प्राथमिक विद्यालय में 9 जुलाई को प्रधानाध्यापिका सरोज गौतम और सहायक अध्यापक डॉ. पुष्पेंद्र सिंह के बीच हुए विवाद के बाद शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और जनप्रतिनिधि विद्यालय परिसर में पहुंचे और विद्यालय को बंद करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान ग्राम प्रधान महेंद्र यादव, पूर्व प्रधान राममिलन यादव, हरिश्चंद्र शर्मा, रामबरन प्रजापति, राजेश शुक्ला, हरिकेश यादव, सत्य प्रकाश शुक्ला, दिवाकर शुक्ला, सूरज यादव, ग्रामीणों का कहना था कि विद्यालय में हुए विवाद का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है और पिछले तीन दिनों से अधिकांश बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं। इस बीच जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद विभाग ने कार्रवाई की गई है। जांच में प्रधानाध्यापिका सरोज गौतम प्रथम दृष्टया दोषी पाई गई हैं, जिसके चलते उन्हें निलंबित कर दिया गया है। वहीं, सहायक अध्यापक डॉ. पुष्पेंद्र सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बीएसए ने कहा कि निर्धारित समय के भीतर यदि डॉ. पुष्पेंद्र सिंह अपना जवाब नहीं देते हैं या उनका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## किसान दिवस में सीडीओ ने सुनी किसानों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिये निर्देश

**» किसानों की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त- मुख्य विकास अधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, विद्युत तथा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक का शुभारंभ उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने किसान दिवस के उद्देश्य की जानकारी दी। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से खुलकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने का आग्रह किया। बैठक में विकास खण्ड मान्धाता के हैंसी के किसान सुधीर प्रताप सिंह ने विश्वनाथगंज पशु चिकित्सालय से पशुओं के लिए हरा चारा उपलब्ध न होने की समस्या रखी। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी किसान ने अपने 10 बिस्वा तालाब के लिए मत्स्य बीज उपलब्ध कराने की मांग भी की, जिस पर कार्यकारी मत्स्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम सरखेलपुर विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम की नजीरूल निशा ने 10 केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर विद्युत कनेक्शन दिलाने की मांग की। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत को मौके का सत्यापन कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं ग्राम पुर्बिया पट्टी विकास खण्ड सदर के किसान सरोज कुमार सिंह ने बताया कि उनका किसान पंजीकरण त्रुटिवश विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ में दर्ज हो गया है, जिसके कारण उन्हें समय पर बीज एवं अन्य कृषि सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर उप कृषि निदेशक ने उन्हें आवश्यक अभिलेखों के साथ कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने को कहा तथा समस्या के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना ने कहा कि किसानों एवं आमजन की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उप कृषि निदेशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं, कृषि निवेशों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, उद्यान, सहकारिता, सिंचाई, मत्स्य, पशुपालन, दुग्ध विकास एवं अन्य कृषि हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर, कार्यकारी मत्स्य अधिकारी, खाद्य विपणन अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक (बैंक ऑफ बड़ौदा), सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, अधिशासी अभियंता विद्युत, सिंचाई एवं लघु सिंचाई, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जिला प्रबंधक, इफको के क्षेत्रीय प्रभारी, दुग्ध विकास विभाग के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## कस्बा नदीगांव की बेटी निकेता बनी पुलिस सब इंस्पेक्टर

**कोंच(जालौन)**– तहसील कोंच क्षेत्र के छोटे से कस्बा नदीगांव की होनहार बेटी निकेता यादव का चयन सब इंस्पेक्टर के पद पर होने पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कस्बा नदीगांव के वार्ड नंबर एक कटरा मोहल्ला निवासी अनिल उर्फ मंगल सिंह की पुत्री निकेता यादव का चयन गत मंगलवार को घोषित यूपीएसआई परीक्षा परिणाम के बाद सब इंस्पेक्टर के पद पर होने की जानकारी लगते ही कस्बा सहित क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परिजनों का मुंह मीठा कराया और बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना रूपी आशीर्वाद दिया। निकेता ने इंटरमीडिएट एसटीके बालिका विद्यालय कोंच से अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी जिसके बाद उसने यूपीएसआई परीक्षा की तैयारी के लिए कानपुर में कोचिंग ली थी।

## वृक्ष धरा के हैं आभूषण - डॉ. आशुतोष मिश्र

**कानपुर ग्रामीण।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें प्रकृति के संरक्षण हेतु प्रेरित करना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय में वन महोत्सव के अवसर पर विविध पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हरित शिरोभूषण धारण कर पर्यावरण संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया। वहीं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पत्तियों की छापांकन कला, हरित वेशभूषा प्रदर्शन तथा वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए प्रकृति के प्रति अपने दायित्व का परिचय दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा उन्हें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

## कांवड़ यात्रा व आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, एसएसपी आदित्य लांग्हे ने किया पैदल मार्च



**टूण्डला** – कांवड़ यात्रा एवं आगामी त्योहारों के मद्देनज़र कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च निकाला गया। पैदल मार्च सुभाष चौराहा, स्टेशन रोड, मुख्य बाजार सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएसपी आदित्य लांग्हे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पर तत्काल कार्रवाई करने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

## धौरहरा विधानसभा: बच्चों की शिक्षा से बड़ा खिलवाड़?

**धौरहरा, लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत प्रतापी भेड़ स्थित संविलियन विद्यालय एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है।ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए एक भवन का निर्माण कराया गया, लेकिन न तो भवन का निर्माण पूरी तरह पूरा हुआ, न उसका उद्घाटन हुआ और अब वह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। लोगों का कहना है कि जिस भवन का लाभ बच्चों को मिलना चाहिए था, उसमें बच्चे एक दिन भी नहीं बैठ पाए।क्षेत्रवासियों का सवाल है कि इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी किसकी थी? यदि निर्माण में अनियमितता हुई है तो इसकी जांच कौन करेगा और जिम्मेदार अधिकारियों तथा संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई होगी? ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय तो जनता के बीच आते हैं, लेकिन बाद में क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। लोगों ने यह भी कहा कि विद्यालय की बदहाल स्थिति पर अब तक न जनप्रतिनिधियों और न ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की प्रभावी पहल दिखाई दे रही है।क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बच्चों की शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

# ट्रेड डील के खिलाफ किसानो का आंदोलन

## भारत अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ देश बचाओ मोर्चा के आंदोलन का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारत अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ देश बचाओ मोर्चा के आंदोलन का शुभारंभ। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह नेतृत्व में गांव से गोला तहसील तक बाइक रैली निकालकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी गोला युगांतर त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया भारत अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता(फ्री ट्रेड डील) भारतीय किसानों के लिए डेथ वारंट है जो किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं है। हम सब स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं की प्रस्तावित भारत अमेरिका ट्रेड दिल देश के किसानों खेत मजदूर पर पलकों छोटे व्यापारियों लघु उद्योगों तथा देश की खाद एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है या समझौता भारतीय कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा इसलिए यह समझौता किसानों के लिए डेथ वारंट है जो किसी भी हालत में भारतीय किसानों को स्वीकार नहीं है देश बचाओ मोर्चा इस भारत अमेरिका ट्रेड डील का पूर्ण रूप से विरोध करता है यह दिल किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है हम सब भारत सरकार से स्पष्ट रूप से मांग करते हैं कि भारत अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा देश के किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा की जाए अगर सरकार हमारी इस नियोजित मांग की अनदेखी करती है तो देश बचाओ मोर्चा देश भर में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अध्यापक आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। इस मौके पर अंजनी दीक्षित जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन बलकार सिंह किसान यूनियन चनडूनी जिला अध्यक्ष नरेश सिंह भदोरिया पोल खोल पार्टी सरदार जागीर सिंह, सरदार विचित्र सिंह दविंदर सिंह दूली चंद्र वर्मा राजेंद्र वर्मा आशीष कुमार मिश्रा राकेश कुमार मिश्रा सरमन यादव सगीर अहमद राजेश कुमार मिश्रा बाल गोविंद वर्मा धर्मेंद्र वर्मा सुरेंद्र वर्मा ओमप्रकाश प्रमोद कुमार इंद्रपाल रामपाल देवकीनंदन देवकी नंदन धर्मेंद्र सिंह यादव मनोज पैंलवी हरिराम मनदीप सिंह देवेंद्र सिंह दलविंदर सिंह ओम प्रकाश लाल दिलीप कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सड़क पर सामने कुत्ता देख अनियंत्रित होकर खंदक में गिरी कार, मां बेटे घायल

**कोंच(जालौन)**– कोंच-उरई रोड पर उस समय एक हादसा घटित हो गया जब एक कार चालक अचानक से सड़क पर आए एक कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार की स्टेयरिंग पर से नियंत्रण खो बैठा जिसके चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में चली गई। हादसे में मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने कार के अंदर फंसे दोनों को बाहर निकलवाया और बाइक की मदद से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे में मां को तो मामूली चोट आई है पर बेटा बुरी तरह घायल हो गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया। उरई निवासी मनमीत सिंह (34) कार से अपनी मां के साथ नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हरी जा रहा था तभी कोंच-उरई मार्ग पर ग्राम पड़री के समीप अचानक से सड़क पर एक कुत्ता आ गया जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंदक में चली गई। हादसे में मनमीत सिंह के सिर में गहरी चोट आई है।

## गंगा बैराज का डीएम ने किया निरीक्षण

### जलस्तर का लिया जायजा; गहरे पानी में स्नान न करने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** मानसून के मद्देनजर गंगा नदी के जलस्तर पर सतत निगरानी के क्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को गंगा बैराज स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर जलस्तर एवं बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से दैनिक जलस्तर, संभावित परिस्थितियों तथा राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। फ्लड कंट्रोल कार्यालय के अनुसार बुधवार सुबह आठ बजे गंगा बैराज पर अपस्ट्रीम जलस्तर 112.500 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम 111.900 मीटर दर्ज किया गया। बैराज से 88,557 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। यहां चेतावनी स्तर 114.000 मीटर तथा खतरे का निशान 115.000 मीटर निर्धारित है। वर्तमान जलस्तर चेतावनी स्तर से 1.50 मीटर और खतरे के निशान से 2.50 मीटर नीचे है। वहीं शुक्लागंज गेज पर जलस्तर 110.510 मीटर दर्ज किया गया, जो वहां निर्धारित चेतावनी एवं खतरे के स्तर से काफी नीचे है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति पूरी तरह सुरक्षित है और किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है।जिलाधिकारी ने बताया कि सभी उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिए गए हैं कि जहां लगातार वर्षा के कारण जलस्तर बढ़ा है, वहां चेतावनी संकेत अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। इसी क्रम में परमट घाट, गुप्ता घाट, भैरव घाट सहित बिल्हौर तहसील एवं सदर क्षेत्र के विभिन्न घाटों और जलभराव वाले स्थानों पर चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं, ताकि लोग गहरे पानी वाले स्थानों की पहचान कर सकें और किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि वर्षा ऋतु में गहरे पानी में स्नान न करें तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

## विधिक जागरूकता शिविर में छात्र छात्राओं को दी गई जानकारियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**– स्थानीय अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलेज में बुधवार को तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रेमनारायण वर्मा ने की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं को अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं, अधिकारों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने शिविर को संबोधित करते हुए वीमेन हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना, साइबर ठगी, महिलाओं के उत्पीड़न, बाल शोषण अथवा अन्य किसी समस्या की स्थिति में बिना घबराए तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर संपर्क करें। समय पर दी गई सूचना से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है तथा पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, किसी के साथ बैंक खाते, ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा साइबर अपराध होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की अपील की। पुलिस विभाग की कुमकुम यादव व अर्चना केशरवानी ने महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी। सदर लेखपाल दिग्विजय सिंह ने आय जाति निवास आदि के बारे में जानकारी दी। सीएचसी कोंच के सुरजीत सिंह ने स्वास्थ के बारे में जानकारी दी। बीआरसी कोंच के फिरोज खान और विकास ने संयुक्त रूप से शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की। जन साहस उरई से आए राहुल यादव ने मजदूर हेल्पलाइन के बारे में बताया। कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के लिए भी जागरूक और निर्वाह करने पर जोर दिया। शिविर को प्रधानाचार्य प्रेमनारायण वर्मा, बाल विकास विभाग से मुख्य सेविका भारती, पीएलबी स्नेशराजा, अलका भारती आदि ने संबोधित किया। संचालन पीएलबी जगपाल ने किया।

## भदपुरा क्षेत्र पंचायत की अंतिम बैठक में कई करोड़ के प्रस्ताव आये जिन्हें सम्मिलित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** विकासखंड भदपुरा क्षेत्र पंचायत की अंतिम बैठक आज ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता यहां की ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार ने की बैठक में पहुंचे विधायक का जोरदार स्वागत किया गया 12:00 बजे बैठक की कार्यवाही ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई बैठक के प्रारंभ में पूर्व बैठक में स्वीकृत किए गए प्रस्तावों को पढ़कर सुनाया गया। जिसको सदन द्वारा धुनी मत से पारित कर अनुमोदन किया गया बैठक के प्रारंभ में पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने जब योजनाओं पर चर्चा प्रारंभ की तो ग्राम प्रधानों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बताया गया अस्पताल में?20 लेकर दबा दी जाती है जिसको लेकर डॉक्टर के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था सभी ने इस कार्य की निंदा की बाल विकास परियोजना अधिकारी विष्णु पांडे ने जब योजनाओं जानकारी देना। प्रारंभ किया को प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार ने स्वयं सहायता समूह द्वारा परियोजना से सामान उठाकर केंद्रो पर ले जाने का किराया न दिए जाने का मामला उठाया इसको लेकर बाल विकास परियोजना अधिकारी कोई जवाब नहीं दे सके इस को लेकर खंड विकास अधिकारी ईशा हर्षिता अग्निहोत्री ने इस मामले को संज्ञान में लेकर जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया सहकारिता विभाग से ए डी सी ओ उमेश कुमार ने जब खाद पर चर्चा करने का उल्लेख किया। तो ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने समितियां पर हो रही गांधी की शिकायत की इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा कहा पूर्व की भांति इस बार ढाई गुना अधिक खाद वितरित की गई है इस पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा जब किसानों को मानक के अनुरूप खाद नहीं मिल पा रही है उसको ढाई गुना खास कहां बेच दी। इसी दौरान साधन सहकारी समिति क्यों लड़ियां एवं नकटी नारायनपुर के सचिवों द्वारा कथित धांधली किए जाने का मामला उठाया गया इस पर क्यों लड़ियां की के सचिव पर कथित घोटाले का मामला बैठक में छाया रहा इस पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा सचिवों अपना व्यवहार नहीं बदला तो यह जनता उन्हें सरेआम जूते से पीटेगी। किसके लिए विभाग स्वयं जिम्मेदार होगा यदि किसानों पर कार्यवाही होगी तो हम किसने की ताल ठोक कर मदद करेंगे क्षेत्र पंचायत की बैठक में कई करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए जिन्हें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार के अनुसार शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि के अनुसार विकास कार्य संपन्न कराए जाएंगे इस बैठक में गन्ना समिति सचिव मेधा चतुर्वेदी जस्ट गन्ना विकास निरीक्षक पटेल विधायक दो एमपी आर्य प्रभारी चिकित्सा अधिकारी क्यों लड़िया डॉक्टर मोहम्मद मुगीश। खंड विकास अधिकारी ईशा हर्षिता अगिनहोत्री जे ई अनिल कुमार सिंह शांति शुरू वीडियो पंचायत पूर्ति निरीक्षक नवाबगंज अरुण कुमार बाजपेई खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार समेत अनेकों अधिकारी उपस्थित थे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने बैठक को संबोधित करते हुए दाबा किया और कहा उन्होंने पूरे कार्यकाल में सरकार की मनसा के अनुरूप कार्य करके किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया 79 ग्राम पंचायत का हवाला देते हुए कहा प्रत्येक गांव में क्षेत्र पंचायत के द्वारा विकास कार्य कराए गए हैं। जैसा कि सरकार द्वारा सबका



साथ सबका विकास का नारा दिया गया उसे हमने धरातल पर उतरने का काम किया है क्षेत्र पंचायत के कार्यकाल की अंतिम बैठक में उन्होंने जोर देते हुए कहा शान द्वारा जो भी धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी उसका भी विकास कार्य जनता को समर्पित किया जाएगा इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार ने की और संचालन ए डी ओ पंचायत यहां पर उपस्थित ग्राम प्रधान भूपेंद्र कुमार रफीक अहमद आबिद अली। भाजपा मंडल अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह खेमकरण लाल गगवार बलराम सिंह अर्जुन सिंह सनी कुमार सतपाल कश्यप हरिनंदन गंगवार सत्येंद्र मोहन रामचंद्र बलराम सिंह योगेंद्र कुमार अनीश अहमद लालाराम नरेश कुमार मुकेश कुमार त्रिवेंद्र कुमार यज्ञ देव गंगवार समेत भारी संख्या में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य गण उपस्थित थे।

## कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में गोविंद नगर में जारी सघन गश्त, कई गये जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां गोविंद नगर पुलिस की सक्रियता पीड़ितों सहायता और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में अग्रणी चल रही है। यही नहीं पुलिस की परिश्रम पूर्ण सक्रियता के फलस्वरूप छोटी बड़ी ऐसी कोई घटना नहीं है ,जिसका सटीक खुलासा करते हुए सभी अपराधियों को जेल का रास्ता ना दिखाया गया हो। सबसे खास बात यह भी कि तत्काल प्रभावी कार्रवाई के फल स्वरूप गोविंद नगर पुलिस अब ऐसी नौबत ही नहीं आने देती कि कोई कानून और शांति व्यवस्था के खिलाफ नेतागिरी का साहस कर सके। मतलब आजकल गोविंद नगर से नेतागिरी लगभग खत्म हो चुकी है। जबकि इसके पहले यहां विभिन्न मामलों को लेकर पुलिस तथा शांति और कानून व्यवस्था के खिलाफ अपराधियों के पक्ष में नेतागिरी करने वालों की भीड़ लगी रहती थी। अवगत कराते चलें कि गोविंद नगर की कमान आजकल अपनी नौकरी के अबतक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल हो चुके तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और बचन के पक्के माने जाने वाले इंस्पेक्टर अशोक दुबे के हाथ में है। जानकारी के मुताबिक भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले लोकहित में अपनी धुन के पक्के इंस्पेक्टर अशोक दुबे सराहनीय प्रगाढ़ सेवा भाव के चलते उनके पास आने वाला कोई भी फरियादी कभी निराश होकर नहीं लौटता। यह कारण है कि किसी को भी थाने में नेतागिरी करने का मौका नहीं मिलता ,जबकि पहले ऐसे ही मौके थाने में बवाल का कारण भी बनते रहे हैं। अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन में भी अग्रणी तथा पीड़ितों की तत्काल सहायता और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के लिए भी चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के गोविंद नगर के जुझारू तेवरों वाले निडर इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे की जनहित में कार्य शैली का ही परिणाम है कि आजकल कोई भी नेता थाने में दिखाई नहीं पड़ता ,क्योंकि इंस्पेक्टर अशोक दुबे खुद ही किसी भी पीड़ित के लिए तब तक जुटे रहते हैं। जब तक उसकी समस्या का संतोषजनक निस्तारण नहीं हो जाता। इसी के साथ उनकी कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करने की वजह से किसी को ऐसा मौका ही नहीं देते कि वह कानून और शांति व्यवस्था के खिलाफ अपनी नेतागिरी चमका सके। इसकी वजह उनका शिवत्व स्वभाव वाला होना बताया जाता है। यहां शिवत्व यानी भगवान शंकर जैसा स्वभाव का सीधा मतलब उचित पात्र की हर संभव सहायता के साथ ही कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत के अनुरूप व्यवहार से है। वैसे भगवान शंकर के स्वभाव में दो और विशेषताएं शामिल हैं - पहली है - अनुचित के खिलाफ उनका क्रोध और दूसरी है, किसी भी उचित पात्र की सीमाओं के भी पार जाकर सहायता के रूप में असीम कृपा। इस कथन के दायरे से हताश और निराश व्यक्ति के भी चेहरे पर मुस्कान बिखेर देने वाले इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे की कार्यशैली भी बाहर नहीं मानी जाती। जहां तक पुलिस इंस्पेक्टर के रूप में अशोक दुबे के सांसारिक कर्तव्य निर्वहन की बात है। कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में अनगिनत पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है, जिसका क्रम गोविंद नगर में भी लगातार जारी है।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने राष्ट्रपति के नाम 7 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/नवाबगंज।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में बुधवार को तहसील नवाबगंज में राष्ट्रपति के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार नवाबगंज को सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों और आमजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रयागराज में भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह सहित किसानों पर दर्ज 11 मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही प्रदेश में किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए तथा नकली खाद, नकली बीज और नकली दवाइयों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए। किसान यूनियन ने आवारा पशुओं से हो रहे सड़क हादसों और किसानों की फसलों के नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी आवारा पशुओं को गोशालाओं में भेजने की मांग की। ज्ञापन में अयोध्या राम मंदिर चंदा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा मंदिरों में आने वाले चंदे का उपयोग गोशालाओं के निर्माण एवं गौसेवा में किए जाने का सुझाव भी दिया गया। इसके अलावा चीनी मिलों द्वारा किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की गई। ज्ञापन में विशेष रूप से बरेली जिले की बहेड़ी शुगर मिल और नवाबगंज की ओसवाल शुगर मिल द्वारा किसानों का लंबित भुगतान जल्द दिलाने की मांग उठाई गई। भारतीय किसान यूनियन ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इससे भारतीय किसानों और डेयरी क्षेत्र को नुकसान हो सकता है।

संगठन ने सरकार से किसानों के हितों की रक्षा करते हुए इस विषय पर पुनर्विचार करने की मांग की। इस अवसर पर जिलाजिला प्रभारी चंद्रप्रकाश गंगवार सहित भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के अनेक पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ द्वारा किया गया पौधारोपण



**कोंच(जालौन)**– भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुधवार को तहसील स्थित भारत माता मंदिर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संगठन से जुड़े सदस्यों ने विभिन्न किस्म के फल, औषधि एवं छायादार पौधे रोप कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। संगठन के जिला महामंत्री नवीन कुशवाहा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आमजन से आह्वान किया। इस दौरान मिस्टर पटेल, घनश्याम शाक्य, आवेश जाटव, हरिओम याज्ञिक, अंशु कुमार, पुनीत वैभव आदि मौजूद रहे।

## पॉक्सो एक्ट में दर्ज हुई एफआईआर

**कोंच(जालौन)**– कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी के साथ पड़ोसी युवक द्वारा घर में घुसकर उसके कपड़े फाड़कर छेड़खानी करने और विरोध करने पर गाली गलौच कर मारपीट करने की घटना में पुलिस ने आरोपी युवक अईया के विरुद्ध दफा 34, 333, 351(2), 352, 7/8 पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़ित नाबालिग किशोरी ने गत दिवस पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया था कि शनिवार/रविवार की रात वह अपने घर पर सो रही थी तभी पड़ोसी युवक अईया उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेडखानी करने लगा जिससे वह नींद से जाग गई।

उसने विरोध किया तो आरोपी ने गाली गलौच कर मारपीट करते हुए उसके शरीर के कपड़े फाड़ दिए। उसके चीखने पर माँ आ गई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

## घाटमपुर को मिला स्थायी तहसीलदार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**घाटमपुर।** कानपुर नगर जनपद की तहसील घाटमपुर को लंबे समय बाद स्थाई तहसीलदार मिल गया है,, मंगलवार देर रात जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार गौतमबुद्ध नगर जनपद से स्थानान्तरण पर कानपुर नगर आए ओमप्रकाश पासवान को घाटमपुर तहसीलदार के पद पर नियुक्त किया गया है,,उनकी नियुक्ति के बाद तहसील क्षेत्र के राजस्व और प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है,,अब तक घाटमपुर तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार नायब तहसीलदार अंकिता पाठक के पास था,वह तहसीलदार और नायब तहसीलदार दोनों जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर रही थी, स्थाई तहसीलदार की तैनाती के बाद अंकिता पाठक अब अपने मूल पद नायब तहसीलदार के दायित्वों का निर्वाहन करेंगी,, जिससे प्रशासनिक कार्यों का बेहतर विभाजन हो सकेंगा,, ओमप्रकाश पासवान इससे पहले गौतमबुद्ध नगर जनपद में अपनी सेवाएं दे रहे थे, प्रशासनिक अनुभव और राजस्व मामलों की जानकारी को देखते हुए उन्हें घाटमपुर तहसीलदार की जिम्मेदारी सौंपी गई है,, तहसील में लंबे समय से नियमित तहसीलदार की तैनाती नहीं होने के कारण कई प्रशासनिक और राजस्व काम अतिरिक्त प्रभार के आधार पर संचालित किए जा रहे थे,, स्थानीय लोगों और वकीलों ने भी तहसील में स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति का स्वागत किया हैं,,उनका मानना है कि अब नामांतरण वरासत,भूमि,विवाद, राजस्व न्यायालयों के मामलों और अन्य प्रशासनिक कार्यों के निस्तारण में तेजी आएगी,,साथ ही फरियादियों को भी समय पर सुनवाई और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था का लाभ मिलेगा , जिला प्रशासन द्वारा की गई इस नियुक्ति को घाटमपुर तहसील की व्यवस्था को मजबूत करने की दशा में एक महत्वपूर्ण क़दम माना जा रहा है।

## सालाना तीन रोजा उर्से कलंदरी का 86वां जश्न जलसा किया गया मुनअकिद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**– जवाहर नगर में सागर ताल किनारे स्थित नगर की प्रसिद्ध हिंदू मुस्लिम एकता की प्रतीक दरगाह आस्ताना-ए-कलन्दरिया पर सालाना तीन रोजा उर्से कलन्दरी का 86वां जश्न जलसा शोहदाये कर्बला, जिक्रे औलिया इकराम व नातिया मुशायरा बाद नमाज इशा 9 बजे से मुनअक़िद किया गया। प्रोग्राम की सदारत दरगाह के सज्जादा नशीन मियां हाजी आरिफ अली शाह व निजामत हजरत कारी अब्दुल वाहिद फलक कादरी टीकमगढ़ ने की। प्रोग्राम का आगाज तिलावते कलाम पाक से नाजिमे उर्स हाफ़िज़ अताउल्ला खां गौरी व नाते रसूल सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम से हाफिज मोहम्मद यूसुफ ने किया। इससे पूर्व रहीस रजा, हजरत कारी अजमत अली कादरी, मोहम्मद नवाब कादरी, हजरत कारी फिरोज रजा अज़हरी आदि ने एक से बढ़कर एक नात मनकबत पढ़कर प्रोग्राम में रौनक बख्सी। प्रोग्राम में जामा मस्जिद के खतीबो इमाम हाफिज कारी मोहम्मद रिजबान अलीमी ने कहा, अपनी जिंदगी को सहाबा किराम शोहदाये कर्बला की जैसी बनाएं। इल्म दीन सीखें और सिखाएं, बालदेन की खिदमत करें। मुकर्रे खुसूसी हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद फजलूर्रहमान कादरी साहब क़िब्ला जतारा ने अपनी नूरानी तकरीर में कहा, अल्लाह ने इंसानों को अपनी इबादत के लिए पैदा किया है इसलिये हमें चाहिए अपने रब की इबादत करें और आका करीम की प्यारे रसूल की सुन्नतों पर चलें। औलिया इकराम से मुहब्बत लिहाजा अल्लाह से मुहब्बत है इनसे मोहब्बत करें और उनके बताए हुए रास्ते पर चलें। दीन दुनिया दोनों जगह की कामयाबी हासिल करें। उन्होंने नौजवानों से इल्म हासिल करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा गुनाहों से बचो और अगर कामयाब होना चाहते हो तो प्यारे रसूल की सुन्नतों पर अमल करें। इससे पूर्व दिन में 2 बजे चादर शरीफ का गस्त



पूरे नगर होते हुए दरगाह शरीफ वापस हुआ और बाद नमाज मगरिब 7 बजे गुलपोशी व चादरपोशी हुई जलसे में शिरकत करने वालों में हाफिज साबिर बरकाती, मुख्तायर सैफ उल्ला खां वटी, सभासद शमसुद्दीन मंसूरी, सैय्यद महबूब अली, बम्फुल मंसूरी, पप्पू ताले वाले, अलामुहम्मद राईन, अशफाक ग़ौरी, अमन अली, अमन बैग, इरफ़ान मंसूरी, मोहम्मद शरीफ बरकाती आदि सैकड़ो अकीदतमन्द मौजूद रहे। आखिर में सलातो सलाम के बाद आलमे इस्लाम की हिफाजत और मुल्क में अमन चैन कायम रहने की दुआ मांगी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय महाविद्यालय चुनार में स्नातकोत्तर कक्षाओं में भी प्रवेश प्रारम्भ

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में स्नातक कक्षाओं के साथ ही स्नातकोत्तर कक्षाओं (कला एवं विज्ञान वर्ग) में भी प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ हो गयी है। प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने बताया कि महाविद्यालय नैक द्वारा मूल्यांकित है। शासन की मंशा के अनुरूप नैक द्वारा मूल्यांकित महाविद्यालय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाएगी। यहाँ गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाओं के साथ ही विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियां यथा राष्ट्रीय सेवा योजना,रोवर्स/रेंजर्स,क्रीड़ा,विज्ञान वर्ग हेतु प्रयोगशालाएं,पुस्तकालय एवं वाचनालय के साथ ही निःशुल्क वाई-फाई की सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रवेश एवं ऑनलाइन आवेदन साथ-साथ चलते रहेंगे, जिसकी अंतिम तिथि विस्तारित करके 25 जुलाई 2026 कर दी गई है। प्रवेश पहले आएं, पहले पाएं के आधार पर होगा।

### दहेज उत्पीड़न व मारपीट का ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा खुर्द गांव निवासीनी रूपा देवी पत्नी राजेश कुमार ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि हमारी शादी 2025 में राजेश कुमार पुत्र कल्लू चौरसिया के साथ हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। हमारे शादी में फ्रिज कूलर व अन्य सामान व 11000 नगद दिए थे किंतु शादी के दो मां-बाप से ही हमारे पति राजेश कुमार व ससुर कल्लू चौरसिया व सास प्रेमा देवी व नंनद सुनीता देवी दहेज को लेकर अत्यधिक प्रताड़ित कर 500000 मांग कर लाओ नहीं तो तुम्हारी हत्या कर दूंगा दहेज को लेकर 03/072026 को रात्रि करीब 8:00 बजे हमारे पति सास ससुर और नंद मिलकर घर के अंदर खींचकर ले गए और हमारा पूरा कहना छीन लिए तथा हमारी हत्या करने के नियत से हमारे मित्र कपड़ा करके काफी मारे पीछे हमें इंजेक्शन गर्म करके करंट मरने लगे हमारे शोरगुल कर आसपास के लोग आ गए तब हमारी जान बच पाई किंतु उक्त ससुराल वाले घर के अंदर बंद करके बाहर से ताला लगा दिए सूचना पर 112 नंबर जाकर हमें बाहर निकलवाया हमें चेहरा वह सर अन्य जगह चोट आई थी। पीड़िता ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग कर रही है साथ ही साथ पिडीता के परिजनों ने बताया कि हम लोगो का थाने पर सुनवाई नही हो रहा है।

### सिविल सर्विसेज चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने के लिए सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश –** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय, लखनऊ के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाले सिविल सर्विसेज चयन/ट्रायल में प्रतिभाग के लिए जनपद के पात्र सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह चयन प्रक्रिया जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाएगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी समीम अहमद ने बताया कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार केवल पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी ही इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे। परिषद, बोर्ड, नगर निगम, पंचायत, पुलिस विभाग के कुछ स्वायत्त निकायों तथा ऑटोनॉमस संस्थाओं के कर्मचारी इसमें पात्र नहीं होंगे। चयन प्रक्रिया जिला स्तरीय चयन समिति की देखरेख में संपन्न कराई जाएगी। जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन 06 अगस्त, 2026 को जिला खेल कार्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम, सोनभद्र में किया जाएगा। इसके बाद मंडल स्तरीय ट्रायल 12 एवं 13 अगस्त, 2026 को क्षेत्रीय खेल कार्यालय, विंध्याचल मंडल, मीरजापुर तथा प्रदेश स्तरीय ट्रायल 19 एवं 20 अगस्त, 2026 को आयोजित होंगे। चयन/ट्रायल में टेनिस, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, पावरलिफ्टिंग, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, क्रिकेट, हॉकी, खो-खो एवं योगासन सहित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागी सरकारी कर्मचारी अपने विभाग से निर्धारित प्रारूप पर अनुमति प्राप्त कर आवश्यक विवरण सहित आवेदन के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होंगे। चयन/ट्रायल में भाग लेने की अवधि को ड्यूटी माना जाएगा तथा यात्रा भत्ता एवं अन्य देय भुगतान संबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सभी पात्र सरकारी कर्मचारियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# बाल सुरक्षा और संरक्षण पर मिशन की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में विकास खण्ड ज्ञानपुर में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत बनाने, बाल विवाह एवं बाल श्रम की रोकथाम तथा महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ संरक्षण अधिकारी मीना गुप्ता ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए किया। उन्होंने ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर गठित बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों की भूमिका और नियमित बैठकों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। खण्ड विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्राम स्तर पर समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित कर उनकी सूचना बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से जिला स्तर पर भेजी जाए। बैठक में बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह निषेध, बाल शोषण की रोकथाम तथा बाल संरक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं एएचटीयू की भूमिका की जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम स्तर पर बाल सभाओं के गठन पर भी बल दिया गया। विधि सह परिवीक्षा अधिकारी किरन यादव ने किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों, विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों के पुनर्वास, बाल विवाह के दुष्परिणाम तथा बाल गृह एवं संप्रेक्षण गृह की व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने महिला एवं बाल कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन सेवाओं 1098, 112, 1076, 181, 102 एवं 108 के महत्व पर भी प्रकाश डाला। बैठक में बताया गया कि विकास खण्ड ज्ञानपुर में निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत 5,417, कन्या सुमंगला योजना में 4,103, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) में 35, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) में 227 तथा स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 338 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। अधिकारियों ने योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया।

### नवागत उपजिलाधिकारी अनेग सिंह ने ग्रहण किया पदभार



**चुनार मीरजापुर।** शासन के स्थानांतरण आदेश के बाद उप जिलाधिकारी अनेग सिंह ने बुधवार को तहसील चुनार में कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व मड़िहान उप जिलाधिकारी पद पर कार्यरत रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उप जिलाधिकारी अनेग सिंह ने तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजस्व तथा जनहित से जुड़े मामलों को त्वरित एवं पारदर्शिता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। कार्यभार ग्रहण के पश्चात उप जिलाधिकारी अनेग सिंह ने कहा कि शासन के प्राथमिकताओं के अनुरूप आमजनता को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं उपलब्ध करना हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। उन्होंने राजस्व सम्बंधित प्रकरणों का निष्पक्ष निस्तारण कानून व्यवस्था बनाए रखने और जन शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि तहसील क्षेत्र से आने वाले फरियादियों के समस्या का शीघ्र निस्तारण किया जायेगा। कार्यभार के दौरान तहसील के अधिकारियों कर्मचारियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# मंडलीय अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** मिर्जापुर के मंडलीय अस्पताल में मंगलवार रात प्रसव के दौरान एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक की पहचान देर रात कोतवाली क्षेत्र के आमघाट निवासी दुर्गा देवी के रूप में हुई है परिजनों के अनुसार प्रसव पीड़ा होने पर मंगलवार सुबह उन्हें मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बताई गई सभी दवाइयों और इंजेक्शन समय पर उपलब्ध करा दिए गए थे। मृतक के पति राजेश कुमार बिंद ने आरोप लगाया कि यदि उनकी पत्नी की स्थिति गंभीर थी तो अस्पताल प्रशासन को इसकी जानकारी पहले ही देनी चाहिए थी ताकि उन्हें बेहतर इलाज के लिए किसी उच्च चिकित्सा स्थान में ले जाया जा सके उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जच्चा और नवजात की मौत के बाद अस्पताल प्रशासन उन्हें वाराणसी रेफर करने की बात कर रहा था जो पूरी तरह अनुचित है।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा कर शांत कराया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चिकित्सकों और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना सीतामढ़ी

### नौ दिवसीय लव-कुश जन्मोत्सव एवं रामायण मेला शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतामढ़ी (भदोही)।** पर्यटक एवं पौराणिक महत्व की भूमि सीतामढ़ी स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में बुधवार से अखिल भारतीय राष्ट्रीय रामायण मेला के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय लव-कुश जन्मोत्सव एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण, गंगा पूजन और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन में पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डीघ ब्लॉक प्रमुख एवं त्रिस्तरीय पंचायत समिति के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गंगा पूजन किया और आयोजन की सफलता की कामना की। इस अवसर पर ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे के भाई विनय दुबे, कृष्ण कुमार मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विधन चंद्र दुबे, मंडल अध्यक्ष शैलेश पांडेय, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राममोहन मिश्रा, राम कैलाश तिवारी, प्रधान धर्मेंद्र बहादुर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। रामायण मेला समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल पांडेय, कोषाध्यक्ष बसंत लाल गौड़ तथा महर्षि वाल्मीकि आश्रम के प्रधान पुजारी महेश मिश्रा की देखरेख में क्षेत्र के विद्वान महेंद्र भूषण शुक्ला ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ कराया। आयोजकों के अनुसार नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश सहित आसपास के कई जनपदों से लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। प्रतिदिन श्रीराम कथा, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों और झूलों का भी आकर्षण रहेगा। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ मेले की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल विकास मिशन का आयोजन

#### युवाओं को तकनीकी दक्षता अपनाने का संदेश



**भदोही।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भदोही में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा तथा औराई ब्लॉक प्रमुख बृज मोहन मिश्रा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों एवं युवाओं द्वारा कौशल प्रदर्शनी लगाई गई तथा प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं। जिला समन्वयक विनोद कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक युवा-युवती के लिए तकनीकी कौशल हासिल करना आवश्यक है। इससे रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं और युवा आत्मनिर्भर बनते हैं। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार, एलबीएम लव कुमार मिश्रा, एमआईएस प्रबंधक शैलेंद्र कुमार, रजनीश सिंह चौहान, डीपीएम आदर्श सिंह, योगेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की पहल से जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

### डीएमएफ फंड से से होगा 4.46 किमी लंबे नाला का निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने 23.62 करोड़ रुपये की लागत से 4.46 किमी लंबे नाला निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मौके पर जाकर इमरती कालोनी व उसके आस-पास के स्थलों का स्थल का निरीक्षण किया था। जहां पर नगर वासियों ने इमरती कालोनी हाईवे के सामने पुसौली बढौली चौराहे के मिशन अस्पताल के सामने जल भराव की समस्या से अवगत कराया था। उक्त समस्या का निराकरण करने हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने टीम बनाकर जल जीवन मिशन शहरी के अधिकारियों के टीम बनाकर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर के लिए वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर ड्रेनेज नेटवर्क विकसित करने के उद्देश्य से विस्तृत फीजिबिलिटी स्टडी एवं ड्रेनेज डिजाइन तैयार कराया गया, जिसमें स्थल निरीक्षण, भू-स्तर (लेवल सर्वे), हाइड्रोलॉजी, कंटूर मैप, सैटेलाइट सर्वे तथा विगत 30 वर्षों के वर्षा आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया गया। तकनीकी अध्ययन के दौरान नगर क्षेत्र के लिए तीन संभावित ड्रेनेज मार्गों का परीक्षण किया गया। पहला विकल्प नीलकंठ रेस्टोरेंट से चुर्क रोड मार्ग था, जिसे तकनीकी रूप से असंभव पाया गया। इस मार्ग पर भूमि का स्तर आगे बढ़ने के साथ ऊँचा होता जाता है, जिससे गुरुत्वाकर्षण के आधार पर वर्षा जल का प्रवाह संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में पूरे मार्ग पर पम्पिंग सिस्टम स्थापित करना पड़ेगा, जो अत्यधिक खर्चीला एवं अव्यावहारिक है। दूसरे विकल्प के रूप में पुसौली पोखरा मार्ग का परीक्षण किया गया, किन्तु इस मार्ग पर वर्षा जल के निकास के लिए कोई प्राकृतिक आउटफॉल उपलब्ध नहीं मिला। रेलवे लाइन पार करने के बाद जल निकासी का कोई उपयुक्त स्रोत न होने से इस विकल्प को भी तकनीकी रूप से अस्वीकार कर दिया गया। अध्ययन में तीसरा विकल्प नीलकंठ रेस्टोरेंट से कचहरी ड्रेन रूट सर्वाधिक उपयुक्त एवं व्यवहारिक पाया गया। इस मार्ग पर भूमि का प्राकृतिक ढाल लगातार नीचे की ओर है, जिससे बिना किसी पम्पिंग व्यवस्था के वर्षा जल का प्रवाह संभव होगा। प्रस्तावित ड्रेन से वर्षा जल कचहरी ड्रेन होते हुए सजौर पोखरा के समीप स्थित मुख्य सिंचाई नाले में प्रवाहित होगा, जिससे नगर के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रस्तावित ड्रेनेज परियोजना की कुल लंबाई लगभग 4,461 मीटर (4.46 किलोमीटर) होगी। परियोजना में विभिन्न आकार की आरसीसी नालियों का निर्माण, आवश्यक कल्वर्ट, रेलवे एवं नहर क्रॉसिंग, साइफन निर्माण, विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग तथा पेयजल पाइपलाइन के स्थानांतरण सहित सभी आवश्यक आधारभूत कार्य शामिल किए गए हैं। तकनीकी अनुमान के अनुसार परियोजना की मूल निर्माण लागत लगभग रूपया 17.95 करोड़ है। डिजाइन एवं वेटिंग शुल्क, श्रम उपकर, जीएसटी तथा अन्य प्रभारों सहित परियोजना की कुल अनुमानित लागत लगभग रूपये 23.62 करोड़ निर्धारित की गई है। तकनीकी विशेषज्ञों ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट अनुशंसा की है कि कचहरी ड्रेन रूट ही रॉबर्ट्सगंज नगर के लिए एकमात्र तकनीकी रूप से उपयुक्त एवं दीर्घकालिक समाधान है। रिपोर्ट में इस एलाइनमेंट पर विस्तृत सर्वेक्षण पूर्ण कर अंतिम डिजाइन तैयार करते हुए परियोजना को आगे बढ़ाने की संस्तुति की गई है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि नगरवासियों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। वैज्ञानिक एवं तकनीकी अध्ययन के आधार पर तैयार इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे भविष्य में रॉबर्ट्सगंज नगर को एक सुदृढ़ एवं आधुनिक जलनिकासी व्यवस्था उपलब्ध कराई जायेगी।

# ओबरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक गांजा तस्कर गिरफ्तार

### जनपद अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के द्वारा जनपद सोनभद्र में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ओबरा सदानन्द राय के नेतृत्व में ओबरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए

दिनांक-14.07.2026 को समय करीब 20.10 बजे संकट मोचन मंदिर खैरटिया रोड पुलिया के पास से एक नफर अभियुक्त अभिषेक मिश्रा उर्फ शिवम पुत्र सनत मिश्रा, उम्र लगभग 20 वर्ष, निवासी सेक्टर-02, संकट मोचन मंदिर, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र (मूल निवासी ग्राम बघोर, थाना अमिलिया, जिला सीधी, मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 530 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 159/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट* का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 14.07.2026 को ओबरा पुलिस टीम, क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग, वांछित अभियुक्तों की तलाश एवं अपराध नियंत्रण हेतु भ्रमणशील थी। इसी दौरान संकट मोचन मंदिर खैरटिया रोड पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अभिषेक मिश्रा उर्फ शिवम पुत्र सनत मिश्रा, उम्र लगभग 20 वर्ष, निवासी सेक्टर-02, संकट मोचन मंदिर, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र (मूल निवासी ग्राम बघोर, थाना अमिलिया, जिला सीधी, मध्य प्रदेश) को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई, जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले में रखा 01 किलो 530 ग्राम अवैध गांजा के साथ नकद बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 सुनील कुमार , हे0 का0 संतोष कुमार पटेल, हे0 का0 अनिल गुप्ता, रि0आ0 हर्ष सिंह चंदेल शामिल रहे।

# हिंदुआरी में बनेगी आत्मनिर्भर वृहद गौशाला

### डीएमएफ फंड से 1.60 करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सोनभद्र जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने नई हिंदुआरी में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) फंड से एक आत्मनिर्भर वृहद गौशाला के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना पर 1 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत आएगी तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित गौशाला का उद्देश्य निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित पुनर्वास की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करना है। गौशाला में गोवंश के सुरक्षित आवास के लिए दो आधुनिक शेड बनाए जाएंगे, जिनके निर्माण पर 82.88 लाख रुपये व्यय होंगे। इसके अतिरिक्त चारा भंडारण के लिए 12.67 लाख रुपये की लागत से भंडारण कक्ष का निर्माण भी कराया जाएगा, जिससे वर्षभर चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से परिसर में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से वर्मी कम्पोस्ट यूनिट स्थापित की जाएगी। गोबर से तैयार होने वाली जैविक खाद की बिक्री से प्राप्त आय का उपयोग गौशाला में गोवंश के चारा, पानी, उपचार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर किया जाएगा। इससे गौशाला का संचालन दीर्घकाल तक आर्थिक रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में गोवंश के लिए स्वच्छ पेयजल, नियमित टीकाकरण, पशु चिकित्सा सुविधा तथा समुचित देखभाल की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। यह परियोजना गोवंश संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

### डीएम के निर्देश पर महजूदा बाजार में नाला निर्माण की तैयारी तेज

**भदोही।** सुरियावां-पाली मार्ग स्थित महजूदा बाजार में वर्षों से चली आ रही जलनिकासी की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी पहल हुई है। बाजार में नाला निर्माण का कार्य इसी सप्ताह शुरू होने की संभावना है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता संदीप सरोज एवं जूनियर इंजीनियर (जेई) ने ठेकेदार के साथ मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य का मुआयना किया। ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने बताया कि बाजार में जलभराव की समस्या को लेकर उन्होंने पहले भी जिलाधिकारी से नाला निर्माण की मांग की थी। बुधवार को उन्होंने पुनः जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने का अनुरोध किया। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की तैयारियों का जायजा लिया। महजूदा बाजार में बरसात के दौरान जलभराव के कारण दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ता है। नाला निर्माण शुरू होने की खबर से क्षेत्र के व्यापारियों और बाजारवासियों में खुशी का माहौल है।

# जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर गोपीगंज में आज रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन, वैकल्पिक मार्गों से गुजरेंगे वाहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** गोपीगंज कस्बे में आज 16 जुलाई को आयोजित होने वाली श्री जगन्नाथ शोभा यात्रा एवं रथ यात्रा के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संचालन के लिए पुलिस प्रशासन ने शाम 4 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक विशेष यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। इस दौरान गोपीगंज कस्बे में भारी एवं हल्के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा तथा विभिन्न मार्गों पर वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से भेजा जाएगा। पुलिस के अनुसार कठौता कट, गिराई-दानूपुर मार्ग, झिरिया कट, गोपपुर चौराहा, फूलबाग कट, वाराणसी-मिर्जापुर मार्ग तथा पड़ाव तिराहा सहित कई प्रमुख स्थानों पर यातायात नियंत्रित रहेगा। ज्ञानपुर जाने वाले वाहनों को दानूपुर-नथईपुर मार्ग से भेजा जाएगा, जबकि वाराणसी और मिर्जापुर की ओर जाने वाले वाहनों के लिए बड़े शिव मंदिर कट से वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है।

ज्ञानपुर थाना क्षेत्र में हॉस्टल चौराहे से गोपीगंज जाने वाले भारी वाहनों को बभनौटी मार्ग की ओर तथा सिंहपुर नहर पुलिया से उगापुर एवं हरदेवपुर मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित डायवर्जन व्यवस्था का पालन करें, अनावश्यक रूप से गोपीगंज कस्बे की ओर वाहन लेकर न जाएं तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। हालांकि, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस वाहन सहित सभी आपातकालीन सेवाओं को डायवर्जन व्यवस्था से पूर्णतः छूट रहेगी।

### खाद्य सुरक्षा अभियान में 27 नमूनों की जांच

**देवरिया।** बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के माध्यम से सलेमपुर तहसील के खुखुंदू चौराहे पर खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से 27 खाद्य पदार्थों के नमूनों की मौके पर जांच की गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र के नेतृत्व में जांच के दौरान एक छेना मिठाई का नमूना बाह्य पदार्थ युक्त पाया गया। संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन के निर्देश दिए। जांच पूरी होने के बाद सभी कारोबारियों को उनकी जांच रिपोर्ट मौके पर ही उपलब्ध कराई गई। सहायक आयुक्त (खाद्य)-II हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं और स्थानीय लोगों को भी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

### डीएम ने असहाय महिला को दिलाई सरकारी योजनाओं का लाभ

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही राहत दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जनता दर्शन में भाटपाररानी तहसील के बेलपार पंडित गांव की रहने वाली सोनी देवी ने बताया कि वर्ष 2021 में पति की मृत्यु के बाद वह अपनी पुत्री और बुजुर्ग सास के साथ अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रही हैं। उन्होंने अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने की मांग की। उनकी स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल अंत्योदय कार्ड जारी कराने के निर्देश दिए। साथ ही निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना और आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सोनी देवी को बेटी मानसी की नियमित पढ़ाई जारी रखने के लिए भी प्रेरित किया। इसी दौरान थाना सुरौली क्षेत्र के विशुनपुरा निवासी दिव्यांग रविंद्र यादव ने इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को उन्हें शीघ्र इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जरूरतमंदों को समयबद्ध और प्रभावी राहत दिलाना है।

### जिलाधिकारी के अनुमोदन से सहकारी समितियों को यूरिया एवं डीएपी उर्वरक आवंटित

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी सोनभद्र के अनुमोदन से खरीफ अभियान-2026 के दौरान किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की संस्तुति के आधार पर जनपद की सहकारी समितियों एवं इफको केन्द्रों को यूरिया एवं डीएपी उर्वरक का आवंटन स्वीकृत किया गया है। इसके अंतर्गत 70 सहकारी समितियों को कुल 1017.00 मीट्रिक टन यूरिया तथा 73 सहकारी समितियों एवं इफको के 12 केन्द्रों को कुल 1155.00 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक आवंटित किया गया है। स्वीकृत आवंटन के अनुरूप पीसीएफ द्वारा संबंधित समितियों एवं उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उर्वरक भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त किसान बंधुओं से अपील की है कि वे अपने निकटतम सहकारी समिति अथवा उर्वरक बिक्री केन्द्र से संपर्क कर उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करें तथा निर्धारित एवं उचित मूल्य पर ही उर्वरक खरीदें। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों को समयबद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई एवं उत्पादन प्रभावित न हो।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवररेटिंग अथवा कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी किसान को ऐसी कोई शिकायत प्राप्त होती है तो वह तत्काल सहकारिता विभाग के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9198788248 एवं 9451637073, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नंबर 9452165778 अथवा अपर जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 8881173660 पर सूचना दें। प्राप्त शिकायतों पर प्रशासन द्वारा तत्काल जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उप निरीक्षक पद पर चयनित होकर क्षेत्र का बढ़ाया मान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उप निरीक्षक पद पर चयनित होकर मेधावियों ने क्षेत्र व जनपद का मान बढ़ाया है। नगर पंचायत लालगंज के शीतलमऊ जलेशरगंज लालगंज अझारा मार्ग निवासी चंद्रभूषण मिश्र के पुत्र शेखर मिश्र ने उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक पद पर चयनित होकर क्षेत्र व जिले का मान बढ़ाया है। मेधावी शेखर मिश्र के पिता लालगंज में साइकिल का कारोबार करते हैं। बेटे के चयन पर परिवार के सदस्यों समेत क्षेत्र के लोग गदगद हैं। कस्बे के श्रीशचंद्र पाण्डेय, उमेश मिश्र, विनय शंकर ओझा, रामकिशुन पाण्डेय, रोहित माली, लोकेश, विशाल, दारा सिंह आदि ने खुशी जताई है। वहीं लालगंज के नया पुरवा गौखाड़ी निवासी हरिशंकर जायसवाल की सुपुत्री स्वाती जायसवाल ने भी उप निरीक्षक पद पर सफलता हासिल की है। स्वाती के चयन पर परिवार के लोग गदगद हैं। स्वाती ने इससे पूर्व बीते वर्ष हेड कांस्टेबल पद पर सफलता हासिल कर चुकी हैं। उसके दरोगा बनने की सफलता पर क्षेत्र के पवन वैश्य, यमुना प्रसाद यादव आदि ने खुशी जताई है।

### महिला की गले से सोने की लॉकेट चोरी

**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा थाना क्षेत्र के इटवा कस्बे में एक टैम्पो में बैठी महिला की गले से सोने की लॉकेट की चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा मुर्गहिया निवासी नौशाद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बुधवार को मैं अपनी पत्नी को निजी टैम्पो में बैठाकर जुड़ीकुईया गांव में रिश्तेदारी में जा रहा था अभी अलफारूक स्कूल के पास पहुंचा ही था कि छह अज्ञात महिला सवारी हमारे टैम्पो में आकर बैठी, इसी दौरान महिलाओं ने पत्नी के गले का सोने का लॉकेट चोरी कर लिया। इटवा पहुंचने पर टैम्पो से उतर कर एक बैलोरो में बैठकर चली गई पुलिस से विधिक कार्रवाई की मांग किया है।

### घर से निकले व्यक्ति का शव झाड़ियों में मिला, मौत से फैली सनसनी



**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार कस्बे के कूड़ा नदी पर बने रेलवे पुल के पास झाड़ियों में बुधवार की शाम एक 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। इसकी सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव की पहचान सुक्खू पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम पंचायत भिटौया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई। घटना की सूचना पर कर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी मौके पर पहुंचकर घटना की हर पहलुओं की जांच शुरू कर दी है और स्वजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृतक का भाई किशोरी मौके पर पहुंचकर शव की पहचान किया है। मृतक की तीन लड़की और एक लड़का है। लड़का राजू 18 वर्ष बाहर रोजी रोटी के लिए कमाने गया है। भाई ने पुलिस को तहरीर दिया है। और बुधवार को सुबह घर से निकला था जिसकी तलाश परिजन कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा है की शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### स्वामी जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे में 16 जुलाई को आयोजित होने वाली भगवान स्वामी जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर सर्राफा मंडी में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई और जिम्मेदारियां तय की गई।आयोजक मंडल के सदस्य ओम तिवारी ने बताया कि रथ यात्रा का शुभारंभ सर्राफा मंडी स्थित सिद्धपीठ भैरवनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन से होगा। इसके बाद यात्रा गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। वहां पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के बाद यात्रा पुनः भैरवनाथ मंदिर लौटेगी। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यात्रा को शांतिपूर्ण और भव्य बनाने पर भी चर्चा हुई। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रथ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की। बैठक में गोपाल जी गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, विवेक कुमार, राहुल गुप्ता, संजय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसेवा के पर्याय हैं प्रमोद तिवारी: तनुज पुनिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांसद एवं उ0प्र0 कांग्रेस अनुसूचित जाति जन जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पुनिया ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को सार्वजनिक विकास तथा जन जन की आकांक्षाओं की आवश्यकता पर सबसे खरा व्यक्तित्व ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्रमोद तिवारी ने विधायक तथा सांसद के रूप में जन प्रतिनिधित्व का भारतीय लोकतंत्र को प्रेरक माडल प्रदान कर रखा है। सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर एक दिन पहले यहां लालगंज स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के प्रांगण में सदभावना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामपुरखास मे स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा, लघु उद्योग, सुरक्षा के बेहतर प्रबन्ध यह साबित करते हैं कि प्रमोद तिवारी ने जनता की हर जरूरत को ध्यान से समझा और उसे पूरा किया। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के भी विधानसभा में मजबूत प्रतिनिधित्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पार्टी की कम संख्या के बावजूद आराधना मिश्रा मोना की आवाज वहां कांग्रेस को प्रमुख विपक्षी दल के रूप में आवाज की पहचान दिए हुए है। सांसद तनुज पुनिया ने रामपुरखास के लोगों से गोल्डेन जुबली के जरिए होने वाले विधानसभा चुनाव में पचास वर्षों के प्रतिनिधित्व के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए अपनी चमक बढ़ाने का आहवान किया। उन्होंने सभा में भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी के बीच भाजपा पर एसआईआर के जरिए लोगों के मताधिकार से छेड़छाड़ व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला करते हुए सत्य की आवाज को दबाने के षड्यंत्र को लेकर भी तीखा हमला बोला।


सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर धूमधाम से हुए सदभावना सभा का शुभारंभ मुख्य अतिथि तनुज पुनिया व विधायक मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने मां सरस्वती तथा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे भी रोपित किये। वहीं लालगंज चौक पर इन्दिरा गांधी तथा सलेम भदारी वार्ड में बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर भी सांसद तनुज पुनिया ने माल्यार्पण किया। आयोजन में कार्यकर्ताओं व प्रशंसको तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की ओर से राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना हुई।



## अगई सीमा से लेकर लालगंज तक हुआ जोशीला स्वागत, गदगद दिखे पुनिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर सदभावना सभा में शामिल होने रामपुरखास पहुंचे कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया का बुधवार को कार्यकर्ताओं का स्वागत में जोश उमड़ा दिखा। अगई सीमा से कैम्प कार्यालय व चौक तथा आम्बेडकर पार्क सहित कार्यक्रम स्थल तक कार्यकर्ताओं ने प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के समर्थन में नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी सांसद को फूल व मालाओं से लाद दिया। स्वागत करने वालों मे मोहित यादव, लालजी पटेल, धीरेन्द्र कुमार, उर्मिला, रविशंकर शुक्ल, लाल गजेन्द्र प्रताप सिंह, मोहनलाल चौबे, सोनू तिवारी, नागेश जायसवाल, रूपनाथ पटेल, विनोद सिंह परिहार, प्रकाशचंद्र मिश्र, राकेश चतुर्वेदी, अवधेश सिंह, राजू यादव, अनिल कुमार छोटे सिंह, रिंकू शुक्ला, राजू मिश्र, जितेन्द्र द्विवेदी, राकेश शुक्ला, रिंकू शुक्ला, मनीष सिंह, मक्खनलाल साहू, जगदीश नारायण तिवारी बब्लू, विनोद मिश्र, पं. रमाशंकर शुक्ल, शैलेन्द्र सरोज, आशीष तिवारी, दिवाकर शुक्ल, दिलीप तिवारी, मण्टू उपाध्याय, इन्द्रसेन सिंह, राधेकृष्ण शुक्ला, ओमप्रकाश यादव, बृजकिशोर त्रिपाठी, राधेश्याम द्विवेदी, दारा सिंह, आशीष कौशल, मनीष सिंह, सुनील त्रिपाठी, विभव शुक्ला, हिमांचल तिवारी, प्रशान्त मिश्र, मुन्ना पाण्डेय, सोनू सिंह, राकेश यादव आदि प्रमुख रहे।





## मच्छरों का प्रकोप



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** ब्लॉक भनवापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत नावडीह, निजामाबाद, शीतलभीटा कानभारी आदि गांवों में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।

बरसात होने के कारण जल जमाव के कारण मच्छर का अधिकांश मात्रा में दिख रहे हैं। गांवों में मच्छरों की दवा का छिड़काव ना होने के कारण तथा गांव के नालियों जाम होने की वजह से मच्छरों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रहा है। ब्लाक से कोई दवा का छिड़काव नहीं किया गया है।

## विशाल पाठक बने सब-इंस्पेक्टर, विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के ग्राम बनकटा निवासी विशाल पाठक ने उत्तर प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर (सिविल पुलिस) पद पर चयनित होकर तहसील, जिले और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विशाल पाठक ने अपनी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा शिवाजी इंटर कॉलेज, बरगदवा सिद्धार्थनगर से प्राप्त की। विद्यालय से शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने प्रयागराज (इलाहाबाद) जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास के बल पर उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए सब-इंस्पेक्टर (सिविल पुलिस) पद पर चयन प्राप्त किया।

विशाल पाठक की सफलता पर शिवाजी इंटर कॉलेज में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने कहा कि विशाल की उपलब्धि विद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। यदि छात्र लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी और लगन से मेहनत करें तो सफलता अवश्य मिलती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण प्रताप सिंह एवं प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि विशाल पाठक ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि विशाल अपनी नई जिम्मेदारी का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस दौरान रामकेवल यादव, सूर्य नारायण पाठक सुभाष चंद्र पांडे चंद्रप्रकाश यादव रजत कुमार सिंह नंदकिशोर पाठक रामकुमार जितेंद्र यादवआदि ने विशाल पाठक की इस सफलता पर उनके परिवार, मित्रों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने भी उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## रायगढ़ हादसे के पीड़ित परिवार को त्रिशक्ति परिवार ने दी 51 हजार की आर्थिक सहायता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के रायगढ़ गांव में हाल ही में हुई हृदयविदारक घटना के बाद पीड़ित चतुर्वेदी परिवार को ढांढस बंधाने और मदद करने के लिए सामाजिक संगठन लगातार आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में त्रिशक्ति परिवार ने पीड़ित परिवार से भेंटकर उन्हें 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।त्रिशक्ति परिवार के संस्थापक डॉ. राम कल्प उपाध्याय के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल रायगढ़ गांव पहुंचा। पदाधिकारियों ने शोक संतप्त छः असहाय संतानों के परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। माता पिता की दर्दनाक मौत होने से इन बच्चों के सर पर से मां बाप की छाया उठ गई है।इस दौरान डॉ. उपाध्याय ने पीड़ित परिवार की बेटी रत्ना चतुर्वेदी को सहायता राशि के रूप में 51 हजार रुपये की चेक प्रदान किया। पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए डॉ. राम कल्प उपाध्याय ने कहा कि संकट की इस घड़ी में त्रिशक्ति परिवार पीड़ित चतुर्वेदी परिवार के साथ पूरी तन्मयता से खड़ा है। संगठन भविष्य में भी इस परिवार की हरसंभव मदद करता रहेगा। पट्टी इकाई के अध्यक्ष व अधिवक्ता नंदन चतुर्वेदी ने त्रिशक्ति परिवार के इस मानवीय कदम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।इस दौरान जिला अध्यक्ष सूर्यमणि पाठक, सुल्तानपुर जिला अध्यक्ष कौशलेंद्र पाठक, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र पाठक, डॉ. महेश नारायण पाठक, चुन्नी पाठक और राम सजीवन सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** नगर के बीआईसीटी कैंपस में बुधवार को छात्राओं के लिए आत्मरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ताइक्वांडो प्रशिक्षक अमन द्विवेदी ने छात्राओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में छात्राएं दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे हेयर पिन, पेन, कंघी और पर्स को सुरक्षा का प्रमुख हथियार बनाएं। देर रात अकेले बाहर निकलने से बचें। सहायक प्रशिक्षक अभिनाश ने बताया कि प्रहार या बचाव के वक्त तेज आवाज निकालने से आत्मविश्वास बढ़ता है और हमलावर कमजोर पड़ता है। प्रशिक्षण में छात्राओं को पंच, किक, डिफेंस, ब्लॉक और कोहनी अटैक की बारीकियां सिखाई गईं। निदेशक आकाश मिश्रा ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्राओं के स्वावलंबन के लिए बेहद उपयोगी है। इस मौके पर एसके पांडेय, आनंद त्रिपाठी, अनामिका सहित कई लोग मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में निलंबित दरोगा की बढ़ी मुसीबतें



**प्रतापगढ़।** शादी का झांसा देकर व गुमराह करके दुष्कर्म के आरोपी उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। फरार चल रहे आरोपी दरोगा की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।बुधवार को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी एसआई अर्जुन सिंह और उसके परिजन लगातार उसे धमका रहे हैं, जिससे वह भयभीत है। उसने अपनी सुरक्षा और न्याय की मांग करते हुए एसपी से गुहार लगाई।मामला उस समय का है जब अर्जुन सिंह मांधाता थाने में तैनात था। आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत की जांच के बाद नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित महिला थाने में आरोपी उपनिरीक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से अर्जुन सिंह को निलंबित कर विभागीय जांच भी बैठा दी है। आरोपी दरोगा फरार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश में टीमें लगी हैं और उसे शीघ्र गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।पीड़िता का कहना है कि यदि आरोपी और उसके परिजनों द्वारा दी जा रही धमकियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो उसके साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है। उसने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## स्वामी जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे में 16 जुलाई को आयोजित होने वाली भगवान स्वामी जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर सर्राफा मंडी में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई और जिम्मेदारियां तय की गई।आयोजक मंडल के सदस्य ओम तिवारी ने बताया कि रथ यात्रा का शुभारंभ सर्राफा मंडी स्थित सिद्धपीठ भैरवनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन से होगा।

इसके बाद यात्रा गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। वहां पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के बाद यात्रा पुनः भैरवनाथ मंदिर लौटेगी। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यात्रा को शांतिपूर्ण और भव्य बनाने पर भी चर्चा हुई। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रथ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की। बैठक में गोपाल जी गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, विवेक कुमार, राहुल गुप्ता, संजय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्टेडियम के खिलाड़ियों ने जीते सात पदक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित 9वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता 12 जुलाई को उप शिक्षा निदेशक कार्यालय स्थित इनडोर हाल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में स्टेडियम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 2 स्वर्ण पदक एवं 5 कांस्य पदक जीते।स्वर्ण पदक विजेताओं में इच्छा सिंह व सुशांत सिंह रहे और कांस्य पदक विजेताओं में अयांश पटवा,आदित्य पटवा, विवेक कुमार,सत्यप्रकाश एवं अपेक्षा विजई रहे। इस प्रतियोगिता में जनपद की ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी एवं रेफरी कीर्ति यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

इस अवसर पर उप खेल अधिकारी और ताइक्वांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव, पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,तलवार बाजी प्रशिक्षक लवली मिश्रा, जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना, निखिल राणा, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह रहे।

## शिक्षकों की एकता से ही मजबूत होगा संगठन: राधेरमण त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ के सभागार में बुधवार को तहसील शोहरतगढ़ अंतर्गत ब्लॉक शोहरतगढ़ ,जोगिया और बढ़नी के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (उप्राप्राशि संघ) के अध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष और संघर्ष समिति के अध्यक्ष, मंत्री सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे टीएफआई (टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/ उप्राप्राशि संघ प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष जनपद सिद्धार्थनगर राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता से समस्याओं का निदान होगा। सभी शिक्षकों को संगठन की मजबूती के लिये एकजुट होने की आवश्यकता है।

बैठक में वर्ष 2025 और 2026 की संगठन सदस्यता शुल्क के साथ-साथ जनपद के सभी ब्लॉकों के चुनाव कराने हेतु विचार विमर्श किया गया। संगठन की मजबूती के लिये सभी ब्लॉकों के चुनाव प्रक्रिया की तिथि को जल्द ही घोषित करने के लिये आश्वासन दिया गया। उप्राप्राशि संघ के जनपदीय व मंडलीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक संगठन पर विश्वास रखें। एक- एक समस्याओं का समाधान संगठन शिक्षकों की एकता के बल बूते कराने का काम करेगा। हमारे संघर्षों की जीत होगी। शिक्षकों को समस्याओं से हताश व निराश होने की जरूरत नहीं है। कर्तव्यों व जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बच्चों को शिक्षा देने में शिक्षक अपना योगदान दें। इस दौरान जनपदीय उपाध्यक्ष सुधाकर मिश्र, जिला संगठन मंत्री उमेश चंद्र, शोहरतगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष/जिला उपाध्यक्ष लालजी यादव, जिला प्रचार मंत्री मुस्तन शेरल्लाह, जिला संगठन मंत्री सुशील सिंह, मंत्री कृपाशंकर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष कमला कांत यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार प्रजापति, संगठन मंत्री ब्रह्म प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चतुर्वेदी, संयुक्त मंत्री पप्पू यादव, संघर्ष समिति के मंत्री राम आसरे, ब्लॉक जोगिया के संयोजक गौरव पांडेय, सहसंयोजक मनीष दूबे, सह संयोजक अनुपम सिंह, ब्लॉक बढ़नी के मंत्री नरेंद्र मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष राजू चौबे, मनोज यादव, रवि चौधरी, अशोक यादव, पंकज जायसवाल, कृष्णमोहन पांडेय, मैनुद्दीन, रमेशचंद्र उपाध्याय आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## सिद्धार्थनगर में नाबालिग बालिका का शव छत के कुंडी से फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला

» मृतका अपने ननिहाल में रहकर पढ़ने आई थी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन(सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खीरीडिहा में एक 13 वर्षीय नाबालिग बालिका का शव कमरे में छत के कुंडी से फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार कोतवाली लोटन क्षेत्र के ग्राम खीरीडिहा में एक नाबालिग बालिका का शव बंद कमरे में छत के कुंडी से फंदे सहारे लटका हुआ मिला है। उक्त घटना बुधवार दोपहर बाद की है। बताया जा रहा है कि उक्त लड़की का घर नेपाल में है।वह ग्राम खीरीडिहा में अपने नाना के यहां रहकर पढ़ती थी। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर वह नाराज थी।जो अचानक बुधवार को दोपहर बाद बंद कमरे में छत की कुंडी से लटक गई।

कुछ देर बाद परिजनों को उक्त घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। धीरे-धीरे घटना की जानकारी पूरे गांव में फैलने लगी और लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पाकर लोटन कोतवाली पुलिस एवं फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में ले लिया एवं शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा का कहना है कि घटना की सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।



## कृषि यंत्रों को अनुदान पर पाने के लिए किसान करें आवेदन



**प्रतापगढ़।** किसानों को अनुदान पर कृषि यन्त्र प्राप्त करने के सुनहरा अवसर के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ के अन्तर्गत समस्त कृषि यन्त्र,कृषि रक्षा उपकरण, किसान ड्रोन, फसल अवशेष प्रबन्धन के कृषि यन्त्र, एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक इत्यादि के आवेदन हेतु बुकिंग 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होकर 30 जुलाई रात्रि 12 बजे तक किसान गण कर सकते है। बुकिंग हेतु कृषि विभाग के पोर्टल agriculture.up.gov.in पर किसान कार्नर के अन्तर्गत यंत्र बुकिंग प्रारम्भ लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जाना है।

## गरीबी के बीच बेटी की जिंदगी बचाने की जंग

● मदद को आगे आए जनप्रतिनिधि और समाजसेवी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम ट्रक निवासी अख्तर अली का परिवार इन दिनों अपनी 12 वर्षीय बेटी के इलाज को लेकर गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। 29 जून को पेड़ से गिरने के कारण बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद एम्स, लखनऊ मेडिकल कॉलेज सहित कई अस्पतालों में इलाज का प्रयास किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

डॉक्टरों की जांच में पता चला कि हादसे में बच्ची का पैंक्रियास (अग्न्याशय) गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके चलते तत्काल ऑपरेशन करना पड़ा। परिजनों के अनुसार अब तक ऑपरेशन, दवाइयों और अन्य उपचार पर लगभग 3 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। यह पूरी राशि परिवार ने कर्ज और उधार लेकर जुटाई है। पीड़ित पिता अख्तर अली ने बताया कि उनके पास न तो खेती के लिए जमीन है और न ही कोई ऐसी आर्थिक व्यवस्था जिससे आगे का इलाज और दवाइयों का खर्च उठाया जा सके। उनका कहना है कि अब परिवार के सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है और दवाइयों के लिए भी पैसे नहीं बचे हैं।

मामले की जानकारी मिलते ही बछरावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्याम सुंदर भारती पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक के साथ ही क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और शुभचिंतक भी बच्ची के इलाज में आर्थिक सहयोग के लिए आगे आए हैं। पीड़ित परिवार ने समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन तथा सक्षम लोगों से अपील की है कि वे बच्ची के इलाज में सहयोग करें, ताकि उसका उपचार बिना रुके जारी रह सके और उसकी जान बचाई जा सके। क्षेत्र में यह मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोग भी जरूरतमंद परिवार की सहायता के लिए आगे आने की अपील कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि सामूहिक सहयोग से बच्ची का इलाज सफलतापूर्वक पूरा हो सकेगा।



## अनशन की उपेक्षा लोकतांत्रिक परंपराओं पर सवाल: पवन कुमार सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लंबे समय से अनशन पर बैठे समाजसेवी विनय वांगचुक की लगातार हो रही उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण एवं अहिंसक आंदोलन जनता की आवाज होते हैं। यदि कोई व्यक्ति इतने दिनों से अनशन पर बैठा है और अब तक सरकार अथवा प्रमुख जनप्रतिनिधियों द्वारा उनसे संवाद स्थापित करने का गंभीर प्रयास नहीं किया गया है, तो यह लोकतांत्रिक संवेदनशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। आगे पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि किसी भी जनआंदोलन का समाधान संवाद और सकारात्मक पहल से ही संभव है। सरकार एवं सभी जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सोनम वांगचुक से वार्ता करें, उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करें तथा लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए शीघ्र समाधान की दिशा में सार्थक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, पर्यावरण एवं देश के भविष्य से जुड़े विषय केवल किसी एक व्यक्ति के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के सरोकार हैं। ऐसे मुद्दों पर संवेदनशीलता, संवाद और सकारात्मक निर्णय समय की आवश्यकता है।

## ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार

**देवरिया।** एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 17 जुलाई 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस. सिद्दीकी ने दी। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार अपराह्न 12 बजे से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, देवरिया स्थित उपायुक्त उद्योग कार्यालय में होगा। 8 जून 2026 को आयोजित साक्षात्कार में किसी कारणवश अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी भी इस अवसर पर शामिल हो सकेंगे। उपायुक्त उद्योग ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि और समय पर अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# संक्षिप्त खबरें

## हजारीबाग ट्रिपल मर्डर: पीड़ित परिवार ने मंत्री इरफान अंसारी से लगाई न्याय की गुहार



**रांची, झारखंड:-** हजारीबाग के चर्चित ट्रिपल मर्डर मामले में पीड़ित परिवार ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान परिजनों ने भावुक होकर कहा, 'हमारे बच्चे तो चले गए, अब हमें इंसाफ दिला दीजिए। 'परिजनों की बात सुनने के बाद मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले में निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और कानून के दायरे में रहकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को मामले की प्रगति पर लगातार नजर रखने और जांच में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। मुलाकात के दौरान परिजनों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी मंत्री को दी और शीघ्र न्याय दिलाने की मांग दोहराई। मंत्री ने परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि दोषियों को उनके अपराध की सजा अवश्य मिलेगी।

## वर्षों पूर्व निर्मित ग्रेड वन सड़क हुई जर्जर



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** पाकुड़िया प्रखंड के बासतकुंडी पंचायत के ढोलकाटा-बरमसिया ग्रेड वन मेटल सड़क वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ी है। 14 जुलाई को ढोलकाटा ग्राम के डुंगरी टोला के ग्रामीणों ने बताया कि उक्त क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण वर्षों पूर्व किया गया था, लेकिन पिछले कई वर्षों से इसका पुनर्निर्माण नहीं होने के कारण इस मार्ग पर आवागमन, विशेषकर वर्षा ऋतु में, अत्यंत कठिन हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि तालवा-ढोलकाटा पीडब्ल्यूडी पक्की सड़क से बरमसिया गांव स्थित पीसीसी सड़क तक का पूरा मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। सड़क पर स्टोन मेटल बिखर जाने, उबड़-खाबड़ सतह तथा जगह-जगह बने गड्ढों के कारण बाइक, साइकिल, ऑटो और टोटो का आवागमन काफी जोखिम भरा हो गया है। वहीं नंगे पांव चलने पर पैरों में चोट लगने का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आसपास के अनेक गांवों में नई सड़कों का निर्माण एवं पुनर्निर्माण कराया गया है, लेकिन उनके गांव की इस जर्जर सड़क की अब तक सुध नहीं ली गई है। ग्रामीणों ने विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी से मांग की है कि ढोलकाटा स्थित पक्की सड़क से बरमसिया गांव में मास्टर के पक्के मकान होते हुए गांव की पीसीसी सड़क तक क्षतिग्रस्त मार्ग पर नई पीसीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाने की पहल की जाए।

## डिजिटल लेबर चौक ऐप से श्रमिकों को मिलेगा घर बैठे रोजगार

**फ़िरोजाबाद –** श्रमिकों को सशक्त बनाने तथा उन्हें रोजगार की तलाश में भटकने से बचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 'डिजिटल लेबर चौक ऐप' की शुरुआत की गई है। अभियान के पहले ही दिन जनपद में 150 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म कुशल एवं अकुशल श्रमिकों को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। यह ऐप ओला-उबर की कार्यप्रणाली की तर्ज पर विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से श्रमिक केवल एक क्लिक पर नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद उन्हें सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे अब श्रमिकों को काम की तलाश में चौराहों पर खड़े होने या बिचौलियों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सहायक श्रमायुक्त यशवंत कुमार ने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता, संस्थान या उद्यमी को किसी भी प्रकार के श्रमिक की आवश्यकता है, तो वह ऐप पर अपनी मांग दर्ज कर सकता है। अधिकतम 48 घंटे के भीतर संबंधित श्रमिक उपलब्ध करा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से कुशल कारीगरों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने आगे बताया कि सरकार समय-समय पर श्रमिकों के कौशल विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराएगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। चंद्रशेखर मंडल द्वारा स्थापित इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर श्रमिकों के कार्य, वेतन एवं भुगतान से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी सुरक्षित रूप से उपलब्ध रहेगी। इस नई डिजिटल व्यवस्था से श्रमिकों की दैनिक आजीविका अधिक सुरक्षित होगी, उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा तथा रोजगार प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बन सकेगी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक

## बैठक में अधिकारियों को लगाई फटकार, लंबित परियोजनाएं जल्द पूरी करने के दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रांची, झारखंड:-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक देरी या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरे नहीं हुए तो संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों के दौरान सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज और पुल-पुलियों से संबंधित निर्माणाधीन एवं पूर्ण परियोजनाओं की विस्तृत प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने सभी परियोजनाओं की प्रगति का गहन अवलोकन करते हुए कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और कहा कि सभी योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**हर परियोजना का डेटाबेस और जियो-टैगिंग होगी अनिवार्य**

मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग को राज्य की सभी परियोजनाओं का अद्यतन एवं सुव्यवस्थित डेटाबेस तैयार करने तथा प्रत्येक परियोजना की जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर परियोजना की लागत, प्रगति, समय-सीमा और वर्तमान स्थिति का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध होना चाहिए, ताकि निगरानी प्रणाली अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सके। उन्होंने कहा कि जियो-टैगिंग से जवाबदेही बढ़ेगी और कार्यों की वास्तविक स्थिति की आसानी से समीक्षा की जा सकेगी।

**सोशल मीडिया और मीडिया में मिलने वाली शिकायतों पर तुरंत हो कार्रवाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लगातार सड़कों की खराब स्थिति, गड्ढों, जलजमाव और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करें और उनके समाधान का अद्यतन रिकॉर्ड भी तैयार रखें। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में खराब सड़कें दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं।

इसलिए गड्ढों की तत्काल मरम्मत, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा सड़कों की गुणवत्ता में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही संकीर्ण सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

**दो माह में प्रमुख परियोजनाएं पूरी करने का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन सड़क, फ्लाईओवर और पुल-पुलिया परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य जिलों में लंबित प्रमुख परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर अगले दो माह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरे नहीं किए गए तो संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**गुणवत्ता और नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर**

मुख्यमंत्री ने सोलर साइकिल ट्रैक सहित अन्य नई परियोजनाओं की भी समीक्षा की और सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, मजबूती और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुल-पुलियों के किनारों को मजबूत बनाने, जल निकासी की बेहतर व्यवस्था करने तथा प्रत्येक परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करने पर विशेष बल दिया। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख प्रवीण जयंत भेंगरा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# देर रात एसएसपी का औचक निरीक्षण

## अनुशासनहीनता पर सख्त रुख, मुस्तैद पुलिसकर्मियों की सराहना



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची,झारखंड:-** राजधानी रांची में कानून-व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने 14 जुलाई की देर रात एसपी नगर के साथ शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रात्रि गश्ती, सुरक्षा व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान हिंदपीढ़ी थाना में अनुशासनहीनता का मामला सामने आया। ओडी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी निर्धारित वर्दी में नहीं मिले, जबकि थाना प्रभारी अपने ही ओडी अधिकारी का नाम बताने में असमर्थ रहे। इस गंभीर लापरवाही को एसएसपी ने गंभीरता से लेते हुए हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। दूसरी ओर, जिन पुलिसकर्मियों ने पूरी सतर्कता, ईमानदारी और मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, उनकी एसएसपी ने खुलकर सराहना की। उन्होंने कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में अनुशासन, जवाबदेही और पेशेवर कार्यसंस्कृति सर्वोच्च प्राथमिकता है। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मान और प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला चार दिनों से लापता

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर थाना क्षेत्र के वैद्यनाथपुर गांव की 45 वर्षीय एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला पिछले चार-पांच दिनों से लापता है। काफी खोजबीन के बावजूद अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है, जिससे परिजन गहरी चिंता में हैं। मिली जानकारी के अनुसार, वैद्यनाथपुर निवासी बिट्टू किस्कू की पत्नी अचानक घर से कहीं चली गई और उसके बाद से वापस नहीं लौटी हैं। परिजनों ने आसपास के गांवों तथा रिश्तेदारों के यहां उनकी तलाश की, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। बिट्टू किस्कू ने बताया कि उनकी पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से महिला की जल्द से जल्द तलाश कर सुरक्षित बरामद करने की अपील की है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए खोज अभियान तेज करने की मांग की है, ताकि महिला का शीघ्र पता लगाकर उन्हें सकुशल परिजनों तक पहुंचाया जा सके।

## परिवार स्वास्थ्य मेला की सफलता को लेकर हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बीडीओ कमलेश कुमार दास की अध्यक्षता में परिवार स्वास्थ्य मेला की सफलता एवं स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारायणपुर में आयोजित होने वाले परिवार स्वास्थ्य मेला को अधिक प्रभावी एवं जनसहभागिता वाला बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि परिवार स्वास्थ्य मेला के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा। विशेष रूप से महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी, परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी उपायों तथा बच्चों के बीच उचित अंतराल रखने के प्रति लोगों को जागरूक करने पर बल दिया गया, ताकि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान जीरो डायरिया अभियान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस (ORS) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा डायरिया से पीड़ित मरीजों के उपचार की समुचित व्यवस्था रहे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया से बचाव, स्वच्छता एवं समय पर उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अंचलाधिकारी देवराज गुप्ता, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, बीपीओ अनामिका हांसदा, अखिलेश कुमार सिंह, सूर्यदेव कुमार, कविता कुमारी, दलगोविंद रजक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि परिवार स्वास्थ्य मेला एवं जीरो डायरिया अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयास से लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाएगा।

## कारगिल विजय दिवस पर हजारीबाग में होगा श्रद्धांजलि 2026 का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखण्ड:-** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि 2026 कार्यक्रम को लेकर बुधवार को शहीद स्मारक, हजारीबाग में एचओ एंटरटेनमेंट सांस्कृतिक टीम एवं भगवा ध्वज समिति की संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन देश के वीर शहीदों को समर्पित होगा और युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने का उद्देश्य रखता है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। 25 जुलाई 2026 को हजारीबाग नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 26 जुलाई 2026 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक परिसर में हवन, श्रद्धांजलि सभा, रचनात्मक नृत्य प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शहीद परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर उनके त्याग और बलिदान के प्रति समाज की कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एचओ एंटरटेनमेंट सांस्कृतिक टीम के रोहित वर्मा तथा भगवा ध्वज समिति के अध्यक्ष अनूप भाई ने कहा कि 'श्रद्धांजलि 2026' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने शहरवासियों, युवाओं, विद्यार्थियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की। प्रेस वार्ता में एचओ एंटरटेनमेंट सांस्कृतिक टीम की ओर से पवन, सौरभ, अख्तर, सनाया रॉय, भीम और कृष्णा उपस्थित रहे। वहीं भगवा ध्वज समिति की ओर से अध्यक्ष अनूप भाई, कोषाध्यक्ष अजित भास्कर, उपाध्यक्ष प्रदीप मेहता, केसर मलिक, प्रतिमा



कुमारी, भवंति देवी, ममता देवी और बबीता देवी मौजूद रहे। आयोजकों ने विश्वास जताया कि श्रद्धांजलि 2026 समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर जोड़ने वाला प्रेरणादायी और ऐतिहासिक आयोजन साबित होगा।

कार्यक्रम का संदेश वीरों को नमन, उनके बलिदान का सम्मान और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प' रखा गया है। आयोजन से संबंधित पंजीकरण एवं अन्य जानकारी के लिए इच्छुक लोग एचओ एंटरटेनमेंट सांस्कृतिक टीम के रोहित वर्मा तथा भगवा ध्वज समिति के अध्यक्ष अनूप भाई से संपर्क कर सकते हैं।

## किसान समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं किसानों की समस्याएं

### अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोजाबाद –** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान पहुंचे और अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक किसान की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। किसान समाधान दिवस में कृषि, मत्स्य, पशुपालन एवं सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा अन्य कृषि एवं वित्तीय सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। बैठक में किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने, अन्न (मिलेट्स) की खेती अपनाने तथा खाद-बीज के वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही पारंपरिक खेती के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन एवं बागवानी जैसे क्षेत्रों को अपनाकर किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई। समाधान दिवस के दौरान ब्लॉक अरांव, तहसील सिरसागंज के ग्राम मुस्तफाबाद निवासी बुजुर्ग किसान साहब सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि उनकी खतौनी में नाम की तकनीकी त्रुटि होने के कारण किसान रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें मक्का बेचने और खाद प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल त्रुटि दूर कर समस्या का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अन्य किसानों ने भी कृषि, सिंचाई, खाद, बिजली एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों का त्वरित



एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी किसान को कृषि या अन्य विभागों से संबंधित कोई समस्या हो तो वह किसान समाधान दिवस में सीधे आकर अपनी बात रखें। प्रशासन का प्रयास है कि जनपद के किसी भी अन्नदाता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की शिकायतों को लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का मौके पर सत्यापन कर पारदर्शी ढंग से समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि सत्येंद्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सोमेश गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोहरदगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोहरदगा, झारखंड:-** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिज़वी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा-लोहरदगा मुख्य मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले, जिन्हें रोककर तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अक्षत कुमार (21 वर्ष) एवं रोहित कुमार (24 वर्ष), दोनों निवासी चंदवा, जिला लातेहार, के रूप में हुई। पुलिस ने इनके पास से 17 ग्राम एवं 8 ग्राम, कुल 25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि दोनों आरोपी मादक पदार्थ



की खरीद-बिक्री के उद्देश्य से इसकी तस्करी कर रहे थे। इस मामले में कुडू थाना कांड संख्या 65/26 दर्ज करते हुए आरोपियों के विरुद्ध NDPS Act की धारा 17(b), 21(b), 22(b) एवं 29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा के नेतृत्व में कुडू थाना प्रभारी अजीत कुमार, सुजीत होरो तथा पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

लोहरदगा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बेहजम सहकारी समिति मैं खाद की किल्लत किसान परेशान पक्षपात के आरोप

**मितौली खीरी।** बेहजम सहकारी समिति में खाद की लगातार बनी हुई किल्लत को लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि दो से तीन माह बीत जाने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है, जबकि खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। समिति पर खाद लेने पहुंचे किसानों ने बताया कि वे कई बार समिति के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर वापस लौटा दिया जाता है कि सूची में उनका नाम दर्ज नहीं है। किसानों का आरोप है कि घंटों धूप में खड़े रहने और बार-बार आने के बावजूद उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। एक किसान ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर आरोप लगाया कि कुछ ग्राम प्रधानों और प्रभावशाली लोगों के दबाव में समिति पर बैठे कर्मचारी अपने चहेते लोगों के नाम सूची में दर्ज कर खाद का वितरण कर देते हैं। इसके कारण कई पात्र किसान खाद से वंचित रह जाते हैं और निराश होकर घर लौटने को मजबूर हैं।किसानों का यह भी कहना है कि उन्होंने इस मामले की शिकायत कई बार मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

## प्रेस क्लब संरक्षक राजू उपाध्याय का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला–** नगर के स्टेशन रोड स्थित होटल जेएस में बुधवार को टूण्डला प्रेस क्लब व प्रेस क्लब टूण्डला के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजू उपाध्याय का जन्मदिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि राजू उपाध्याय लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाज एवं जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में टूण्डला प्रेस क्लब ने पत्रकार हितों के संरक्षण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। वक्ताओं ने उनके पत्रकारिता जीवन, संगठन के प्रति समर्पण और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें पत्रकार समाज का प्रेरणास्रोत बताया। जन्मदिवस समारोह के दौरान होटल



परिसर में आत्मीय माहौल देखने को मिला। उपस्थित पत्रकारों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा केक काटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर प्रेस क्लब की मजबूती और पत्रकारों के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी लिया। समारोह में प्रेस क्लब संरक्षक पुनीत रावत, हेमंत उपाध्याय, अध्यक्ष राधेश्याम चौहान,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां, सीपी रावत, हितेंद्र यादव,सचिव अरुण रावत, कोषाध्यक्ष राष्ट्रदीप जैन,सह सचिव विवेक शर्मा, संजय शर्मा, संतोष शर्मा, उपेंद्र यादव,योगेंद्र सिंह,महेश ठेनुआ, अनिल शर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह, रामपाल सिंह, अंकित श्रोतीया, जाविद अली,सुनील गर्ग,अनुज रावत, गुलाब सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## सावन से पहले बदहाल सड़क बनी चिंता का विषय

**सिंगाही-खीरी।** ग्राम पंचायत भेडौरा के मजरा चिरकुआ को खैरीगढ़ रोड के माध्यम से कस्बा सिंगाही से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के चलते राहगीरों एवं वाहन चालकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पवित्र सावन माह में चिरकुवा से निकलने वाली कांवड़ यात्रा भी इसी मार्ग से होकर गुजरती है। ऐसे में सड़क की जर्जर हालत श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। पंडित कमल किशोर, विपिन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यदि सावन शुरू होने से पहले सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कांवड़ियों के साथ-साथ आम लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि जनहित को देखते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि कांवड़ यात्रा सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## श्रीभूमि जिले के आनिपुर में बेली ब्रिज का निर्माण चार महीने बाद भी अधूरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि :** असम श्रीभूमि जिले के आनिपुर में सिंगला नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर बनाए जा रहे वैकल्पिक बेली ब्रिज का निर्माण कार्य चार महीने बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार को लेकर नदी के दोनों किनारों पर रहने वाले हजारों लोगों में भारी नाराज़गी और असंतोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद राज्य के कैबिनेट मंत्री कृष्णेंदु पाल ने मौके का दौरा कर एक महीने के भीतर वैकल्पिक बेली ब्रिज तैयार कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन चार महीने बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा है, जिससे मंत्री के आश्वासन पर सवाल उठने लगे हैं। बेली ब्रिज समय पर तैयार नहीं होने के कारण स्कूली एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और आम नागरिकों को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही है। इसका सीधा असर शिक्षा, व्यापार तथा आवश्यक सेवाओं पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो वे व्यापक जनआंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। इधर, आनिपुर के साबू के सामने से गुजरने वाली महत्वपूर्ण सड़क भी लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। सड़क के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात के दौरान सड़क पर जलभराव और कीचड़ के कारण आवागमन बेहद कठिन हो जाता है, जिससे लोगों को रोज़ाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता और चुप्पी को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है। इसी सड़क से प्रतिदिन छात्र-छात्राएं, मरीज,



व्यापारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक आवागमन करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आनिपुर के बेली ब्रिज का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया जाए तथा साबू के सामने स्थित इस महत्वपूर्ण सड़क की तत्काल मरम्मत कर आम जनता को लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से राहत दिलाई जाए।

# काम में देरी पर सरकारी अफसरों पर जुर्माना

## नए कानून पर मुहर, समय पर काम नहीं किया तो रोज लगेगा 250 रुपये का जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सरकारी सेवाओं को तय समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराने और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में दिल्ली (नागरिकों का समयबद्ध व सुगम सेवा प्रदाय का अधिकार) विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी गई। यह विधेयक अब विधानसभा में पेश किया जाएगा। इसके लागू होने के बाद नागरिकों को अधिसूचित सरकारी सेवाएं निर्धारित समय के भीतर प्राप्त करना कानूनी अधिकार होगा। देरी होने पर संबंधित अधिकारी पर प्रतिदिन 250 रुपये के हिसाब से जुर्माना लगेगा जो अधिकतम 5,000 रुपये तक लगाया जा सकेगा।



**सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं होंगे कम**

सरकार के अनुसार नया कानून वर्ष 2011 के कानून का स्थान लेगा। इसमें पूरी सेवा प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जाएगा ताकि आवेदन से लेकर सेवा मिलने तक हर चरण की ऑनलाइन निगरानी हो सके। प्रत्येक आवेदन को एक विशिष्ट पहचान संख्या मिलेगी, जिससे नागरिक वास्तविक समय में अपनी फाइल की स्थिति देख सकेंगे। इससे सरकारी कार्यालयों के चक्कर कम होंगे और सेवा वितरण अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगा। विधेयक की सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्था ऑटोमैटिक एस्केलेशन है। यदि नामित अधिकारी तय समय सीमा में सेवा उपलब्ध नहीं कराता है तो नागरिक को अलग से अपील करने की जरूरत नहीं होगी। मामला स्वतः संबंधित नागरिक शिकायत निवारण प्राधिकारी के पास पहुंच जाएगा। यदि वहां भी निर्धारित समय में निर्णय नहीं होता है तो प्रकरण स्वतः दिल्ली सेवा का अधिकार आयोग के समक्ष पहुंच जाएगा। प्रत्येक विभाग में स्वतंत्र शिकायत निवारण प्राधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो सेवा में देरी, आवेदन अस्वीकार होने अथवा अन्य शिकायतों पर निर्णय देंगे। सामान्य परिस्थितियों में अपीलों का निस्तारण 30 दिनों के भीतर करने का प्रविधान रखा गया है। वहीं एक स्वतंत्र वैधानिक दिल्ली सेवा का अधिकार आयोग का गठन किया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष और सदस्य होंगे। आयोग द्वितीय अपीलों की सुनवाई करेगा, कानून के क्रियान्वयन की निगरानी करेगा, विभागों का निरीक्षण करेगा, लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की सिफारिश करेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर नई सेवाओं को भी इस कानून के दायरे में शामिल करने की अनुशंसा करेगा।

# डीएसजीएमसी चुनाव टालने की मांग पर हाईकोर्ट सख्त सरकार से मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के चुनाव 31 मार्च 2027 तक टालने की मांग पर तत्काल अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया है। शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता तथा याचिकाकर्ता सरदार गुरमीत सिंह शंटी ने न्यायालय के इस आदेश का स्वागत करते हुए इसे सिख संगत के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।गुरमीत सिंह शंटी ने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा अधिनियम, 1971 के अनुसार डीएसजीएमसी के चुनाव प्रत्येक चार वर्ष में कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद चुनाव कराने में हो रही देरी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने दिल्ली सरकार तथा गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय से यह स्पष्ट करने को कहा है कि 24 फरवरी 2026 से अब तक चुनाव कराने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं और चुनाव संपन्न कराने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है। शंटी ने कहा कि उनकी ओर से लगातार यह मुद्दा उठाया जाता रहा है कि डीएसजीएमसी चुनावों में अनावश्यक देरी लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत है। अब न्यायालय द्वारा सरकार से जवाब तलब किए जाने से यह स्पष्ट हो गया है कि चुनाव प्रक्रिया में विलंब को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने इस मामले को अग्रिम सूची के शीर्ष पाँच मामलों में शामिल किया है, जिससे इसकी गंभीरता का पता चलता है। साथ ही, अगली सुनवाई पर गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय के जिम्मेदार अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया में हुई प्रगति और देरी के कारणों की जानकारी न्यायालय को दी जा सके।शंटी ने कहा कि दिल्ली की सिख संगत निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध चुनाव चाहती है तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उमर खालिद को कोर्ट से बड़ी राहत, अब हफ्ते में दो बार परिवार से कर सकेंगे वीडियो कॉल पर बात

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद को परिवार से प्रति सप्ताह दो वीडियो मीटिंग (ई-मुलाकात) की अनुमति दे दी है। उनकी ओर से वकील ने दावा किया था कि मई 2026 से बिना किसी कारण इस सुविधा को घटाकर एक कर दिया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने पाया कि पिछले छह वर्षों से उमर खालिद जेल नियमों का उल्लंघन किए बिना इस सुविधा का लाभ उठा रहे थे। खालिद की याचिका पर 13 जुलाई को पारित आदेश में अदालत ने कहा, "चूंकि याचिकाकर्ता पिछले छह वर्षों से सप्ताह में दो ई-मुलाकात का उपयोग कर रहे हैं और दिल्ली जेल नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है, इसलिए उन्हें अपनी मां और अन्य परिवार के सदस्यों से बात करने के लिए सप्ताह में दो ई-मुलाकात की अनुमति दी जाती है।' खालिद के वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि जेल में बंद होने के बाद से उन्हें सप्ताह में दो ई-मुलाकात की अनुमति थी, लेकिन मई 2026 से इसे बिना किसी कारण एक कर दिया गया, जबकि उन्होंने जेल नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया था। जेल प्रशासन ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि लागू जेल नियमों के तहत खालिद को केवल एक ई-मुलाकात प्रति सप्ताह का अधिकार है।

### दिल्ली में यमुना में नहाते वक्त बहे चार किशोर, एक का शव बरामद

**दिल्ली।** अलीपुर थाना क्षेत्र में यमुना नदी में डूबे चार छात्रों में से एक राहुल का शव बरामद कर लिया गया। बाकी तीन अन्य छात्रों की तलाश में एनडीआरएफ, दमकल विभाग और बोट क्लब की टीमें लगातार यमुना में तलाशी अभियान चला रही हैं। बोट क्लब प्रभारी हरीश कुमार के अनुसार गोताखोरों की मदद से बुधवार को राहुल का शव बरामद किया गया। 15 साल का राहुल पिता सतीश और परिवार के अन्य सदस्य के साथ इब्राहिमपुर गांव में रहता था। कादीपुर के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाला राहुल दसवीं कक्षा का छात्र और एनसीसी कैडेट था। पुलिस का कहना है कि जब तक सभी छात्रों का पता नहीं चल जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा। ज्ञात हो रविवार शाम हिरंकी गांव के पास यमुना में नहाने के दौरान 10वीं के चारों किशोर तेज बहाव में बह गए थे। जिन बच्चों के शव नहीं मिले हैं , उनमें अंशु, सौरभ और अमनदीप शामिल हैं।

### कांवड़ यात्रा मार्ग पर चला बुलडोजर, शाहदरा में अतिक्रमण हटाया गया

**दिल्ली।** कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले बुधवार को प्रशासन ने पुलिस व निगम के साथ मिलक संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। यमुनापार में शाहदरा जीटी रोड प्रमुख कांवड़ मार्ग है। प्रशासन ने सीमापुरी गोलचक्कर से लेकर शाहदरा की लालबाग झुग्गियों तक बुलडोजर चलाया। सड़क से लेकर फुटपाथ से अतिक्रमण का सफाया किया। शाहदरा एसडीएम रीता कौशिक ने कहा कि पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभागों की ओर से शिकायत मिल रही थी कि कांवड़ मार्ग पर अतिक्रमण है। स्पेशल टास्क फोर्स की बैठक में मामले को लिया गया। पुलिस, निगम, यातायात पुलिस और पीडब्ल्यूडी को संयुक्त रूप से मिलकर कार्रवाई करने को कहा गया। यह मार्ग प्रमुख कांवड़ मार्ग है। हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री यहां से गुजरते हैं। उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो इसलिए कार्रवाई को अंजाम दिया गया। फुटपाथ पैदल यात्रियों के लिए होते हैं, लेकिन कई स्थानों पर उन पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। इन्हें हटाकर फुटपाथ को आम लोगों के उपयोग के लिए मुक्त कराया जा रहा है, ताकि पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। शाहदरा ट्रैफिक सर्कल संजय द्विवेदी की टीम ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने और कार्रवाई को सुचारु रूप से संचालित करने में अहम भूमिका निभाई।

### सीमापुरी में पुरानी रंजिश में ऑटो चालक पर चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती

**दिल्ली।** दिल्ली के सीमापुरी इलाके में पुरानी रंजिश में एक व्यक्ति पर तीन लोगों ने चाकू से वार करने का मामला सामने आया है। घायल हालत में राकेश को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। सीमापुरी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। राकेश अपने परिवार के साथ सीमापुरी क्षेत्र में रहता है। वह पेशे से ऑटो चालक है। पुलिस को दी गई शिकायत में उसने बताया कि इलाके में रहने वाले अनिल, श्याम व एक अन्य से उसकी रंजिश चल रही है। मंगलवार शाम को वह किसी काम से बाजार जा रहा था। रास्ते में तीनों आरोपितों ने उसे घेर लिया और चाकू से वार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया।

# फरीदकोट पुलिस ने घंटों में सुलझाया ब्लाइंड मर्डर केस

## हत्या में प्रयुक्त हथियार और चोरी की नकदी बरामद, वैज्ञानिक जांच से मिली सफलता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फरीदकोट-** फरीदकोट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और वैज्ञानिक जांच के दम पर एक ब्लाइंड मर्डर केस का कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार तथा चोरी की नकदी भी बरामद की है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष जांच टीमें गठित की गईं। शुरुआती दौर में कोई प्रत्यक्षदर्शी या ठोस सुराग नहीं होने के बावजूद पुलिस ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और खुफिया सूचनाओं के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। लगातार फील्ड ऑपरेशन और तकनीकी विश्लेषण के बाद पुलिस ने संदिग्ध की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया कटर और चाकू तथा चोरी की गई नकदी बरामद की गई, जिन्हें मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य माना जा रहा है। यह कार्रवाई एसपी (इन्वेस्टिगेशन) जे.एस. गोराया, डीएसपी अवतार राजपाल और सब-इंस्पेक्टर राजवंत सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। अधिकारियों के समन्वित प्रयासों और त्वरित कार्रवाई से जटिल मामले का शीघ्र खुलासा संभव हो सका। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जांच टीम की सराहना करते हुए कहा कि गंभीर अपराधों की जांच में आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक साक्ष्यों और प्रभावी पुलिसिंग का उपयोग लगातार बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों का शीघ्र खुलासा अपराधियों में कानून का भय पैदा करने और आम जनता का पुलिस पर विश्वास मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस के अनुसार, मामले की विस्तृत जांच अभी जारी है। घटना के सभी पहलुओं की जांच, घटनाक्रम की पुष्टि, संभावित अन्य आरोपियों की भूमिका तथा आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।

# किरायेदारों की जानकारी देना अब अनिवार्य

**नवांशहर-** जिला मजिस्ट्रेट गुलप्रीत सिंह औलख ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले में रहने वाले सभी मकान मालिकों, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य आवास संचालकों के लिए किरायेदारों, नौकरों, पेइंग गेस्ट एवं नेपाली लॉजर की जानकारी जिला एवं पुलिस प्रशासन को देना अनिवार्य कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, नगर परिषद, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र में रहने वाले सभी संबंधित व्यक्ति अपने यहां रहने वाले किरायेदार, नौकर या पेइंग गेस्ट का नाम, पिता का नाम, फोटो तथा आधार कार्ड सहित पूरी जानकारी आदेश जारी होने की तिथि से एक सप्ताह के भीतर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के निर्धारित ई-मेल पर उपलब्ध कराएंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि जिन मकान मालिकों ने अब तक अपने किरायेदारों या अन्य व्यक्तियों का सत्यापन नहीं कराया है, वे निर्धारित अवधि के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने बताया कि कई मामलों में आपराधिक, नशा तस्करी या असामाजिक गतिविधियों से जुड़े लोग किराए के मकानों में रहकर कानून-व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं। ऐसे मामलों की रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है।

# बीएसएनएल टीएसी बैठक में 4जी विस्तार और ग्रामीण कनेक्टिविटी पर मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के प्रधान महाप्रबंधक कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य मुहम्मद गुलाब सहित बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क विस्तार, एंटरप्राइज बिजनेस की संभावनाओं, फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) सेवाओं के विस्तार, मोबाइल कनेक्टिविटी तथा विभिन्न दूरसंचार योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। टीएसी सदस्य मुहम्मद गुलाब ने कहा कि बीएसएनएल की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना समय की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में 4जी सेवाओं, एफटीटीएच कनेक्टिविटी और सार्वजनिक वाई-फाई सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया का सपना तभी साकार होगा, जब गांवों तक भी गुणवत्तापूर्ण और तेज दूरसंचार सेवाएं पहुंचेंगी। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास तेज करने तथा बीएसएनएल की सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर भी बल दिया।

बैठक में समिति के सदस्यों ने हरियाणा टेलीकॉम सर्किल की नेटवर्क गुणवत्ता, उपभोक्ता संतुष्टि और सेवा सुधार से जुड़े विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से उपभोक्ताओं को तेज, विश्वसनीय और बेहतर दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बीएसएनएल लगातार कार्य कर रहा है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क इंटरनेट सुविधा, सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं के विस्तार और डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने पौंग डैम का किया दौरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पौंग डैम (तलवाड़ा)-** पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि राज्य में मानसून सीजन को लेकर सरकार द्वारा पूर्ण तैयारियां की गई हैं ताकि किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटा जा सके। मानसून सीजन के दौरान बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति से राज्य के लोगों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, कैबिनेट मंत्री ने भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार ने पूरे राज्य में लोगों की जान-माल, कृषि योग्य भूमि और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत निगरानी प्रणाली और सुरक्षा ढांचा तैयार किया है। उन्होंने पौंग डैम में पानी के स्तर का जायजा लेते हुए बताया कि डैम में पानी का स्तर 1322 फीट है, जो पिछले साल इसी दिन 1328 फीट था। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में पानी के स्तर में गिरावट दर्ज की गई है और राज्य में मानसून सीजन को लेकर प्रबंध पूर्ण रूप से अमल में लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने दोआबे में दो दिनों में विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत करने के अलावा मानसून सीजन के लिए तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब में बाढ़ सुरक्षा और ड्रेनेज प्रबंधन संबंधी किए जा रहे कार्यों में ड्रेनों की सफाई, बोल्डर स्टोन (बड़े पत्थरों से) और हाइब्रिड सुरक्षा कार्य, बांधों को ऊंचा व मजबूत करना, फ्लड कंट्रोल गेटों की कार्यक्षमता और संवेदनशील स्थानों पर ठोस बाढ़ रोकथाम प्रबंध शामिल हैं। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाए और नदियों, ड्रेनों, बांधों तथा बाढ़ सुरक्षा ढांचे की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि जहां भी कोई कमी नजर आए, वहां तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं ताकि मानसून के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि बाढ़ सुरक्षा कार्यों में 101 बोल्डर स्टोन और हाइब्रिड सुरक्षा कार्य, 17 बांधों को ऊंचा करना, 22 बांध मजबूत करना, 188 ड्रेनों की सफाई और पांच बाढ़ कंट्रोल गेट संचालन कार्य शामिल हैं, जिन पर लगभग 450 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। फील्ड अधिकारियों को मानसून सीजन के दौरान सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कैबिनेट मंत्री ने उन्हें बाढ़ वाली संवेदनशील जगहों पर 24 घंटे चौकसी रखने और हर इमरजेंसी स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कैप्शनः पंजाब के जल संसाधन मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल पौंग डैम के दौरे के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते हुए।



# चार सामाजिक संस्थाओं ने आंगनवाड़ी केंद्रों को भेंट किए 707 वाटर कूलर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** गर्मी के मौसम में आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चार सामाजिक संस्थाओं ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों को 707 वाटर कूलर भेंट किए हैं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और बेहतर सुविधाओं को बढ़ावा देना है। इस अभियान का नेतृत्व डू गुड फाउंडेशन ने किया, जिसने 557 वाटर कूलर उपलब्ध कराए। वहीं सिटीनीड्स, नर सेवा फाउंडेशन तथा भारत विकास परिषद विवेकानंद सेवा ट्रस्ट ने 50-50 वाटर कूलर दान देकर इस सामाजिक अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस पहल की विशेष बात यह रही कि डू गुड फाउंडेशन से जुड़े बच्चों ने भी धन संग्रह और जनसहभागिता के माध्यम से वाटर कूलर उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने उन्हें सम्मानित किया। उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर) की ओर से आदित्य पाहवा, राजवीर नंदा, रणवीर वर्मा, माहिरा पूथी, यशवी खुराना, अनाहिता अग्रवाल, शिवोम सचदेवा, आरव दादू, रूहान लाकड़ा, नायरा गुप्ता, अन्या गर्ग, जयवीर सिंह तथा आलिया गुप्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। वाटर कूलर स्थापित होने के बाद आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले हजारों बच्चों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार आने की उम्मीद है। यह पहल सामाजिक संगठनों, युवाओं और प्रशासन के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि सामूहिक सहभागिता से समाज के जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सकता है।

# व्यापारियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**बठिंडा-** डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान के निर्देश पर अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) गुरप्रीत सिंह थिंड की अध्यक्षता में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई। एडीसी गुरप्रीत सिंह थिंड ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर तत्काल कार्रवाई हो तथा शिकायतकर्ता को कार्रवाई की प्रत्येक चरण की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को का लाभ व्यापारी समुदाय तक पहुंचाने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पावरकॉम, पुलिस तथा स्थानीय निकाय विभाग से संबंधित कई शिकायतों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान कर पोर्टल पर रिकॉर्ड अपडेट कराया।

# श्रीभूमि की शिक्षिका संगीता नाथ बर्धन कैंसर की चौथी स्टेज में भी नहीं रुका शिक्षण कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लंबे समय से संघर्ष करने के बावजूद अपने कर्तव्य से एक पल के लिए भी पीछे नहीं हटीं असम श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर क्षेत्र स्थित 1155 नंबर फनाई-बागान हरिजन एल.पी. स्कूल की शिक्षिका संगीता नाथ बर्धन। कैंसर की चौथी स्टेज से पीड़ित होने के बाद भी नियमित उपचार और कीमोथेरेपी की शारीरिक पीड़ा सहते हुए वह विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य निरंतर जारी रखे हुए हैं। उनकी अदम्य इच्छाशक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की शिक्षक समाज के साथ-साथ आम लोगों ने भी सराहना की है। शारीरिक कष्ट और अनेक कठिन परिस्थितियों के बावजूद विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के प्रति उनका समर्पण एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। परिवार सूत्रों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों से उनका इलाज चल रहा है। लंबे समय तक चले उपचार के कारण परिवार की लगभग पूरी जमा पूंजी समाप्त हो चुकी है। चिकित्सा खर्च वहन करने के लिए बैंक से ऋण भी लेना पड़ा है। वर्तमान में हर महीने लगभग 95 हजार रुपये की ऋण किस्त के साथ-साथ इलाज का भारी खर्च उठाना परिवार के लिए बेहद कठिन हो गया है। हाल ही में यह मामला समाचार माध्यमों और सोशल मीडिया के जरिए सामने आने के बाद रामकृष्णनगर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार शिक्षिका के आवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने असम सरकार के मंत्री कौशिक राय और कृष्णेंदु पाल से भी इस विषय पर चर्चा की। दोनों ने शिक्षिका के बेहतर इलाज के लिए व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है। बताया गया है कि इस मामले को असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के संज्ञान में भी लाया गया है। सरकारी स्तर से भी संभावित सहायता का भरोसा दिया गया है। हालांकि बेहतर और उन्नत उपचार के लिए अभी भी बड़ी आर्थिक आवश्यकता है। ऐसे में शिक्षिका संगीता नाथ बर्धन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके परिवार, सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने समाज के सभी वर्गों के लोगों से मानवीय सहयोग की अपील की है। एक समर्पित शिक्षिका के जीवन संघर्ष में साथ खड़े होकर अपनी क्षमता के अनुसार सहायता का हाथ बढ़ाने के लिए सभी संवेदनशील लोगों से आगे आने का आह्वान किया गया है।



# हथियारबंद लुटेरा गिरफ्तार, तमंचा व चार मोबाइल बरामद

**लुधियाना-** पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना के थाना हैबोवाल अंतर्गत चौकी जगतपुरी पुलिस ने घातक हथियार दिखाकर लूटपाट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक देसी .315 बोर तमंचा, बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (जोन-3) देव सिंह (पीपीएस) तथा सहायक पुलिस आयुक्त (पश्चिम) जतिंदरपाल सिंह (पीपीएस) के निर्देशन में थाना प्रभारी कुलवंत कौर और चौकी प्रभारी सुखजिंदर सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना हैबोवाल में दर्ज मुकदमा संख्या 177, दिनांक 10 जुलाई 2025 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसके कब्जे से बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन तथा एक देसी .315 बोर तमंचा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके अन्य आपराधिक मामलों में शामिल होने की भी जांच की जा रही है। साथ ही उसे एक अन्य मामले में भी विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# रिश्वत लेते एएसआई रंगे हाथ गिरफ्तार

## महिला थाना संगरूर में तैनात आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला-** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महिला पुलिस थाना, पुलिस लाइंस संगरूर में तैनात एएसआई (लोकल रैंक) कमलजीत सिंह को 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई भवानीगढ़ (जिला संगरूर) निवासी एक शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए घरेलू विवाद से जुड़े मामले की जांच एएसआई कमलजीत सिंह कर रहे थे। जांच के दौरान आरोपी ने मामले में अनुकूल कार्रवाई और न्यायालय में चालान पेश करने के एवज में कुल 10,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। प्रवक्ता के अनुसार, शिकायतकर्ता आरोपी को पहले ही 3,000 रुपये दे चुका था, जबकि शेष 7,000 रुपये देने थे। रिश्वत की मांग से परेशान होकर उसने विजिलेंस ब्यूरो, रेंज पटियाला से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि होने के बाद विजिलेंस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी एएसआई को शिकायतकर्ता से 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। विजिलेंस ब्यूरो ने आरोपी के खिलाफ थाना विजिलेंस ब्यूरो, पटियाला में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (Prevention of Corruption Act) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, मामले की विस्तृत जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तीन वाहन चोर गिरफ्तार, आठ दोपहिया वाहन बरामद

**लुधियाना-** पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना ने वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह चोरी की मोटरसाइकिलें और दो एक्टिवा स्कूटी बरामद की हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (जोन-3) देव सिंह (पीपीएस) तथा सहायक पुलिस आयुक्त (सिविल लाइंस) सरबजीत सिंह चीमा (पीपीएस) के निर्देशन में थाना डिवीजन नंबर-5 की पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर हमराज सिंह चीमा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान को सफल बनाया। पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई 2026 को थाना डिवीजन नंबर-5 की टीम क्षेत्र में गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सुनील कुमार उर्फ सोनू, निवासी अब्दुल्लापुर बस्ती, अपने साथियों रोहित और अभिषेक के साथ चोरी की मोटरसाइकिलें बेचने के लिए मंजीत नगर की ओर जा रहा है।

# सेवानिवृत्ति प्रो. मंजूलता को दी गई भावभीनी विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी में बुधवार ( को संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्या प्रो. मंजू लता के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रो. शशि कपूर के संरक्षण एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रो. मंजू देवी को पुष्पगुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण कर व मोमेंटो इत्यादि भेंट कर उनका भव्य सम्मान किया। भावुक क्षण में विभिन्न प्राध्यापकों ने प्रो. मंजूलता के साथ बिताए गए सेवाकाल के अपने संस्मरण और अनुभवों को साझा किया। विदाई के इस पड़ाव पर प्रो. मंजू लता स्वयं भी बेहद भावुक हो गईं। उन्होंने



अपने लंबे जीवनकाल के शिक्षण कार्यों की आख्या (विवरण) प्रस्तुत करते हुए सहकर्मियों और छात्र-छात्राओं से मिले स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश ने प्रो. मंजू लता की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास और संस्कृत विभाग को ऊंचाइयों पर ले जाने में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनकी समर्पित सेवा हमेशा प्रेरणा देती रहेगी कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. जयराम त्रिपाठी द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो भास्कर शुक्ल द्वारा किया गया। समारोह में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने उनके दीर्घायु भविष्य की कामना की।

**भावुक क्षण में विभिन्न प्राध्यापकों ने प्रो. मंजूलता के साथ बिताए गए सेवाकाल के अपने संस्मरण और अनुभवों को साझा किया। विदाई के इस पड़ाव पर प्रो. मंजू लता स्वयं भी बेहद भावुक हो गईं। उन्होंने अपने लंबे जीवनकाल के शिक्षण कार्यों की आख्या (विवरण) प्रस्तुत करते हुए सहकर्मियों और छात्र-छात्राओं से मिले स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश ने प्रो. मंजू लता की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास और संस्कृत विभाग को ऊंचाइयों पर ले जाने में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा।**

# विकास के नए स्वरूप के साथ तैयार है फतेहपुर रेलवे स्टेशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** गंगा और यमुना जैसी पावन नदियों के मध्य स्थित फतेहपुर, प्रयागराज और कानपुर के बीच अपनी महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति के कारण लंबे समय से यात्रियों और व्यापारिक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र रहा है । यह स्टेशन उत्तर भारत के सबसे पुराने रेल खंड एवं प्रयागराज एवं कानपुर शहरों के मध्य स्थित प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक है, जिसका इतिहास वर्ष 1859 में इस रेलखंड के प्रारंभ होने से जुड़ा है। यह स्टेशन ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र की प्रारंभिक रेल सेवाओं में से एक के प्रस्थान स्थल के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। दिल्ली-हावड़ा मुख्य रेलमार्ग, जो भारत के सबसे व्यस्त एवं महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोरों में से एक है, पर स्थित यह स्टेशन आज भी लाखों यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में अपनी




सेवाएँ प्रदान कर रहा है। इसी ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व को नई पहचान देते हुए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत फतेहपुर रेलवे स्टेशन का लगभग ?32 करोड़ की लागत से व्यापक पुनर्विकास किया गया है। पुनर्विकसित स्टेशन अब केवल ट्रेनों के ठहरने का स्थान नहीं, बल्कि आधुनिक, सुरक्षित और यात्री-केंद्रित रेल यात्रा का नया अनुभव प्रस्तुत करता है। आकर्षक स्टेशन भवन, नया जी+1 द्वितीय प्रवेश, विशाल कॉन्कोर्स, आधुनिक प्रतीक्षालय, उन्नत टिकटिंग व्यवस्था, विकसित सर्कुलेटिंग एरिया, सुव्यवस्थित पार्किंग और पृथक प्रवेश-निकास मार्ग यात्रियों की आवाजाही को पहले से अधिक सहज और व्यवस्थित बनाते हैं। यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म संख्या-4 का निर्माण, प्लेटफॉर्मों का आधुनिकीकरण, नए शेल्टर, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, अतिरिक्त एफओबी तथा दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम अवसंरचना विकसित की गई है। आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुव्यवस्थित परिसर स्टेशन को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं। फतेहपुर रेलवे स्टेशन का यह नया स्वरूप केवल अवसंरचना का विस्तार नहीं, बल्कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को केंद्र में रखकर विकसित की गई एक नई सोच का प्रतीक है। यह स्टेशन क्षेत्र की बेहतर रेल संपर्क व्यवस्था को मजबूत करते हुए पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा।

# करछना में डिवाइडर से टकराई बस देखते ही देखते लगी भीषण आग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के धरवारा गांव के समीप बुधवार को एक यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के तुरंत बाद बस में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चालक की सूझबूझ और यात्रियों की तत्परता से सभी लोग समय रहते बस से बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डिवाइडर से टकराने के बाद बस के अगले हिस्से से धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। चालक ने तत्काल बस रोक दी, जिसके बाद यात्री किसी तरह बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही करछना थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस का अधिकांश हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था।

# प्रयागराज में इथेनॉल से भरे टैंकर में रिसाव, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनारस-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब 40 हजार लीटर से अधिक इथेनॉल लेकर जा रहे एक टैंकर में अचानक रिसाव शुरू हो गया। इथेनॉल अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड महकमा अलर्ट हो गया। चालक की सूझबूझ और त्वरित निर्णय के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार, टैंकर बनारस की ओर से कानपुर की दिशा में जा रहा था। इसी दौरान चालक को टैंकर से इथेनॉल का रिसाव होने का आभास हुआ। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उसने तत्काल हाईवे किनारे एक सुरक्षित और




खाली स्थान पर वाहन खड़ा कर दिया, जिससे आसपास के लोगों और यातायात को किसी प्रकार का खतरा न हो। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तुरंत हंडिया पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कराया। वहीं फायर ब्रिगेड की चार दमकल गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मियों ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए रिसाव पर काबू पाया और टैंकर को सुरक्षित करने की कार्रवाई शुरू की। समय रहते चालक की सतर्कता, स्थानीय लोगों की तत्पर सूचना और पुलिस व फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई के कारण एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।

# चम्पतपुर में चलाया वृक्षारोपण अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** हुडसा संस्था द्वारा चम्पतपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार मिश्र 'बबुआन' ने सभी नागरिकों से 'माँ के नाम एक पौधा' लगाने का आह्वान करते हुए



कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हुडसा के सचिव डॉ. मणि शंकर द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संकट सम्पूर्ण विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते वन क्षेत्र मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा हैं। इस अवसर पर पी.के. तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. गया प्रसाद गुप्त, सुमन्यु पाण्डेय, डॉ. अखिलेश द्विवेदी, डॉ. विक्रम शुक्ल, राकेश यादव, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, संजय पाल, योगेन्द्र मिश्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जॉर्जटाउन पुलिस ने न्यायालय के वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जॉर्जटाउन थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के के इन



अभियुक्त के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, अमानत में खयानत, धमकी सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# अधिवक्ताओं ने जिला कचहरी के बाहर, टायर जलाकर किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जिला कचहरी परिसर के बाहर बुधवार सुबह अधिवक्ताओं के एक समूह ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने सड़क पर टायरों में आग लगाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का आरोप था कि जार्जटाउन थाने में कुछ अधिवक्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है। उनका कहना था कि बिना निष्पक्ष जांच के मुकदमा दर्ज करना न्याय व्यवस्था और अधिवक्ता समाज की गरिमा के खिलाफ है।



अधिवक्ताओं ने संबंधित मुकदमा तत्काल वापस लेने और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता कचहरी के बाहर एकत्र हो गए। उन्होंने सड़क पर बैठकर नारेबाजी की और टायरों में आग लगाकर अपना आक्रोश जताया। इससे जिला कचहरी के आसपास यातायात प्रभावित हो गया और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए और निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर के बाहर शौच के दौरान युवक पर रॉड-लाठी से हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के सूरिया भीट (अरैल) में घर के बाहर शौच के दौरान एक युवक पर रॉड और लाठी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपी के खिलाफ नैनी थाने में तहरीर दी। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, सूरिया भीट निवासी सोनू भारतीय ने बताया कि 13 जुलाई 2026 की रात करीब 11 बजे उनका भाई शब्बू भारतीय घर के बाहर सड़क किनारे शौच के लिए गया था। इसी दौरान गांव का ही निवासी रजिन्दर भारतीय, पुत्र सोहन भारतीय, वहां पहुंचा और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए रॉड व लाठी से हमला कर दिया।

## अवैध कब्जों पर फिर चला बुलडोजर, नैनी गेट पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** बुधवार सुबह नैनी गेट क्षेत्र में प्रशासन ने एक बार फिर बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। अभियान के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर तैनात रहे। प्रशासन ने पूर्व में क्षेत्र के करीब 30 अवैध मकानों और निर्माणों को नोटिस जारी कर उन्हें निर्धारित समय के भीतर स्वयं हटाने के निर्देश दिए थे। समय सीमा समाप्त होने के बाद बुधवार को नोटिस के दायरे में आने वाले भवनों को बुलडोजर से ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान राजस्व, नगर निगम और पुलिस विभाग की



संयुक्त टीमें मौजूद रहीं। गौरतलब है कि बीते शनिवार को इसी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम का स्थानीय महिलाओं ने जमकर विरोध किया था। विरोध और हंगामे की स्थिति को देखते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया। पूरे क्षेत्र में पुलिस की कड़ी निगरानी रही, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# तहसील हंडिया में भ्रष्टाचार के विरोध में वकीलों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

**हंडिया (प्रयागराज)।** तहसील हंडिया में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत वकीलों ने तहसील परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला जड़ दिया और भ्रष्ट प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही तहसील के विभिन्न कार्यालयों का कार्य भी बंद करा दिया, जिससे सरकारी कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील में लंबे समय से भ्रष्टाचार, अनावश्यक देरी और आम जनता के कार्यों में बाधा जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं से अवगत कराया गया,



लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसी के विरोध में अधिवक्ताओं ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। प्रदर्शनकारियों ने 'भ्रष्ट प्रशासन मुर्दाबाद' और 'भ्रष्टाचार बंद करो' जैसे नारों के साथ तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान तहसील परिसर में स्थिति पर नजर रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस की मौजूदगी रही। हालांकि आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन अधिवक्ताओं ने साफ कर दिया कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# अधिवक्ता की शिकायत पर जार्जटाउन थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

## एडिशनल सीपी की कार्रवाई के बाद खुला चका जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** अधिवक्ता की शिकायत पर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए जार्जटाउन थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया। एडिशनल पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) अजय पाल शर्मा के इस निर्णय के बाद कचेहरी रोड पर अधिवक्ताओं द्वारा किया जा रहा चक्का जाम समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार, एक अधिवक्ता ने जार्जटाउन थानाध्यक्ष के व्यवहार और कार्यप्रणाली को लेकर उच्च पुलिस अधिकारियों से



शिकायत की थी। इस मामले को लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त था। विरोध स्वरूप बड़ी संख्या में अधिवक्ता कचेहरी रोड पर एकत्र हो गए और सड़क पर चक्का जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से वार्ता की। अधिवक्ताओं ने संबंधित थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा ने पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद जार्जटाउन थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने का आदेश दिया। वरिष्ठ अधिकारी की इस कार्रवाई के बाद अधिवक्ताओं ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया और कचेहरी रोड पर यातायात को सुचारु कराया गया। इसके बाद पुलिस ने जाम हटवाकर वाहनों का आवागमन सामान्य कराया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिविल लाइंस में अवैध निर्माण पर पीडीए की बड़ी कार्रवाई हाईकोर्ट के पास संचालित शराब व बीयर शॉप सील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** अवैध निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने सिविल लाइंस स्थित एमजी मार्ग पर हाईकोर्ट के समीप बिना स्वीकृति निर्मित भवन में संचालित शराब एवं बीयर शॉप को सील कर दिया। पीडीए की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भवन का निर्माण बिना प्राधिकरण की अनुमति के किया गया था, इसलिए उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के तहत यह कार्रवाई की गई है। पीडीए के अनुसार, भूखंड संख्या 57इ, भवन संख्या 20/4ए/1 (न्यू), एमजी मार्ग, सिविल लाइंस के स्वामी ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए भवन का




निर्माण कराया गया था। मामले में 29 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा 27(1) एवं 28(1) के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ निर्माण कार्य तत्काल रोकने के आदेश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्माण को नियमित नहीं कराया गया। बाद में 14 जुलाई 2025 को प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण का आदेश पारित करते हुए भवन स्वामी को 15 दिनों के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए थे। निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन नहीं किया गया, जिसके चलते पीडीए ने भवन को सील करने की कार्रवाई की। पीडीए अधिकारियों ने बताया कि भवन में शराब एवं बीयर की दुकान संचालित होने के कारण उसे अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराने के लिए जिला आबकारी विभाग को कई बार पत्र और अनुस्मारक भेजे गए थे। भवन स्वामी और संबंधित विभाग को पर्याप्त समय दिए जाने के बावजूद दुकान का स्थानांतरण नहीं कराया गया। इसके बाद प्राधिकरण ने नियमानुसार भवन को सील कर दिया।

**अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भवन का निर्माण बिना प्राधिकरण की अनुमति के किया गया था, इसलिए उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के तहत यह कार्रवाई की गई है। पीडीए के अनुसार, भूखंड संख्या 57इ, भवन संख्या 20/4ए/1 (न्यू), एमजी मार्ग, सिविल लाइंस के स्वामी ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए भवन का निर्माण कराया गया था। मामले में 29 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा 27(1) एवं 28(1) के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ निर्माण कार्य तत्काल रोकने के आदेश दिए गए थे।**

# खुल्दाबाद पुलिस ने चोरी के मामले का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का एक माइक्रोटेक कंपनी का इन्वर्टर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थाना खुल्दाबाद में पंजीकृत मु.अ.सं. 65/2026 धारा 331(2), 305(ए) एवं 317(2) बीएनएस के तहत दर्ज चोरी के मामले की जांच के दौरान दो आरोपियों की संलिप्तता प्रकाश में आई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मंगलवार को घनश्याम नगर, लूकरगंज स्थित पानी की टंकी के पास छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीण यादव (24 वर्ष) पुत्र रोशन लाल यादव निवासी मकान संख्या 131, चकनिरातुल,




थाना खुल्दाबाद तथा मोनू तिवारी (23 वर्ष) पुत्र अमकु तिवारी निवासी चकनिरातुल, थाना खुल्दाबाद, प्रयागराज के रूप में हुई है।

तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया माइक्रोटेक कंपनी का एक इन्वर्टर बरामद किया, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर साक्ष्य के रूप में सुरक्षित कर लिया है। पूछताछ में पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और चोरी की अन्य घटनाओं में संभावित संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

# रूसी तेल खरीद पर भारत-चीन समेत पांच देशों पर 100% शुल्क का अमेरिकी प्रस्ताव

**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका की सीनेट में रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने ऐसा विधेयक पेश किया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने वाले भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस पहल का उद्देश्य रूस की ऊर्जा निर्यात से होने वाली आय को कम करना और यूक्रेन युद्ध के बीच मॉस्को पर आर्थिक दबाव बढ़ाना बताया गया है। यह विधेयक रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम की पहल पर तैयार किया गया था। हालांकि हाल ही में उनके निधन के बाद इसे अमेरिकी संसद परिसर 'कैपिटल हिल' में आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप पेश किया गया। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों दलों के सांसदों ने इसे ग्राहम के राजनीतिक जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक बताया। डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने संवाददाताओं से कहा कि यह केवल



शुल्क बढ़ाने का विधेयक नहीं है, बल्कि रूस की अर्थव्यवस्था के ऊर्जा, वित्तीय और रक्षा क्षेत्रों पर व्यापक आर्थिक प्रतिबंध लगाने की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 100 प्रतिशत शुल्क केवल उन पांच देशों पर लागू होगा, जो वर्तमान में रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार हैं। इनमें भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान शामिल हैं। ब्लूमेंथल ने स्पष्ट किया कि इस विधेयक का उद्देश्य व्यापक व्यापारिक प्रतिबंध लगाना नहीं, बल्कि रूस के ऊर्जा निर्यात से होने वाली आय को सीमित करना है, जिससे यूक्रेन युद्ध के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता पर असर पड़े। विधेयक में रूस से सीमित मात्रा में तेल और गैस खरीदने वाले 15 यूरोपीय देशों को प्रस्तावित शुल्क से छूट देने का प्रावधान भी किया गया है। अमेरिकी सांसदों का तर्क है कि इन देशों की रूस पर ऊर्जा निर्भरता लगातार कम हो रही है और उनकी खरीद उनकी कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का बहुत छोटा हिस्सा है। इसलिए उन्हें इस दायरे से बाहर रखा गया है। जानकारी के अनुसार, इस विधेयक के शुरुआती मसौदे में रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव था। बाद में सहयोगी देशों और व्यापारिक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए इसे संशोधित कर अधिकतम 100 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया। साथ ही राष्ट्रपति को छूट देने का अधिकार भी बेहद सीमित रखा गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह विधेयक पारित हो जाता है तो यह पहली बार होगा जब अमेरिकी कांग्रेस किसी तीसरे देश के युद्ध प्रयासों को आर्थिक सहयोग देने वाले देशों पर दबाव बनाने के लिए आयात शुल्क को भू-राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करेगी। अब तक अमेरिका मुख्य रूप से प्रत्यक्ष आर्थिक प्रतिबंधों और वित्तीय पाबंदियों का सहारा लेता रहा है, लेकिन यह प्रस्ताव शुल्क नीति को भी विदेश नीति के प्रभावी साधन के रूप में स्थापित कर सकता है। भारत रूस से रियायती दरों पर बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करता है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रूसी तेल की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि की है। यदि यह विधेयक कानून बनता है और भारत पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लागू किया जाता है, तो अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों पर इसका प्रभाव पड़ सकता है।

# दारा सिंह की रिहाई पर 15 अगस्त तक फैसला ले ओडिशा सरकार : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राहम स्टेन्स और उनके दो नाबालिग बेटों की हत्या के दोषी रवींद्र पाल उर्फ दारा सिंह की समयपूर्व रिहाई (रिमिशन) की याचिका पर ओडिशा सरकार को 15 अगस्त तक निर्णय लेने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने छत्तीसगढ़ के जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) घोटाले के आरोपी एवं कथित सरगना सतपाल सिंह छाबड़ा को जमानत प्रदान कर दी। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार की सजा समीक्षा समिति आवश्यक अभिलेख प्राप्त होने के बाद एक माह के भीतर दारा सिंह की समयपूर्व रिहाई के आवेदन पर निर्णय ले। मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को निर्धारित की गई है। दारा सिंह ने वर्ष 2024 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था कि वह 24 वर्ष से अधिक समय से जेल में है और अपने कृत्य पर पछतावा व्यक्त करते हुए समाज सेवा करना चाहता है। उसने ओडिशा सरकार की वर्ष 2022 की समयपूर्व रिहाई नीति के तहत अपने मामले पर विचार किए जाने की मांग




की है। गौरतलब है कि 23 जनवरी 1999 की रात ओडिशा के क्योंझर जिले के मनोहरपुर गांव में दारा सिंह के नेतृत्व में एक भीड़ ने ऑस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राहम स्टेन्स और उनके आठ व 11 वर्षीय दो पुत्रों को उनकी गाड़ी समेत जिंदा जला दिया था। इस जघन्य घटना में दारा सिंह को पहले फांसी की सजा सुनाई गई थी, जिसे बाद में उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास में बदल दिया था। इसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) घोटाले के आरोपी एवं कथित सरगना सतपाल सिंह छाबड़ा को जमानत दे दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी। मोहना की पीठ ने यह आदेश पारित किया। सुनवाई के दौरान छाबड़ा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोएब आलम ने अदालत को बताया कि इस मामले में कई सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। इनमें छत्तीसगढ़ कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टूटेजा भी शामिल हैं। इस आधार पर अदालत ने छाबड़ा को भी जमानत देने का निर्णय लिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि छाबड़ा ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के अनुसार जमानत बांड दाखिल करेगा। ट्रायल कोर्ट आवश्यक समझे जाने पर अतिरिक्त शर्तें भी लगा सकेगा। प्रवर्तन एजेंसियों के अनुसार, सतपाल सिंह छाबड़ा पर डीएमएफ के तहत ठेके दिलाने के बदले करीब पांच करोड़ रुपये की अवैध रिश्वत लेने का आरोप है। डीएमएफ निधि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास और स्थानीय लोगों के कल्याण के लिए किया जाता है। जांच एजेंसियों का आरोप है कि इस निधि में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। इससे पहले मई 2026 में इसी मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टूटेजा को भी सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

# 'जुरासिक पार्क' के स्टार सैम नील का 78 वर्ष की उम्र में निधन

## न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों ने जताया शोक, विश्व सिनेमा ने खोया महान अभिनेता

हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'जुरासिक पार्क' और चर्चित सीरीज 'पीकी ब्लाइंडर्स' से दुनियाभर में पहचान बनाने वाले न्यूजीलैंड के दिग्गज अभिनेता सैम नील का सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से वैश्विक फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें सिनेमा जगत की महान हस्ती बताया। सैम नील के परिवार ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से निधन की पुष्टि की। परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उनका निधन अचानक हुआ, हालांकि यह राहत की बात रही कि वह अपने जीवन के अंतिम समय में कैंसर से मुक्त थे। परिवार ने बताया कि सैम नील अपने परिजनों के बीच शांतिपूर्वक विदा हुए और सेंट विंसेंट प्राइवेट हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का उनकी देखभाल के लिए आभार व्यक्त किया। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि



सैम नील उन महान कलाकारों में थे जिन्होंने उस दौर में अभिनय की शुरुआत की, जब न्यूजीलैंड का फिल्म उद्योग शुरुआती अवस्था में था। उन्होंने पांच दशक से अधिक समय तक देश की कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाया और न्यूजीलैंड की फिल्म इंडस्ट्री को विश्वभर में पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि सैम नील ने अनेक यादगार ऑस्ट्रेलियाई फिल्मों में काम कर लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उन्होंने बीमारी का सामना भी उसी गरिमा, साहस और सकारात्मकता के साथ किया, जो उनके अभिनय की पहचान रही। सैम नील लंबे समय से ब्लड कैंसर के एक दुर्लभ और आक्रामक प्रकार से जूझ रहे थे। हालांकि, इसी वर्ष अप्रैल में उन्होंने सार्वजनिक रूप से बताया था कि वह कैंसर से मुक्त हो चुके हैं। इसके बावजूद सोमवार को उनके निधन की खबर ने प्रशंसकों और फिल्म जगत को स्तब्ध कर दिया। परिवार ने अपील की है कि इस कठिन समय में उनकी निजता का सम्मान किया जाए। साथ ही कहा गया है कि अंतिम संस्कार और अन्य कार्यक्रमों की जानकारी बाद में साझा की जाएगी। 14 सितंबर 1947 को उत्तरी आयरलैंड में जन्मे सैम नील ने अपने करियर की शुरुआत अभिनय से पहले न्यूजीलैंड नेशनल फिल्म यूनिट में निर्देशक, संपादक और पटकथा लेखक के रूप में की थी। लगभग छह वर्षों तक पर्दे के पीछे काम करने के बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। वर्ष 1977 में रिलीज हुई न्यूजीलैंड की फिल्म 'स्लीपिंग डॉग्स' से उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। इसके बाद 1979 में ऑस्ट्रेलियाई फिल्म 'माई ब्रिलियंट करियर' में उनके अभिनय को भी काफी सराहना मिली और वह एक रोमांटिक अभिनेता के रूप में स्थापित हुए।

# मैं वहीं हूं, जहां मुझे होना चाहिए : अंजना सुखानी



बॉलीवुड अभिनेत्री अंजना सुखानी ने कहा है कि वह अपने करियर से संतुष्ट हैं और उन्हें लगता है कि आज वह वहीं हैं, जहां उन्हें होना चाहिए। अपनी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने सफर, इम्तियाज अली के साथ काम करने के अनुभव और बदलते सिनेमा पर खुलकर बात की। आईएएनएस से बातचीत में अंजना ने कहा कि 'मैं वापस आऊंगा' उनके करियर की बेहद खास फिल्मों में से एक है, क्योंकि इस फिल्म से निर्देशक इम्तियाज अली का नाम जुड़ा है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के कलाकार उनके साथ काम करने का सपना देखते हैं और उन्हें इस फिल्म का हिस्सा बनने का अवसर मिला, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। अंजना ने फिल्म में अपने सह-कलाकार नसीरुद्दीन शाह और दिलजीत दोसांझ के साथ काम करने के अनुभव को भी याद किया। उन्होंने कहा कि नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करना किसी अभिनय की मास्टरक्लास से कम नहीं है और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। फिल्म के युवा कलाकार वेदांग रैना और शरवरी की सराहना करते हुए अंजना ने कहा कि दोनों बेहद प्रतिभाशाली हैं। हालांकि फिल्म में उनके साथ उनके ज्यादा दृश्य नहीं हैं, लेकिन शूटिंग और प्रमोशन के दौरान हुई मुलाकातों ने उन्हें काफी प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि दोनों कलाकार फिल्म में नई ऊर्जा लेकर आए हैं। फिल्म इंडस्ट्री में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की बढ़ती भूमिका पर अंजना ने कहा कि समय के साथ मनोरंजन जगत में काफी बदलाव आया है। पहले मॉडल फिल्मों में आते थे और अभिनेता मॉडलिंग करते थे, जबकि अब सोशल मीडिया से जुड़े प्रतिभाशाली लोग भी अभिनय की दुनिया में अपनी जगह बना रहे हैं। उनके अनुसार, यदि किसी में अभिनय की क्षमता है तो उसे अवसर जरूर मिलना चाहिए। मल्टीस्टारर फिल्मों के बढ़ते चलन पर उन्होंने कहा कि किसी फिल्म की सफलता सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। फिल्म छोटी हो या बड़ी, उसमें कितने कलाकार हों, इससे ज्यादा जरूरी यह है कि दर्शक उसे पसंद करें। उन्होंने कहा कि एक सफल फिल्म से केवल कलाकार ही नहीं, बल्कि तकनीशियन, स्पॉट बॉय, लाइटिंग टीम और पूरी प्रोडक्शन यूनिट को रोजगार मिलता है। उन्होंने दर्शकों से अपील की कि वे फिल्मों को सिनेमाघरों में जाकर देखें और भारतीय सिनेमा का समर्थन करें।

अंजना ने महानायक अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के अनुभव को अपने करियर का यादगार पल बताया। उन्होंने कहा कि पहले उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ एक विज्ञापन में काम करने का अवसर मिला और बाद में राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'डिपार्टमेंट' में भी उनके साथ स्क्रीन साझा करने का मौका मिला। उन्होंने इसे अपने करियर की बड़ी उपलब्धियों में शामिल बताया। हिंदी और दक्षिण भारतीय सिनेमा के बीच अंतर पर अंजना ने कहा कि दोनों की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। हिंदी फिल्में पूरे देश के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, जबकि क्षेत्रीय सिनेमा अपनी भाषा और संस्कृति से गहराई से जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और कलाकारों के लिए अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम करना एक सकारात्मक अवसर है।

**नई फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को बताया खास, बोलीं- इम्तियाज अली और अमिताभ बच्चन के साथ काम करना सौभाग्य**

# प्रयागराज में भूमि घोटाले का खुलासा, निजी कंपनी समेत 19 पर कार्रवाई

**ब्यूरो प्रयागराज(एजेंसी)।** प्रयागराज में करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन पर फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। यमुनानगर जोन के लालापुर थाना क्षेत्र स्थित गोल्हैया गांव में पहाड़ की सार्वजनिक भूमि को कथित तौर पर फर्जी तरीके से निजी लोगों के नाम दर्ज कराकर उसकी अवैध खरीद-फरोख्त की गई। मामले का खुलासा होने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। शासन स्तर पर शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई, जिसके बाद करीब 83 बीघा भूमि को दोबारा तहसील बारा के सरकारी खाते में दर्ज कर दिया गया। इस जमीन की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। मामले में लेखपाल प्राची सिंह परिहार की तहरीर पर लालापुर थाने में 19 लोगों और एक निजी कंपनी के खिलाफ



एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में शंकर लाल पांडेय, राजनाथ, बृजेश नाथ, उमेश नाथ, रेखा तिवारी, कमलेश तिवारी, रत्नेश तिवारी, प्रभात कुमार, रामदेव, सुखदेव, जयदेव, जगदेव, सचिन, पीयूष, अनीता, नीरज कुमार कुशवाहा, आनंद कुमार मिश्र, पूनम आनंद मिश्रा शामिल हैं। वहीं, साथ एके ड्रीम सिटी प्राइवेट लिमिटेड का नाम भी है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ लालापुर थाने में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 336(3), 318(4), 61(2), 340(2) और 338 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सरकारी भूमि को पहले फर्जी तरीके से निजी खातेदारों के नाम दर्ज कराया गया और बाद में उसकी अवैध बिक्री भी की गई। वहीं, प्रशासन का कहना है कि भूमि घोटाला मामले की गहन जांच की जा रही है। यदि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे प्रकरण में एक निजी कंपनी की कथित संलिप्तता सामने आने से मामला और गंभीर हो गया है। साथ ही खुलासे के बाद प्रशासनिक महकमे में भी हलचल मची है।

**मामले का खुलासा होने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। शासन स्तर पर शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई, जिसके बाद करीब 83 बीघा भूमि को दोबारा तहसील बारा के सरकारी खाते में दर्ज कर दिया गया। इस जमीन की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। मामले में लेखपाल प्राची सिंह परिहार की तहरीर पर लालापुर थाने में 19 लोगों और एक निजी कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में शंकर लाल पांडेय, राजनाथ, बृजेश नाथ, उमेश नाथ, रेखा तिवारी, कमलेश तिवारी, रत्नेश तिवारी, प्रभात कुमार, रामदेव, सुखदेव, जयदेव, जगदेव, सचिन, पीयूष, अनीता, नीरज कुमार कुशवाहा, आनंद कुमार मिश्र, पूनम आनंद मिश्रा शामिल हैं।**

# वरुणा नदी किनारे 10,998 करोड़ का एलिवेटेड कॉरिडोर मंजूर, वाराणसी की ट्रैफिक समस्या होगी दूर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 10,998.32 करोड़ रुपये की लागत वाली महत्वाकांक्षी एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) के तहत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा विकसित की जाएगी। परियोजना के तहत वरुणा नदी के किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग-31 (एनएच-31) और वाराणसी रिंग रोड को जोड़ने वाला 43.218 किलोमीटर लंबा 6/4 लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसमें मुख्य कैरिजवे, फ्लाईओवर, लूप, रैंप और सर्विस रोड का निर्माण भी



शामिल है। परियोजना की कुल लागत में 4,565.33 करोड़ रुपये सिविल निर्माण तथा 934.91 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण पर खर्च किए जाएंगे। यह कॉरिडोर वाराणसी डीकंजेशन प्लान का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। परियोजना के पूरा होने पर एनएच-31 से काशी रेलवे स्टेशन तक यात्रा का समय लगभग 40 मिनट से घटकर 20 मिनट रह जाएगा। 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन गति वाले इस कॉरिडोर से सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, ईंधन की बचत होगी और यातायात अधिक सुगम एवं निर्बाध हो सकेगा। इस परियोजना से वाराणसी रिंग रोड, लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, काशी रेलवे स्टेशन, वाराणसी जंक्शन, वाराणसी सिटी स्टेशन, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, रामनगर पोर्ट, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय तथा विश्वप्रसिद्ध गंगा घाटों तक पहुंच और बेहतर होगी। साथ ही चंदौली क्षेत्र से भी बेहतर संपर्क स्थापित होगा। कॉरिडोर से चंदौली सोशल इकोनॉमिक जोन, छह प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे कृषि उत्पादों, औद्योगिक सामान, निर्माण सामग्री और खनिजों के परिवहन में तेजी आएगी तथा लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी। परियोजना पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत मल्टीमॉडल परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती देगी।

# बांदा में चकबंदी प्रक्रिया के खिलाफ किसानों का उग्र आंदोलन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बांदा।** जनपद बांदा में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के नेतृत्व में किसानों ने चकबंदी विभाग में कथित भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और फर्जी रिपोर्टों के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान जवाहर भवन-इंदिरा भवन परिसर में दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरने पर डटे रहे। जेडीयू की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में चकबंदी आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम अमलीकोर सहित कई गांवों में चक सीमांकन का कार्य पूर्ण किए बिना ही शासन को कार्य पूरा होने की सूचना भेज दी गई। किसानों का कहना है कि मौके पर केवल लगभग 40 प्रतिशत कार्य ही हुआ है,



जबकि विभागीय अभिलेखों में इसे पूर्ण दर्शाया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। किसानों ने यह भी मांग उठाई कि पहले से गठित जांच समितियों की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। धरने पर बैठे किसानों का आरोप है कि चकबंदी प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है और किसानों के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि पारदर्शिता और निष्पक्षता के अभाव में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। धरने में राघवेंद्र सिंह, अर्पित सिंह, अवधेश तिवारी, राहुल द्विवेदी, नवरत्न सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा क्रमिक अनशन और अन्य लोकतांत्रिक विरोध कार्यक्रम जारी रहेंगे। अब सभी की निगाहें प्रशासन और चकबंदी विभाग पर टिकी हैं कि किसानों की इन गंभीर शिकायतों पर क्या कार्रवाई की जाती है और उनकी मांगों के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# खान सर को कोचिंग फायरिंग मामले में जमानत, दोनों बॉडीगार्ड भी बेल पर रिहा

**प्रयागराज/पटना।** चर्चित कोचिंग फायरिंग मामले में जिला अदालत ने खान ग्लोबल स्टडीज (केजीएस) के संचालक फैजल खान उर्फ खान सर और उनके दोनों बॉडीगार्ड को जमानत दे दी है। अदालत ने पूर्व में फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे सोमवार को सुनाते हुए सभी आरोपियों को राहत प्रदान की। इससे पहले जिला जज के अवकाश पर होने के कारण आदेश जारी नहीं हो सका था। यह मामला 2 जून की रात मुसल्लहपुर हाट स्थित दो प्रमुख कोचिंग संस्थानों के बीच हुए विवाद से जुड़ा है। एक पक्ष खान ग्लोबल स्टडीज के संचालक फैजल खान हैं, जबकि दूसरे पक्ष में ज्ञान बिंदु जीएस अकादमी के निदेशक रौशन आनंद हैं। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। घटना की रात खान सर ने आरोप लगाया था कि रौशन आनंद के समर्थकों ने उनके



कोचिंग संस्थान पर हमला किया, तोड़फोड़, पथराव और फायरिंग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रौशन आनंद को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि बाद में सामने आए एक वीडियो के आधार पर जांच की दिशा बदल गई। पुलिस का दावा है कि खान सर के बॉडीगार्ड की ओर से भी गोली चलाई गई थी। इसके बाद दोनों बॉडीगार्ड गिरफ्तार किए गए और फैजल खान के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई। फैजल खान ने गिरफ्तारी से राहत के लिए अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी, जिस पर अदालत ने पहले ही उनके खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। अब जिला अदालत ने नियमित जमानत देते हुए उन्हें भी राहत प्रदान कर दी है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सह-आरोपी रौशन आनंद को पहले ही जमानत मिल चुकी है। वहीं उनके भाई प्रिंस यादव की नेपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत भी इस विवाद को लेकर चर्चा में रही। फिलहाल फायरिंग प्रकरण की सुनवाई न्यायालय में जारी है।

**इससे पहले जिला जज के अवकाश पर होने के कारण आदेश जारी नहीं हो सका था। यह मामला 2 जून की रात मुसल्लहपुर हाट स्थित दो प्रमुख कोचिंग संस्थानों के बीच हुए विवाद से जुड़ा है। एक पक्ष खान ग्लोबल स्टडीज के संचालक फैजल खान हैं, जबकि दूसरे पक्ष में ज्ञान बिंदु जीएस अकादमी के निदेशक रौशन आनंद हैं। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। घटना की रात खान सर ने आरोप लगाया था कि रौशन आनंद के समर्थकों ने उनके कोचिंग संस्थान पर हमला किया, तोड़फोड़, पथराव और फायरिंग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रौशन आनंद को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि बाद में सामने आए एक वीडियो के आधार पर जांच की दिशा बदल गई।**